TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 26 अंक 236
सोमवार 23 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 32°C
न्यूनतम 27°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# इरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका का हमला


## इजराइल पर ईरान का वार, ईरान का पलटवार
## पलटवार करने पर और बड़े हमले: ट्रंप

**तेल अवीव, 22 जून।** इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव में अमेरिका की एंट्री से स्थिति और बिगड़ती दिख रही है। ईरान के परमाणु संयंत्रों पर शनिवार रात अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने पलटवार करते हुए तेल अवीव और हाइफा जैसे इजरायल के दस ठिकानों को निशाना बनाया। जिसमें कम-से-कम 86 लोग घायल हुए। ईरानी हमलों को देखते हुए इजरायली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजरायल के एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

रविवार सुबह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर पर अप्रत्याशित हमले के बारे में दुनिया को बताया। ट्रंप ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि फोर्दो, नतांज और इस्फहान समेत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमलों को अंजाम दिया गया और सभी अमेरिकी विमान अब ईरान के वायु क्षेत्र से बाहर हैं। ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिका का यह हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ।

### तबाही
- ताकत के माध्यम से शांति: नेतन्याहू
- ईरान के पास सभी विकल्प खुले : विदेश मंत्री अरागची अमेरिका की एंट्री से इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव की स्थिति और बिगड़ी

जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े होंगे। जिसके बाद इजराइल ने अमेरिका की खुली सराहना की। दी टाइम्स आफ इजराइल के मुताबिक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार सुबह ईरानी परमाणु



प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'ताकत के माध्यम से शांति' लाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ?राष्ट्रपति ट्रंप और मैं अक्सर कहते हैं कि ताकत के माध्यम से शांति। पहले ताकत आती है, फिर शांति आती है। आज रात, राष्ट्रपति ट्रंप और संयुक्त राज्य अमेरिका ने बहुत ताकत के साथ काम किया। ईरान ने अपने तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले की निंदा करते हुए इसे यूएन चार्टर का उल्लंघन बताया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर

### मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से टेलीफोन पर बातचीत की

**नयी दिल्ली, 22 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान इजरायल संघर्ष में अमेरिका के हमले के बाद रविवार की दोपहर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से टेलीफोन पर बात की और संघर्ष के बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया । मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। हमने वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल की वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को शीघ्र बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद एवं कूटनीति के हमारे आह्वान को दोहराया।

संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और एनपीटी का गंभीर ■ शेष पेज 11 पर

# भाजपा से महिलाएं बना रही दूरियां : अखिलेश

**लखनऊ, 22 जून (तरुणमित्र)।** सरकार (भाजपा) के आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा उत्पीड़न, अन्याय किसी के ऊपर हो रहा है तो महिलाओं के ऊपर हो रहा है, इस सरकार में। इधर देखने को मिला है कि सबसे ज्यादा असुरक्षित माहौल महिलाओं, बेटियों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बन गया है। झूठे वादों के चलते भाजपा से महिलाएं दूरियां बना रही हैं। यह जुबानी हमला समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार पर किया। वे पार्टी मुख्यालय में महिला सभा की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

दरअसल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अहम बैठक करते हुए अखिलेश यादव ने महिला उत्पीड़न और उनसे जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में जो योजना समाजवादी पेंशन की



- एक बार फिर ईवीएम मशीन से चुनाव कराने को गलत ठहराया
- सपा सरकार बनी तो पुलिस में महिलाओं की भर्ती को ढांचागत बदलाव करेंगे

शुरू हुई थी, उसी योजना को बीजेपी और अन्य दलों ने लागू करके सरकार बना ली। इस बार उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर 3000 रुपये पेंशन देने का काम गरीब महिलाओं के लिए होगा। उन्होंने कहा कि विद्या धन इन्होंने (भाजपा) बंद कर दिया है। सबसे ज्यादा बेटियों को लैपटॉप मिलता था, ■ शेष पेज 11 पर

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर, 22 जून।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। एजेंसी की तरफ से रविवार को बताया गया कि बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

### मणिपुर में उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल, 22 जून।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं। इस कार्रवाई में एक उग्रवादी की गिरफ्तारी हुई है और भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और संचार उपकरण जब्त किए गए हैं। इम्फाल वेस्ट जिले के मायंग इम्फाल थाना मामांग थोंखोंग क्षेत्र से प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के एक कैडर यांगलेम सदानंद सिंह (26) को गिरफ्तार किया गया।

### उत्तराखंड में ट्राले से टकराई कार, हरियाणा के चार की मौत

**देहरादून, 22 जून।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की ओर से देहरादून आ रही एक कार रविवार तड़के थाना क्लेमेंटाउन के अंतर्गत आशारोड़ी के पास सीमेंट से भरे ट्राले से टकरा गई। इस दुर्घटना में हरियाणा निवासी 04 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार घटना करीब तीन बजे की है।

### गृहमंत्री क्षेत्रीय मध्य परिषद की बैठक में होंगे शामिल

**वाराणसी, 22 जून।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार की शाम वाराणसी पहुंचेंगे। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे क्षेत्रीय मध्य परिषद की 25वीं बैठक में भाग लेंगे। गृहमंत्री के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी की काशी, जिला और महानगर इकाइयों ने भव्य स्वागत की पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 11 स्वागत प्वाइंट बनाए गए हैं। यहां कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और पुष्पवर्षा के साथ गृहमंत्री का स्वागत करेंगे।

# ट्रैक्टर ने डंपर को मारी टक्कर, पांच की मौत

- मंदिर से पूजा करने ट्रैक्टर से लौट रहे थे तीर्थ यात्री
- हादसे में 14 लोग घायल, कई की हालत गंभीर

**मुर्शिदाबाद, 22 जून।** जिले में कांदी थाना अंतर्गत मथुरा मोड के पास बहरमपुर-कांदी राज्य सड़क पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में चार महिलाओं सहित करीब पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए।


घायलों का इलाज मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं कांदी महकमा अस्पताल में चल रहा है। इनमें से कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों को आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। पुलिस के अनुसार 20 तीर्थ यात्रियों का एक दल बीरभूम जिले में स्थित एक मंदिर से पूजा करके से ट्रैक्टर से लौट रहा था। रविवार सुबह तकरीबन 11 मथुरा मोड़ के पास ट्रैक्टर ने सड़क के किनारे खड़े एक डंपर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर मौके पर ही पलट गया। इस घटना में चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों में बेनू रानी सरकार (45), शंभू सरकार (40) और ललिता सरकार (50) हैं। बाकी दो की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृतक और घायल मुर्शिदाबाद के हरिहरपाड़ा थाना के रुकुनपुर इलाके के हैं। हादसे की खबर पीड़ितों के परिजनों को भेज दी गई है।

# जनता की समस्या का होगा समाधान, सबको मिलेगा न्याय

**गोरखपुर, 22 जून (तरुणमित्र)।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की

### बोले योगी



- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में दो सौ लोगों से की मुलाकात
- कहा- हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल हो कार्रवाई
- बच्चों को दुलारकर सीएम ने दिया आशीर्वाद

जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे।

सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान व्हीलचेयर पर आए एक व्यक्ति को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने आश्वस्त किया इलाज में सरकार धन की ■ शेष पेज 11 पर

### रक्सौल में नेपाल बार्डर पर इराकी नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण, 22 जून।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत रक्सौल में भारत-नेपाल मैत्री पुल के समीप एक इराकी नागरिक को नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश के दौरान पकड़ा गया है। उक्त कारवाई एसएसबी के जवान और हरैया थाना की पुलिस ने बॉर्डर पर रूटीन चेकिंग के दौरान की है। पकड़े गये इराकी नागरिक की पहचान इराक के बगदाद के अल-दोरा निवासी बारा फौजी हामिद अल बयाती के रूप में हुई है।प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि उसका भारतीय वीजा काफी पहले ही समाप्त हो चुका है। बाबजूद इसके वह नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि आरोपी के पास यात्रा के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं।

# बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

## यूपी में पश्चिमी और तराई हिस्सों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली/लखनऊ, 22 जून।** देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून की सक्रियता ने मौसम को सुहावना बना दिया है। राजधानी दिल्ली सहित कई राज्यों में शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई।

दिल्ली में मानसून की शुरूआत अपने सामान्य समय से लगभग तीन दिन पहले होने से शहरवासियों को गर्मी से निजात मिली। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों तक देश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने रविवार के लिए देश के विभिन्न हिस्सों के लिए विस्तृत मौसम पूवानुर्मान जारी किया है। असम, मेघालय, पूर्वी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पंजाब, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पश्चिमी राजस्थान में बिजली चमकने और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार में रविवार को सात जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राजस्थान में भी मानसून की गतिविधियां जोरों पर हैं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने रविवार सुबह 8:30 बजे एक तात्कालिक चेतावनी जारी की, जिसमें बारां, झालावाड़ और सिरोही जिलों में मेघगर्जन के ■ शेष पेज 11 पर

### अमित शाह ने एनएफएसयू व सीएफएसएल का किया शिलान्यास

**रायपुर, 22 जून।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। इस दौरान गृह मंत्री ने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी और सेंट्रल फोरेंसिक लैब का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय और केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का भी भूमिपूजन किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज नवा रायपुर के बंजारी में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। यह ऐतिहासिक पहल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के लिए फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। यह संस्थान अत्याधुनिक तकनीकों से लैस कुशल फोरेंसिक विशेषज्ञों को तैयार करेगा, जो अपराध जांच को वैज्ञानिक, सटीक और पारदर्शी दृष्टिकोण से सशक्त बनाएंगे।




रायपुर में एनएफएसयू व सीएफएसएल का शिलान्यास करते केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व अन्य नेतागण।

### 27वीं मंजिल पर काम कर रहे दो भाइयों की गिरने से मौत

**ग्रेटर नोएडा, 22 जून।** ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना सिटी के सेक्टर-25 स्थित निर्माणाधीन प्रोजेक्ट एफ प्रीमियर होम्स एंड सोल की 27वीं मंजिल से गिरकर दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों वहां पर यूपीवीसी ग्लास लगाने का काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि तभी अचानक बिजली आपूर्ति बंद हो गई। अंधेरे में पैर फिसलने से दोनों नीचे गिर गए। आस-पास मौजूद लोग गंभीर अवस्था में दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने कुछ किसान नेताओं के साथ मिलकर हंगामा किया। आर्थिक मदद मिलने के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। उसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करने की पहल

# अब अलग विवेचना सेल का गठन, रुकेंगे रोड एक्सीडेंट

**लखनऊ, 22 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर रोज प्रदेश के किसी न किसी जिले से ऐसी भीषण सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं जिनमें तीन या उससे अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इन हादसों से न सिर्फ पीड़ित परिवारों का जीवन तहस-नहस होता है, बल्कि राज्य की यातायात व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। इसी के मद्देनजर अब यातायात निदेशालय ने इन घटनाओं के मूल कारणों को समझकर उन्हें रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।

प्रदेश में सड़क हादसों का कारण पता करने के लिए यातायात निदेशालय ने विवेचना सेल बनाया है। विवेचना सेल का प्रभारी डीआईजी ट्रैफिक को बनाया गया है, साथ ही तीन या अधिक मौतों वाले हादसे की विवेचना एएसपी की निगरानी में सीओ करेंगे। अभी तक ऐसे हादसों की विवेचना सब

### फैसला
- प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी यातायात का बड़ा फैसला
- सड़क हादसों की विवेचना में बदलाव, 3 या अधिक मौतों पर एएसपी-सीओ करेंगे जांच
- सड़क दुर्घटना जांच योजना 2023 में हुई थी लागू

इंस्पेक्टर अथवा हेड कांस्टेबिल करते थे। एएसपी और सीओ अधिक मौतों वाले हादसे में देखेंगे कि एक्सीडेंट का मुख्य कारण क्या रहा। रोड इंजीनियरिंग गड़बड़ थी, सड़क पर गड्ढे थे या ओवर स्पीडिंग या नशे में गाड़ी चलाने से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क हादसों में 50 फीसदी कमी लाने के लिए यह पहल एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण ने की है। विवेचना सेल का आफिस पुलिस हेडक्वार्टर में ही चौथी मंजिल पर बनाया गया है। डीआईजी ट्रैफिक अरविन्द कुमार इसके प्रभारी हैं। साथ ही एएसपी अनूप कुमार और सीओ सरोज कुमार भी इस सेल में हैं। विवेचना सेल यह देखेगा कि आखिर सड़क हादसे का मुख्य कारण क्या था, सड़क हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, कहीं चालक नशे में तो नहीं था, रांग साइड और ओवर स्पीडिंग की वजह से तो वाहन नहीं भिड़े हैं। ऐसे ही रोड इंजीनियरिंग, चौराहे की डिजाइन और अन्य कारणों को भी देखा जाएगा। सड़क हादसों के कारण को लेकर विवेचना सेल अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा। फिर इस रिपोर्ट पर ट्रैफिक और परिवहन विभाग के अफसरों के साथ विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जाएगा। योगी सरकार ने सड़क दुर्घटना ■ शेष पेज 11 पर

# नगर पंचायतों को 1 करोड़ तक के कार्य करने की स्वायत्तता

**लखनऊ, 22 जून (तरुणमित्र)।** नगर विकास विभाग ने प्रदेश के नगरीय निकायों को और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है।

नगर विकास विभाग ने वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है। इसके तहत अब नगर पंचायतों को 1 करोड़ और पालिका परिषदों को 2 करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की स्वायत्ता होगी। साथ ही नगरीय निकायों द्वारा करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों की विकास प्रक्रिया को तेज करने के लिये नई तकनीकि के इस्तेमाल पर भी जोर दिया जाएगा। प्रदेश के नगरीय निकायों की एसओपी 2021 में किया गया संशोधन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्ता प्रदान की है। नगर विकास विभाग ने 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में जरूरी बदलावों को मंजूरी दी है।

# आरटीई एक्ट के खिलाफ है विद्यालयों का मर्जर: वीरेंद्र

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शासन से वार्ता करके जल्द इस आदेश को वापस लेने की करेगा मांग



रायबरेली, 22 जून (तरुणमित्र)। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के मर्जर का लगातार विरोध हो रहा है। विभाग की तरफ से शासनादेश निकाले जाने के बाद अनवरत विरोध बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से भी इस आदेश का लगातार विरोध किया जा रहा है।

इस आदेश के विरोध में संगठन जल्द ही शासन के वार्ता करके इस नीति को वापस लेने की मांग करेगा। आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन व बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से आरटीई एक्ट में संशोधन किए बिना ही कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का युग्मन, पेयरिंग, मर्जर किया जा रहा है जो कि पूर्णतः असंवैधानिक तथा छात्र, शिक्षा और समाज सभी के लिए अहितकर है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी आदेश व प्रस्ताव का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पुरजोर विरोध करता है।

अगर यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो इस नीति का विरोध किया जाएगा। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रदेश नेतृत्व अगले सप्ताह विभाग एवं शासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता करके इस आदेश वापस लेने की मांग करेगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश नेतृत्व एवं बेसिक शिक्षा विभाग व शासन के अधिकारियों में वार्ता होने तथा किसी सार्थक परिणाम के आने तक जनपद में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के इंचार्ज प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक युग्मन, पेयरिंग, मर्जर से सम्बन्धित किसी भी प्रस्ताव की अपनी एसएमसी की सहमति न दें। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने कहा शिक्षकों को युग्मन, पेयरिंग, मर्जर से क्या क्या कठिनाइयां छात्रों एवं अभिभावकों तथा समाज के समक्ष उत्पन्न होंगी उससे विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी), ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों को भी अवगत करायें। शिक्षक किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना यह कार्य निरन्तर करते रहना है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों कंधे से कंधा मिलाकर चलता रहेगा और शिक्षक समाज के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान की लड़ाई सदैव लड़ता रहेगा। शिक्षकों को पेयरिंग के संबन्ध में किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है।

# न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगी सीबीएसई की प्रदेश स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता



प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। सीबीएसई अपने संबद्ध स्कूलों के छात्रों के लिए क्लस्टर, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर वार्षिक खेल आयोजित करता है। ये आयोजन विभिन्न आयु समूहों में आयोजित किए जाते हैं जिसमें बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। सभी क्लस्टर/जोनल स्तर के सीबीएसई खेल 2025, 1 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 के बीच निर्धारित है। उपरोक्त के क्रम में प्रतापगढ़ जिले के खेल जगत के लिये यह बहुत बड़ी खुशखबरी है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का जिम्मा दिया है। इसमें विजयी टीमें नेशनल लेवल प्रतियोगिता में शामिल हो पाएंगी। सीबीएसई नेशनल लेवल खेल के विजेताओं को खेलो इंडिया गेम्स और एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेने का सीधा मौका मिलेगा।

विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री विवेक ओझा ने बताया कि इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के बालकों की भागेदारी होगी। उक्त जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में संपूर्ण उत्तर प्रदेश के सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों के बालक प्रतिभाग करेंगे। यह पहला मौका है जब प्रतापगढ़ में सीबीएसई बोर्ड द्वारा जोनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अनुमान है कि प्रतियोगिता में संपूर्ण उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में छात्र, कोच एवं टीम मैनेजर प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय के प्रिंसिपल विपिन कुमार सोनी ने बताया कि इसके पूर्व 2017 में भी कबड्डी जोनल प्रतियोगिता का सफल आयोजन न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किया गया था जिसमें संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लगभग 120 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की टीमों के लगभग 1400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने बताया कि खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था विद्यालय परिसर तथा विभिन्न होटलों में की जा रही है। वहीं चिकित्सा, खानपान तथा यातायात की भी व्यवस्था की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान व सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन आज

प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 23 जून को पूर्वान्ह 10.30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ आयेंगी। महिला आयोग की अध्यक्ष व सदस्य द्वारा पूर्वान्ह 11.30 बजे जिला कारागार का निरीक्षण किया जायेगा तथा अपरान्ह 4 बजे ग्राम पंचायत जरियारी विकास खण्ड शिवगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। सायंकाल 7.30 बजे निरीक्षण भवन गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ में जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक व प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की जायेगी। दिनांक 24 जून को महिला आयोग की अध्यक्ष व सदस्य प्रातः 8 बजे माँ बेल्हा देवी दर्शन करेंगी, पूर्वान्ह 10 बजे सुमता नन्द बुद्ध बिहार चिलबिला जायेंगी। दोपहर 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मणपुर का निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 1 बजे निरीक्षण भवन/स्थानीय गेस्ट हाउस प्रतापगढ़ में विश्राम करेंगी। उसके उपरान्त अपरान्ह 3 बजे प्रयागराज जनपद के लिये प्रस्थान करेंगी।

### कृषक पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना का लाभ उठाकर अकृष्य भूमि को उपजाऊ बनायें

प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम चमन सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ बिहड़ बंजर सुधार हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना का संचालन वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक के लिये स्वीकृत है जिसमें बिहड़, बंजर, ऊँची, नीची जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिये क्षेत्र का चयन किया जाता है। तकनीकी अनुमोदन के उपरान्त भूमि संरक्षण की धारा 1963 एक्ट के अनुसार जिला समिति से अनुमोदन प्राप्त कर कार्य कराया जाता है ताकि वर्षा जल खेत में रोककर नमी संरक्षित करते हुये अकृष्य भूमि को उपजाऊ बनाया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत इस इकाई को 300.00 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिये परियोजना का चयन कर लिया गया है। इस योजना का सिद्धान्त गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में के आधार पर उपचारित किया जाता है ताकि वर्षा जल को खेत में रोककर नमी संरक्षित करते हुये अकृष्य भूमि को उपजाऊ बनाया जा सके। साथ ही फसल प्रदर्शन के माध्यम से कृषकों को उन्नत किस्म का बीज भी प्रदर्शन कराने हेतु उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि किया जाता है। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों से अनुरोध किया है कि संचालित योजना का लाभ प्राप्त कर जल, जंगल, जमीन बचाने हेतु योजना में सहभागिता बढ़ाकर इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठायें। किसान भाई समस्या के निदान के लिये भूमि संरक्षण कार्यालय कटरा रोड प्रतापगढ़ या कृषि विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। उदयपुर पुलिस ने शनिवार को दो वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा अजीत यादव शनिवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर सालवाहनपुर निवासी केसरी नाई के पुत्रगण आलोक कुमार एवं अशोक कुमार को उनके घर से गिरफ्तार किया। एसओ राधेश्याम का कहना है कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया है।

### मवेशियों से भरा ट्रक पलटा गौवंशो की बच्ची जान

सुल्तानपुर, 22 जून (तरुणमित्र)। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पलटा मवेशियों से भरा ट्रक, ड्राइवर को आई नींद,गौवंशों की बची जान। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 94.600 पर आज सुबह एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया जब मवेशियों से लदा डीसीएम ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की वजह ड्राइवर को आई नींद बताई जा रही है। ट्रक में लदे दर्जनों गौवंश सुरक्षित बच निकले। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। घायल चालक व एक अन्य को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### युवक पर फावड़े से हमलाकर, घायल

खीरों, रायबरेली, 22 जून (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र के गांव एकौनी में जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों ने एक युवक पर फावड़े से हमलाकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पत्नी और दो बेटियों को भी घायल कर दिया। घायल युवक को गम्भीर हालत में सीएचसी खीरों से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। एकौनी गांव निवासिनी रेखा पत्नी रामशंकर ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर मेरे गांव के सुधीर पुत्र राधेश्याम, राधेश्याम पुत्र सत्यनारायण, शकुन्तला पत्नी राधेश्याम और पूजा पुत्री राधेश्याम ने मेरे पति रामशंकर को फावड़े से हमलाकर कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

# प्रो. श्रीप्रकाश सिंह बने गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति

सुलतानपुर, 22 जून (तरुणमित्र)। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव के लिए यह गौरव का क्षण है। गांव के ही सुपुत्र प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय (एचएनबीजीयू) का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। वह विश्वविद्यालय के नवें कुलपति होंगे और आगामी पाँच वर्षों तक इस पद पर कार्यरत रहेंगे। राजनीति विज्ञान के विद्वान प्रो. सिंह वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर (साउथ कैंपस) में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति का आदेश भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा जारी किया गया, जो बुधवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव को प्राप्त हो गया। गौरतलब हो कि प्रो. सिंह की प्रारंभिक शिक्षा उनके ननिहाल ग्राम रूपईपुर थाना अखंडनगर, सुलतानपुर से इंटरमीडिएट तक हुई। इसके बाद उन्होंने स्नातक और उच्च शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की।

उनके पिता श्री बांके सिंह हैं और उनके बाबा स्वर्गीय रघुराज प्रताप सिंह गांव के छह बार प्रधान रह चुके हैं। उनके चाचा प्रेम सिंह इस क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की खबर मिलते ही मुरैनी गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने मिठाइयाँ बाँटकर खुशी जाहिर की। प्रेम सिंह, अजय सोनी, पंडित राम सजीवन शर्मा, पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, नसीर अहमद सहित अनेक लोगों ने प्रो. श्रीप्रकाश सिंह को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# तहसील दिवस में पसन खेड़ा गांव के धार्मिक स्थल पर हो रहे कब्जे की हुई शिकायत

लालगंज, रायबरेली, 22 जून (तरुणमित्र)। पसन खेड़ा गांव में धार्मिक स्थल पर हो रहे कब्जे की शिकायत तहसील दिवस में हुई है। लालगंज क्षेत्र के पसनखेड़ा गांव में शंकर दयाल शुक्ला और मनोज शुक्ला के द्वारा आस्था से जुड़े हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कई फीट लंबी बाउंड्री वाल बना भी लिया है।

अब मंदिर और वट वृक्ष की जमीन को हड़पने के चक्कर में लगे हुए हैं जिससे नाराज गांव के लोगों संजीव कुमार ,निखिल तिवारी, मीना देवी, अनीता ,धरनी धर शुक्ला ,संतोष कुमार आदि ने तहसील दिवस में पहुंचकर मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय से की है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर अवैध कब्जा हो गया तो मंदिर और वट वृक्ष की पूजा करना असंभव हो जाएगा। जिस स्थान पर प्रतिपक्षी गण अवैध कब्जा कर रहे हैं वहां पर सरकारी नाली भी बनी हुई है। इंडियामार्का नल भी सरकारी लगा है। उसको भी बाउंड्री वॉल के अंदर किए जाने का प्रयास हो रहा है। निखिल तिवारी ने बताया कि प्रतिपक्षी गणो को अवैध निर्माण करने से रोका गया तो गाली गलौज और हाथापाई पर उतर आते हैं।

वास्तव में हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। वर्ष में कई बार महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती है। वट वृक्ष के नीचे अन्य भी धार्मिक संस्कार होते हैं।वही हनुमान मंदिर में भी मंगल और शनिवार को विशेष पूजा होती है। लोगों का कहना है कि अगर विपक्षीगण अवैध निर्माण में सफल हो गए तो मंदिर और वट वृक्ष की ओर का रास्ता बंद हो जाएगा। सीडीओ ने कहा है कि अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## ऐहार गांव में इमामबाड़े के निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

लालगंज, रायबरेली। बिना सरकारी परमीशन के ऐहार गांव में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों के द्वारा इमामबाड़ा बनवाया जा रहा है। पक्का चबूतरा और खंभे खड़े हो गए हैं। इमामबाड़ा बनने की सूचना पर ऐहार गांव के लोग मौके पर पहुंचे और जिलाधिकारी व पुलिस को सूचना दी है। मौके पर पहुंची पुलिस इमामबाड़ा बनवा रहे फारुख और शब्बीर को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। ग्रामीणों का कहना है कि ऐहार गांव के उमरामऊ की तरफ जाने वाले रास्ते पर सड़क के किनारे अवैध ढंग से बिना जिलाधिकारी के अनुमति के इमामबाड़े का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गांव वालों का तो यह भी कहना है कि इमामबाड़े का निर्माण बंजर की भूमि पर हो रहा है।

कच्ची मिट्टी के चबूतरे की जगह पक्के चबूतरे का निर्माण हो गया है और 15-15 फुट के पिलर भी बन गए हैं। इमामबाड़े का निर्माण बंजर भूमि पर हो रहा है या किसी दूसरी जमीन पर इसका भी राजस्व विभाग के द्वारा जांच में खुलासा हो जाएगा। ग्रामीणों ने आज सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर अवैध निर्माण को हटवाये जाने की बात कही गई है।

# कार्रवाई : पुलिस ने सख्ती से 34 लाख की सम्पत्ति को किया कुर्क

प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, क्षेत्राधिकारी लालगंज राम सूरत सोनकर एवं संलग्न थानाध्यक्ष उदयपुर की रिपोर्ट के आधार पर यह अवगत कराया गया है कि थाना संग्रामगढ़ पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 03/2025, धारा 2/3 उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम-1986 के अन्तर्गत वांछित अभियुक्त/गैंगलीडर चन्द्रशेखर सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी मोहम्मदपुर खास, थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ एक शातिर अपराधी है, जिसका एक संगठित गिरोह जनपद स्तर पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। उक्त अभियुक्त वर्ष 2021 से गोवंशीय पशुओं की तस्करी, मारपीट एवं अन्य आपराधिक कृत्यों के माध्यम से अवैध रूप से चल सम्पत्तियाँ अर्जित करता रहा है।

अभियुक्त की आय का कोई वैध स्त्रोत ज्ञात नहीं है एवं उसकी पैतृक संपत्ति नगण्य है। गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्की की कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आदेशित किए जाने के क्रम में तीन ट्रक एवं एक ट्रैक्टर को चिन्हित किया गया। इनमे से ट्रक वाहन संख्या यूपी 72 बीटी 7826 व टैक्टर वाहन संख्या यूपी 721572 को थानाध्यक्ष उदयपुर राधेश्याम द्वारा पुलिस द्वारा बरामद कर थाना संग्रामगढ़ परिसर में खड़ा कराया गया है।

इस प्रकार कुल कीमत- 34 लाख रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया गया। इससे पूर्व वाहन संख्या यूपी 72 बीटी 3506 व 01 ट्रक नम्बर यूपी 72 बीटी 7825 को थानाध्यक्ष उदयपुर राधेश्याम द्वारा बरामद किया गया था । इस प्रकार कुल कीमत- 50 लाख रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया गया था। उक्त वाहनों का उपयोग अभियुक्त द्वारा बालू ढुलाई जैसे कार्यों में निरंतर किया जा रहा था, जिससे अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा था।

## अवैध टैक्सी स्टैंडो पर हो रही मनमानी की वसूली

सुलतानपुर, 22 जून (तरुणमित्र)। रोडवेज बस स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर प्राइवेट टैक्सी, ई-रिक्शा, मैजिक और टेंपो से खुलेआम सवारी भरी जा रही है। बिना परमिट और बिना लाइसेंस वाहन चालक जान जोखिम में डालकर यात्रियों को जबरन ठूंस रहे हैं। गभड़िया पुल, अमहट, प्यागीपुर, ईदगाह, शाहगंज चौराहा सहित शहर के दर्जनों स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड बनाकर हो रही मनमानी वसूली। हैरानी की बात ये है कि पुलिस चौकी के सामने ही यह सब हो रहा है और कानून व्यवस्था का मजाक बन रहा है। सूत्रों की मानें तो इन अवैध वाहन चालकों को पुलिस और कुछ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। एसपी के निर्देश पर कार्रवाई के बाद कुछ दिन सुधार जरूर हुआ था, लेकिन अब फिर से पुराना खेल शुरू हो गया है।

## दबंगो ने पिता-पुत्र पर किया हमला, पिता घायल

अमेठी, 22 जून (तरुणमित्र)। रास्ते मे रखे ईंट पत्थर को हटाने के लिए विपक्षियों को कहना एक पक्ष का महंगा पड़ गया। टोकने से नाराज दबंगो ने पिता पुत्र पर लाठी डंडो और ईंट पत्थरो से हमला कर दिया। दबंगो ने हमले के पिता को गंभीर चोटें आई जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के गौहर का पुरवा गांव का जहाँ हमीदा बानो के घर के सामने प्रधान अतीक अहमद ने ईंट पत्थर रख दिया था जिससे हमीदा के परिवार वालो को आने जाने में दिक्कत हो रही थी। हमीदा के देवर जावेद ने प्रधान से ईंट पत्थर हटाने के लिए कहा तो प्रधान के परिजनों के उसपर लाठी डंडो और ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जावेद का बेटा रेहान जब बीच बचाव करने पहुँचा तो उसकी भी पिटाई कर दी गई।

दबंगो के हमले में जावेद को गंभीर चोटें आई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा घर के बाहर रखे चद्दरों को भी तोड़े जाने का आरोप लगा है। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरे मामले पर थाना प्रभारी धीरेंद्र यादव ने कहा कि एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में मौत, चालको के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। दो अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में हुई मौत को लेकर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चालकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के सगरा सुंदरपुर बाजार निवासी निहार रंजन विश्वास ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जून की रात करीब साढे दस बजे उसका भाई अडतीस वर्षीय निशित रंजन विश्वास बाइक से लालगंज से घर आ रहा था।

लालगंज कस्बे में रोडवेज बस स्टाप के समीप अज्ञात कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे निशित रंजन की मौत हो गयी। वही दूसरी घटना में मान्धाता थाना के हरखपुर निवासी सुभाष सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह जून की रात करीब एक बजे उनका दामाद नीरज सिंह 33 निवासी गोड़वा पूरे खाकी सांगीपुर बाइक से एक रिश्तेदारी से घर लौट रहा था।

रायपुर तियाई के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर चोट लगने से अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मार्ग दुर्घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात कार चालक व बाइक चालक के खिलाफ शुक्रवार की शाम गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

## संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

लालगंज, रायबरेली, 22 जून (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के मलपुरा गांव निवासी युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में पेंड से लटका मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलपुरा गांव के अंकित (19) पुत्र रामनरेश का शव गांव के बाहर स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में लगे नीबा के पेड से लटका हुआ था। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को पेंड से लटकते हुए देखा तो इसकी सूचना परिजनों तथा पुलिस को दी।परिजनों के पहुंचते ही वहां कोहराम मच गया। पिता सहित पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल था।अंकित, आकाश और देवा तीन भाइयो मे दूसरे नंबर का भाई था जो अपने पिता नरेश के साथ मण्डीसमिति में लहसुन के ब्यापार मे हाथ बटाता था।

# स्थानांतरण के बावजूद लिपिक संजय कुमार अब तक अमेठी में जमे, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

अमेठी, 22 जून (तरुणमित्र)। औषधि विभाग में लिपिक पद पर कार्यरत संजय कुमार का स्थानांतरण जून 2025 में जनपद बलरामपुर के लिए किया जा चुका है, इसके बावजूद वे अब तक जनपद अमेठी में ही डटे हुए हैं।

उन पर व्यापारियों से पैसे की मांग कर भ्रष्टाचार करने, और स्थानांतरण रुकवाने के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय कुमार पिछले छह वर्षों से अधिक समय से अमेठी में कार्यरत हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विभाग के अंदर और बाहर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की कई शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंच चुकी हैं।

यह भी आरोप लगाया गया है कि वह अमेठी के एक मेडिकल स्टोर जय हिन्द मेडिकल स्टोर, दुगार्पुर बाजार को अवैध रूप से पुनः संचालित कराने का प्रयास कर रहे हैं। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उसी की शिकायत पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेडिकल स्टोर के क्षेत्रफल की पुनः जांच कराई गई थी, जिसमें अनियमितता पाई गई और लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। बावजूद इसके, संजय कुमार द्वारा कथित रूप से लाखों रुपये लेकर उक्त स्टोर को फिर से शुरू कराने का प्रयास जारी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि लिपिक संजय कुमार जनपद अमेठी के मूल निवासी हैं, और यह संदेह जताया जा रहा है कि उन्होंने अमेठी में रहते हुए आर्थिक लाभ अर्जित किया है, जिससे वह अपने स्थानांतरण को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। जनता एवं स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि संजय कुमार को तत्काल प्रभाव से अमेठी से कार्यमुक्त कर बलरामपुर में योगदान लेने हेतु बाध्य किया जाए और पूरे मामले की विभागीय जांच कराई जाए।

# क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता-प्रमोद

लालगंज, प्रतापगढ़, 22 जून (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार को लालगंज स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। उन्होने एक एक कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता किया। उन्होनें कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न संचालित विकास योजनाओं पर नजर रखने को कहा।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली पानी सड़क के साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य समेत जनता से जुडी हर योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि विकास योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक करें और उसका लाभ लोगों को दिलवाने में हर संभव सहयोग करें। उन्होने कार्यकताओं से प्रदेश व केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकामी को भी जनता तक पहुंचाने की बात कही।

## लालगंज में सुनीं जनता की समस्याएं, कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक, समर्थकों के परिजनों से मिलकर जतायी संवेदना

इससे पहले सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर में प्रख्यात लोकगायक शिवलाल प्रेमी के निधन पर उनके परिजनो से मिलकर संवेदना जतायी। वह अमावां पूरे छेमी में पत्रकार स्व0 शैलेन्द्र द्विवेदी के आवास पर पहुंचे और परिवार के लोगों से मिलकर सुख व दुख में सदैव साथ रहने की बात कही। इसके पश्चात लालगंज में अमरनाथ सोनी, डा0 रमाशंकर गौतम, कल्लू अग्रहरि व फूलचंद्र कौशल के परिवार में हुई आकस्मिक मौत पर लोगों के प्रति अपनी संवेदना अर्पित किया।

# योग मानव जीवन की संपूर्ण चिकित्सा: सिटी मजिस्ट्रेट



- योग आत्मशक्ति का जागरण-सौम्य शील सिंह
- मातृभूमि सेवा मिशन ने रायबरेली में योग जनचेतना का बना सशक्त आयोजन

रायबरेली, 22 जून (तरुणमित्र)। योग के प्रचार-प्रसार और इसके प्रति समाज में जागरूकता लाने हेतु मातृभूमि सेवा मिशन इकाई, धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र हरियाणा की अध्यात्म प्रेरित संस्था की रायबरेली इकाई द्वारा बीते तीन वर्षों से शहर के राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है।

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के संयोजक समाजसेवी प्रदीप पांडेय द्वारा 18 से 22 जून तक पांच दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और समाजसेवियों की भागीदारी सराहनीय रही। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि शुभारंभ से समापन तक प्रतिदिन पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और योग एवं स्वास्थ्य के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि अध्यात्म गुरु व कथा वाचक गोविंद भाई उपस्थित रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह और विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट राम औतार मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सौम्यशील सिंह ने कहा कि योग आत्मशक्ति का जागरण है। यह केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और आत्मिक संतुलन की साधना है। समाज में योग के प्रचार से स्वस्थ और संतुलित जीवन को बढ़ावा मिलता है। विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट रामऔतार ने कहा कि र योग मानव जीवन की संपूर्ण चिकित्सा है। यह तन, मन और आत्मा तीनों को सशक्त करता है। यदि हर नागरिक योग को अपनाए तो न केवल स्वयं, बल्कि पूरा समाज स्वस्थ और जागरूक बन सकता है। इस आयोजन को योग साधकों ने अत्यंत प्रेरणादायक बताया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर इसे ऐतिहासिक रूप दिया। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने स्वयं योग करते हुए उपस्थित साधकों को अभ्यास कराया।

जिला अध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन और योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने नियमित योगाभ्यास करवाकर सहभागियों को लाभान्वित किया। समापन अवसर पर संयोजक प्रदीप पांडेय की ओर से सभी मुख्य अतिथियों और साधकों को माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. चंपा श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं पेंशनर्स संगठन अध्यक्ष अनूप मिश्रा, राजेंद्र अवस्थी, इंजीनियर अंकुर गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार केशवानंद शुक्ल, रितेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय पाल चौहान, योग शिक्षक आर. के., विवेक सिंह, विशेष सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मातृभूमि सेवा मिशन परिवार से पूजा मौर्या, मोहिनी, तनु, माया, गीता, लता, सचिन अग्रहरि, संकठा प्रसाद अग्रहरी, कल्लू अग्रहरि, देवता, राम मूर्ति सिंह, अनिका गुप्ता आदि ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आयोजन योग के सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक प्रभावों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल के रूप में दर्ज हो गया है। योग दिवस एवं स्वास्थ्य संवाद कार्यक्रम का संचालन भगवत प्रताप सिंह ने किया।

# खनन माफियाओं के शिकार हुये तीन मासूम

● गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत, बाग में खेलते समय गहरे गड्ढे में गिरे
● डीएम, एसपी ने चीर घर पहुंच कर परिवारी जनों को दी सांत्वना

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। टड़ियावां थाना क्षेत्र के गौरी डांडा में तीन बच्चों की बाग के पास गड्ढे में भरे पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर तुरंत एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा और पुलिस ने जाकर बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां पर उनका पोस्टमार्टम हुआ। इस घटना से जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने चीर घर पहुंच कर मृतक बच्चों के परिवारी जनों को सांत्वना दी।

मालूम हो कि टड़ियावां थाना क्षेत्र के गौरा डांडा में लालपुर भैंसरी गांव निवासी 11 वर्षीय दुर्गेश और पिहानी थाना क्षेत्र के चंदेली गांव निवासी 10 वर्षीय कार्तिक गर्मी की छुट्टियों में अपने-अपने मामा के घर गौरा डांडा गांव घूमने आए थे। जहां शाम को दोनों गौरा डांडा गांव के रहने वाले अपने 12 वर्षीय दोस्त पवनीश के साथ बाग में खेलने के लिए गए हुए थे। जहां पर खुदाई के दौरान एक गहरा गड्ढा हो गया था जिसमें पिछले दिनों हुई बारिश के कारण पानी भर गया था इस दौरान खेलते खेलते एक बच्चा गढ्ढे में गिर गया, जिसके बाद अपने दोस्त को डूबता देख, बाकी दोनों बच्चे भी गढ्ढे में उतर कर उसे बचाने की कोशिश करने लगे लेकिन फिसलन होने के कारण वे भी गहरे पानी में चले गए। हालांकि इस दौरान तीनों ने मदद से लिए आवाज लगाई लेकिन बाग में मौजूद लोग जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी के सहारे तीनों के शवों को गढ्ढे से बाहर निकाला जिसके तीनों को टड़ियावां सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा ने घटनास्थल पहुंचकर पारिवारिक जनों से घटना की जानकारी ली।

जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, नया गांव मुबारकपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित चीरघर पहुंचे। गौरा डांडा ग्राम के तालाब में डूबने हुई तीन बच्चों की मृत्यु की हृदयविदारक घटना से प्रभावित परिवारों को सांत्वना दी। जिलाधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण कर परिवार की नियमानुसार यथा संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। पात्रतानुसार परिवार को दैवीय आपदा के अंतर्गत सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन पूरी तरह से शोक संतृप्त परिवार के साथ है। यदि घटना का कारण किसी प्रकार का अवैध खनन है तो सम्बंधित की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, प्रभारी सीएमओ धीरेन्द्र कुमार व सीएमएस अनिल कुमार शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने आवास विकास परिषद का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बरेली मोड़ स्थित उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान टूटी-फूटी सड़कों के मरम्मत होने वाले कार्यों तथा प्रस्तावों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाए तथा मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात का पानी सड़कों पर नहीं रुकना चाहिए। आवास विकास परिषद में बड़े वाहनों को आने से रोकने का प्रबंध किया जाए। जिलाधिकारी नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि टीम लगाकर टैक्स वसूली का प्रारंभ किया जाए साथ ही हैंडओवर की कार्यवाही भी की जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एनआईयूए की टीम ने किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश एंव नगर आयुक्त के निर्देशन में अर्बन रिबर मैनजमेन्ट प्लान हेतु एन०आई०यू०ए० की टीम तथा लियो एसोसिएट्स की ओर से अर्वन प्लानर को महानगर क्षेत्र में संचालित योजनाओ का निरीक्षण कराया गया।

महानगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनायें संचालित है, जिनके निरीक्षण हेतु राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश एवं नगर आयुक्त के निर्देशन में अर्बन रिबर मैनजमेन्ट प्लान हेतु एन०आई०यू०ए० और कंसलटेंट की टीम को नगर निगम के संबन्धित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कराया गया। जिसमें नगर निगम के समन्बय से राजघाट, गर्रा नदी, हनुमतधाम, छठ घाट, खन्नौत नदी, एफ०एस०टी०पी०, एस०टी०पी०, अमृत सरोवर, एम०आर०एफ० सेन्टर, नगर क्षेत्र में प्रवाहित नालों व बायो कम फाइटो रेमिडिशन आदि स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा गया।

महापौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महानगर क्षेत्र में स्थित खन्नौत नदी लोधीपुर से हनुनतधाम तक रिवर फ्रंट का प्रस्ताव तैयार किये जाने के निर्देश दिये गयें। बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त द्वारा महानगर क्षेत्र में संचालित समस्त योजनाओं के विषय में बताया गया कि हनुमत धाम पुल से पक्का पुल तक सिंचाई विभाग के सहयोग से रिवर फ्रंट का कार्य प्रगति पर है, साथ ही अवगत कराया गया कि शीघ्र ही नदी के दूसरी ओर हनुमत धान पुल से पक्का पुल तक का कार्य प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उक्त से सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्वन अफेयर की टीम एवं लियो एसोसिएटस फर्म की ओर से अर्पन प्लानर द्वारा बताया गया कि प्रथम 60 रिवर शहरों में से उत्तर प्रदेश के 05 शहरों- बिजनौर गोरखपुर, मथुरा वृदांवन, मिजार्पुर व शाहजहाँपुर को चयनित किया गया है। जिसमें शाहजहाँपुर के लिये मल्टी शेक होल्डर वर्किंग ग्रुप नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्वन अफेयर की टीम एवं लियो एसोसिएट्स फर्म की ओर से अर्वन प्लानर द्वारा नदियों व नालों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पतंजलि योग समिति परिवार ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस शहीद उद्यान हरदोई में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिकेश सिंह ने अपने योग परिवार के साथ खूब धूमधाम से मनाया। योग अच्छा और स्वस्थ जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। मोदी जी, प्रधानमंत्री बने, सबसे पहले विश्व के सामने योग दिवस मनाने का ऐसा प्रस्ताव रखा जो पूरे विश्व ने सहर्ष स्वीकार किया और 2015 में 193 देशों ने एक साथ 21 जून को योग कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अब करीब दो सौ देश मना रहे हैं। हमारी यह कल्पना साकार हो रही है कि सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। उक्त अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी विनीता पाण्डेय, युवा भारत के जिला प्रभारी सोनू गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, शशिकला सिंह, रिन्की गुप्ता, शशी मोर्या, रामजानकी मौर्या, मनू गुप्ता, सुमन बाजपेई, ललिता दुवेदी, रेनू शुक्ला, स्वर्णिमा तिवारी, पुष्पा देवी रजनी सिंह, कंचन पाण्डेय, नीलम मिश्रा, सीमा मिश्रा,अनीता मिश्रा, वीना त्रिपाठी,तोताराम गुप्ता, रामहेत वाजपेयी, सुभाषचंद्र मौर्य, विजय कुमार अस्थाना, रामशरण पाल, पुत्तूलाल वर्मा, माधव वाजपेई, रूपेश गुप्ता,आर पी दिनकर, अनुराग पाण्डेय, दयानाथ, नत्थू लाल,आदि काफी संख्या में भाई बहन मौजूद रहे।

# आतंकवाद व युद्ध से विकास होता अवरुद्धः यतींद्रानंद

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल हरदोई में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी यतिन्द्रानन्द गिरि जी महाराज जूनाअखाड़ा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विश्व चल रहे युद्ध पर अपने विचार प्रकट किये साथ ही कहा कि आज विश्व युद्ध की आग से घिरा हुआ है रशिया व उक्रेन, इजराइल व ईरान में युद्ध हो रहा है इस पर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नित्य नए बयान पेश कर रहा है। ऐसे समय में भारत देश ही एक देश है जो शांति व सद्भाव बात करता है इसका कहीं न कहीं भारत की तरक्की से ईर्ष्यागत है इसलिए यह आतंकवाद के माध्यम से तथा युद्ध के माध्यम से विकास अवरुद्ध कर चाहते हैं।

साथ ही बातचीत में संभल गिराई जा रही मस्जिद पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मुझे ध्यान है कि भारत के पूर्व सेना अध्यक्ष स. विपिन रावत जी ने ढाई मोर्चा पर बात की थी जब उनसे ढाई मोर्चा पूछा गया था तब उन्होंने कहा था की एक पकिस्तान, दूसरा चीन है तथा आधा मोर्चा अपना देश है जहाँ पर इस्लामिक तकते है, इस्लामिक ताकतों से अपने देश को नहीं बल्कि पूरे विश्व को ललकारता है भारत में वो कहीं लव जिहाद कर रहे कहीं धर्मांतरण जिहाद कहीं पर गैर तरीके से मदरसा संचालित कर रहे है और जितनी भी सरकारी भूमि है उस पर कब्जा कर अवैध मदरसा, मस्जिद, घर, दूकान बना रहे है आज कम से कम जहाँ जहाँ भारतीय जनता पार्टी की सरकारे है मैं उन सभी मुख्य मंत्रियों को साधुवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने बड़ी नैतिकता के साथ अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे है इसको हटाना अतिआवश्यक है इसको हटना चाहिए, इससे जिहादियों की ताकतों पर प्रतिबंद लगेगा। तभी हमारा देश प्रगतिशील हो सकेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सनातन समाज खुश है क्योंकि श्री कृष्ण इस युग के भगवान है पुरे को विश्व को उन्होंने भगवत गीता दी है प्रेम और भक्ति का सन्देश दिया है इसलिए आज आवश्यकता है उनके धाम को संवारने आवश्यक है। गोसाईं समाज के लोग अपने निजी स्वार्थो के कारण विरोध कर रहे है उनका कहना है कि बांके बिहारी जी सिर्फ मेरे है इसलिए विरोध कर रहे है यह गलत है क्योंकि बांके बिहारी जी किसी एक समुदाय का नहीं हो सकता है वो वैश्विक है पूरे ब्रह्माण्ड के है। मेरा उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि ऐसे लोग जो जो बिहारी जी सेवा में लगे है उनका भी ध्यान रखना चाहिए। समाज में हो रही पतियों के कत्ल घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभी कुछ दिनों से सोनम रघुवंशी व राज कुशवाहा हत्या काण्ड तथा मेरठ में मुस्कान व सौरभ हत्याकांड पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के समय में हमें अपने बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के साथ साथ सनातन, धर्म नैतिकता की शिक्षा भी देने की आवश्यकता है।

# पुत्र की मौत की खबर सुन बीमार पिता ने तोड़ा दम

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। पिहानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टनडॉहना में रविवार सुबह जवान पुत्र की मृत्यु का समाचार सुन बीमार पिता ने भी दम तोड़ दिया। एक ही घर से पिता पुत्र की दो अंतिम यात्राएं निकाली गईं। गांव के बाहर ग्रामीणों ने दोनों का अंतिम संस्कार किया।

थाना क्षेत्र के टनडौना निवासी यदुवीर कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे डाक्टरों ने उसे चौथे स्तर का कैंसर बता इलाज से मना कर दिया था। तब से वह चारपाई पर ही लेटा रहता था। उसका मझिला पुत्र 25 वर्षीय शोभित ही बटाई पर खेती कर परिवार का भरण पोषण किया करता था। शनिवार की रात शोभित घर से खाना खाकर फसल की रखवाली के लिए खेत पर गया था। खेत पर सोते समय किसी तरह वह खेत में बने कुएं में गिर गया। उसके शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण पहुंचे उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाया। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। सुबह करीब 7 बजे शोभित का शव उसके घर पहुंचा। पुत्र की मृत्यु की खबर सुन सदमे में पिता यदुवीर ने भी दम तोड़ दिया। पिता पुत्र की एक साथ मौत से गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शोभित का शव बिना पोस्टमार्टम के ही उसके परिजनों को सौंप दिया।मृतक शोभित तीन भाई है। बड़ा भाई अपने परिवार के साथ कहीं बाहर रहता है। उसने घर से रिश्ता तोड़ लिया है।

# श्री बांके बिहारी सरकार के वार्षिक उत्सव में भक्तिभाव और उल्लास का संगम

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री राम जानकी हनुमत धाम में श्री बांके बिहारी सरकार का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे परिसर में भक्ति और आनंद की गूंज रही। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और श्रद्धालु भक्तों की भीड़ में उत्साह देखते ही बनता था।

भव्य उत्सव का मुख्य आकर्षण श्री बांके बिहारी सरकार का अलौकिक श्रृंगार और 56 भोग अर्पण रहा। श्रृंगार कार्य में राधा रानी की अनन्य भक्त शिल्पी गुप्ता, अर्पिता सिंह, कविता गुप्ता, भूमिका सिंह व मथुरा धाम वासी वशिष्ठ भारद्वाज का विशिष्ट योगदान रहा, वहीं मंदिर के पुजारी आचार्य श्याम पाल ने श्रृंगार और पूजन कार्य को संपन्न कराया। भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर सभी भक्तों ने 'श्री बांके बिहारी तेरी आरती गाऊं, आरती गाऊं मैं तुमको रिझाऊं' जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। अखिलेश सिंह द्वारा प्रस्तुत रामराज हमारे हम उनकी प्रजा भजन पर भक्त भाव विभोर हुए। अलौकिक श्रृंगार के पश्चात दिव्य आरती उतारी गई और 56 भोग अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आरएसएस जिला प्रचारक अनिल जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, संजय सिंह गुड्डू, प्रीतेश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर, आदर्श दीपक मिश्रा, राघव सिंह, अजय अवस्थी, हर्षवर्धन सिंह, मुदित बाजपेयी, सनी दीक्षित, मुकुल सिंह आशा, गंगा शंकर दीक्षित, कमलेश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, अनुज सिंह छुन्नू, रामशरण गुप्ता, मुकेश सिंह, शिवकुमार गुप्ता, रमेश सिंह, मेघराज सिंह सहित नगर के अनेक प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक लोग सम्मिलित हुए।

## युवती लापता आरोपी पर दर्ज हुई रिपोर्ट

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से एक युवती के लापता होने के मामले में पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री 18 जून को दिन में घर से दवा लेने के लिए निकली थी।लेकिन लौट कर वह घर नहीं आई।उसने अपनी पुत्री को काफी तलाश किया तब पता चला की थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेरा निवासी आलोक पाल पुत्र महेंद्र पाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम

शाहजहांपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ आवास विकास बरेली मोड़ स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं विश्वकर्मा पार्क में आम, अशोक, बोटल पॉम,खिरनी एवं बोगन वेलिया में लगभग कुल 80 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

मंत्री द्वारा सभी से अपील की गई कि वे पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु कम से कम एक एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी ले, जिससे पौधों की सुरक्षा भी हो। इसके अतिरिक्त मंत्री द्वारा आवास विकास में ही स्थित अटल पार्क को भी देखा गया, पार्क के उचित रखरखाव हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगो द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला, राजकमल वाजपेयी, नगर निगम से सहायक अभियंता प्रेमचन्द्र आर्य, क्षेत्रीय लोगों में विपिन तिवारी, नरेंद्र मिश्रा, गंगा सिंह यादव, राम जी मिश्रा, अभिषेक वाजपेयी, ईशान अरोरा, अभिषेक तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राचीन मंदिर पर अराजकतत्व अवैध कब्जा कर बांध रहे जानवर

कछौना/हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम ऊंचौली में स्थित प्राचीन मंदिर पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर जानवर बांध रहें हैं। वह गोबर कूड़ा डालते हैं। जिससे श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत हो रही है। पूरे मामले की ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से शिकायत की। बतातें चलें कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ऊंचौली में प्राचीन मंदिर है। जिसमें राधा कृष्ण, हनुमान व शंकर जी की प्रतिमा स्थापित है, काफी पुराना मंदिर है। गांव सहित आसपास क्षेत्र में मंदिरों के प्रति लोगों में काफी आस्था है। सुबह सांय को गांव सहित आसपास के लोग पूजा पाठ के लिए आते हैं। यहां पर हर समय कथा, कीर्तन, भागवत कथा, मुंडन, विदाई संस्कार आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। कुछ दिनों से गांव के कुछ अराजकतत्व लोग अवैध कब्जा कर मंदिर प्रांगण में जानवर बांधते हैं। कूड़ा के ढ़ेर लगाते हैं। जिससे गंदगी व बदबू से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत होती है। विरोध करने पर लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं। धार्मिक आस्था के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पूरे मामले की शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से की है।

### जलभराव के चलते मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे

कछौना/हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। कछौना से गौसगंज मार्ग पर ग्राम बघौड़ा में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने व पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण मुख्य मार्ग पर जलभराव होने के कारण गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। बतातें चलें, कछौना से गौसगंज मार्ग पर ग्राम बघौड़ा में पुलिया क्षतिग्रस्त होने व जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मुख्य मार्ग पर जल भराव हमेशा बना रहता है। इस मार्ग पर हमेशा राहगीरों को आवागमन रहता है। छोटे वाहनों से लेकर बड़े वाहन गुजरते हैं। ज्यादातर कानपुर औद्योगिक शहर जाने के लिए बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। वाहनों के गुजरने व जल भराव के कारण ग्राम बघौड़ा में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों की चपेट में आने से कई दुर्घटना हो चुकी हैं। कई बार वाहन पलट चुके हैं। इस ज्वलंत समस्या के निराकरण के लिए क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के अध्यक्ष रामखेलावन कनौजिया ने पूरे मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की। अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र कुमार ने बताया इस स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

### जिला कार्यालय का हुआ उदघाटन

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। विधानसभा बालामऊ के प्रताप नगर चौराहा पर बहुजन अधिकार मोर्चा संगठन का जिला कार्यालय का उदघाटन हुआ जिसका नेतृत्व इं. सरोज कुमार गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बहुजन अधिकार मोर्चा के कर कमलों द्वारा हुआ जो आयोजक रहे। श्री राम प्रदेश उपाध्यक्ष साथ में प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, प्रदेश महासचिव एडवोकेट राकेश कुमार, प्रदेश सचिव अजय कुमार, जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल, जिला प्रभारी अजय कुमार, अनुपम कुमार, सूरज वर्मा, विमल गौतम समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे और संगठन की विचार धारा बताई गई। साथ में हरदोई जिला में कोई भी समस्या होती है उसका समाधान किया जायेगा।

# प्रायः एक ही काउंटर रहता संचालित

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात लगभग 9:00 अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर भारी संख्या में अभ्यर्थियों टिकट लेने के लिए पहुंच गए लेकिन स्टेशन पर एक ही अनारक्षित काउंटर चालू होने से अभ्यर्थियों की काफी लंबी लाइन लग गई। ऐसे में अभ्यर्थी परेशान होते भी भी नजर आए। अभ्यर्थियों ने रेलवे के सिस्टम पर भी सवाल खड़े किए। हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर के बाहर लगी लंबी लाइन की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि भारी संख्या में युवक अनारक्षित टिकट लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं और एक ही टिकट काउंटर से अनारक्षित टिकट का वितरण किया जा रहा है जबकि हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट की बिक्री के लिए तीन काउंटर बने हुए हैं। ऐसे में लगातार हरदोई रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट को लेकर यात्रियों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है।

डीआरयूसीसी नवीन अग्रवाल के प्रयास से शांत हुए यात्री अव्यवस्था पर यात्रियों का गुस्सा इतना था की मौके पर पहुंचे डीआरयूसीसी सदस्य नवीन अग्रवाल अगर समय पर उच्च अधिकारियों को सूचित न करते तो यात्रियों का गुस्सा शीशे का काउंटर सब तोड़ डालते उच्च अधिकारियों को सूचना के बाद पहुंचे जीआरपी के सिपाहियों ने मामले को संभाला व पहुंचे टेक्निशियनों ने बंद पड़ी ऑटोमैटिक मशीनों को चालू किया। टिकट व्यवस्था सामान्य होने के बाद यात्रियों ने राहत की साँस ली' सवाल ये है की जो व्यवस्था रेलवे को सवयं देखनी चाहिये उसके लिए डीआरयूसीसी सदसय व दैनिक रेल यात्री संघ को देर रात प्रयास करने पड़ रहे हैं।

# दयानन्द बाल विद्या मंदिर योग केंद्र ने मनाया योग दिवस

शाहजहांपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। भारतीय योग संस्थान के दयानन्द बाल विद्या मंदिर योग केंद्र द्वारा ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में धूम धाम से मनाया गया।

प्रदीप गुप्ता द्वारा सभी साधक-साधिकाओं को चन्दन तिलक लगाकर स्वागत करने के उपरान्त डा.देशबन्धु द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील शास्त्री को पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया` अपने अतिथि भाषण में उन्होंने कहा कि आज के कंप्यूटर युग में शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक श्रम अत्यधिक बढ़ गया है । इस कारण अनेक बीमारियां शरीर में उत्पन्न हो रही हैं ।इन बीमारियों से दूर रहने का सुगम उपाय योग साधना है। क्षेत्रीय प्रधान सुधीर मिश्रा ने कहा कि रोगों से दूर रहने का एक मात्र साधन योग से जुड़ना है। प्रतिदिन केवल एक घंटा अपने शरीर के लिए यदि हम समय निकालकर योग करते हैं तो हमें लंबे समय तक किसी भी बीमारी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आज के प्रदूषित वातावरण में शारीरिक और मानसिक रोग बढ़ते जा रहे हैं जिसका इलाज योग साधना द्वारा संभव है। केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि युवा प्रतिदिन एक घंटा अपने लिए अवश्य देना चाहिए। तत्पश्चात डॉ. विनोद मिश्रा, कुमकुम गुप्ता, सुमन तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, अरविन्द कुमार मिश्रा, रघुवीर सिंह कुशवाहा, अश्विनी कुमार आर्य, हरी बाबू सक्सेना, सुशील गुप्ता ,सुधीर मिश्रा, शशि वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के योग साधक-साधिकाओं ने योगासन किया` मात्र 9 वर्ष की सबसे छोटी योग साधिका शिवांशी देवल ने सभी को प्रार्थना करवाई` कुमकुम गुप्ता , शशि वर्मा, अर्चना गुप्ता, संतोष मिश्रा और सुमन तिवारी ने योग गीत प्रस्तुत किया` योगासन के अंत में साधक, साधिकाओं ने सामूहिक नृत्य करके योग की विभिन्न मुद्राओं को अत्यंत आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया` क्षेत्रीय मंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया` योग दिवस समारोह को सफल बनाने में डॉ.विनोद मिश्रा, डॉ.देशबन्धु शाहजहांपुरी, रघुवीर सिंह कुशवाहा, अश्विनी कुमार आर्य, शिवांशी देवल, अवधेश कुमार दीक्षित, अरविंद कुमार मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, राजेश कुमार शुक्ला, सौरभ शर्मा, हरी बाबू सक्सेना, सुशील गुप्ता, राजेश मिश्रा, शशि वर्मा, शशि अग्निहोत्री, ममता देवल, सुमन तिवारी, श्रीमती संतोष मिश्रा, कुमकुम गुप्ता, रघुवीर सिंह, रेखा गुप्ता, शिवशरण दीक्षित, माधुरी मिश्रा, आदि का विशेष योगदान रहा।

समारोह के समापन पर सभी को स्वल्पाहार वितरण किया गया।

## अपने गुरू की जन्मस्थली पहुंचे ग्लोबल गाइड कमलेश

शाहजहांपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। श्रीरामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष व हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल (दाजी) अपने गुरू की जन्मस्थली व सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के उद्गम स्थल शाहजहांपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने महात्मा रामचन्द्र महाराज की समाधि पर नमन कर गुरुसत्ता को प्रणाम किया और आश्रम का निरीक्षण किया। अपने प्रवास के दौरान 'दाजी' ने शहर के अजीजगंज स्थित सहजमार्ग जंक्शन में स्थित महात्मा रामचन्द्र महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया। इसके उपरांत वे मोहल्ला दीवान जोगराज स्थित बाबूजी महाराज के आवास पर भी पहुंचे व बाबूजी महाराज के कक्ष में बैठकर ध्यान किया और उन्हें नमन किया।

# भाजपा ने हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलाः सगीर

रामपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। कांग्रेस की बैठक धमोरा के देव गार्डन मे सम्पन हुई। बैठक में संगठन सृजन अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने कांग्रेस नेताओं और फ्रंटल अध्यक्षो के साथ बैठक की और संगठन विस्तार में सभी की भूमिका पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता और संचालन महेन्द्र यदुवंशी ने किया।




जिला कोऑर्डिनेटर सगीर सईद खां ने भाजपा को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि जनता का शासन जनता के लिए होता है, लेकिन भाजपा ने कभी यह प्रयास नहीं किया कि जनभावनाओं का सम्मान हो। हमारा संविधान हमें स्वतंत्रता और आजादी से बोलने की ताकत देता है, लेकिन भाजपा सरकारो ने बोलने की आजादी पर रोक लगा रखी है। कोई भी व्यक्ति या नेता सच बोलना चाहता है तो तुरंत उसपर कार्रवाई कर दी जाती है। यही हाल पिछले कुछ समय से रामपुर मे हो रहा है यहां पर भी तानाशाही पूरी तरह हावी हो चुकी है।

उन्होंने कहा रामपुर में कांग्रेस मजबूत हो रही है लोगो का भरोसा आज भी कांग्रेस पर है लेकिन हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओ को आम जनता के बीच जाकर भरोसा जाताना होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार में तानाशाही चल रही है। आम आदमी कि कोई सुनवाई नहीं है भाजपा नेता और अधिकारी मिलकर जनता का उत्पीड़न कर रहे हैं। जनता अपनी समस्याओ को लेकर तहसील और थानो के चक्कर लगा लगाकर थक जाती है यह पहली सरकार है जहां जनता की कोई सुनवाई नहीं है। पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां ने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए कार्यकर्ताओ का सम्मान पहली प्राथमिकता होनी चाहिए हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे। इस मौके पर मिलक ब्लॉक अध्यक्ष जिवेन्द्र गंगवार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ अल्वी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष मकदुम अहमद, जिला महासचिव शप्पू अंसारी, जिला महासचिव वेदराम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बाबू फौजी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, हसीब खां, रियाज अहमद, इकबाल मंसूरी, कौशल सक्सेना, देवकी नंदन गंगवार, रामगोपाल सैनी, युसूफ अली, रोशन लाल दिवाकर, सुरेश गंगवार, मोहम्मद फाजिल, अजीमुद्दीन, असलम खां, नन्हे खां, ओमप्रकाश दिवाकर, तस्लीम खां, अय्यूब खां, भूरा खां, रामचंद्र सैनी, अकरम अली, नारायण लोधी, जयपाल सिंह गंगवार, सुखवेन्द्र सिंह दिनेश शर्मा, मकसूद अंसारी, आसीब खां, गुलवेज खां, शमशाद सलमानी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## बुग्गी की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

शाहाबाद/ हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी के निकट बुग्गी की टक्कर से बाइक सवार के घायल होने के मामले में पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर आरोपी बुग्गी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी फूलचंद पुत्र छोटेलाल के अनुसार उसका पुत्र 20 जून को बाइक संख्या यूपी 30 आर 8465 से गांव से शाहाबाद आ रहा था। रास्ते में भदासी के निकट भदासी निवासी शिव कुमार पुत्र हरिशंकर तेज रफ्तार में बुग्गी पर बालू लादकर आ रहा था। तेज रफ्तार बुग्गी चालक ने उसके पुत्र की बाइक में टक्कर दी। जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी शाहाबाद लाया गया जहां से इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर उसके पुत्र को हरदोई जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# जीवन जीने की कला सिखाती राम कथा : शिवानंद

हरदोई, 22 जून (तरूणमित्र)। आरआर इंटर कॉलेज के प्रांगण में होने वाली भव्य एवं दिव्य राम कथा के मुख्य यजमान श्री हनुमान जी महाराज की विशेष अनुकंपा से आचार्य निर्मल शास्त्री के दिशा निर्देशन में श्री राम कथा की शोभायात्रा 21 जून को संपन्न हुई, और 22 जून को प्रातः कालीन 8:30 बजे आचार्यों द्वारा वेदी पूजन एवं कलश पूजन कर श्री हनुमान जी का आवाहन किया। जिसमें राकेश पाल, आशीष गुप्ता, अपूर्व माहेश्वरी, हिमांशु गुप्ता, मनोज मिश्रा, राहुल मिश्र समाजसेवी, राघवेंद्र शर्मा, अनुराग शुक्ला, आशीष पाल एवं सौरभ सिंह शामिल रहे।



कथा के भव्य पंडाल एवं दिव्य व्यास पीठ को लखनऊ के कारीगरों द्वारा सजाया गया । श्रोताओं के बैठने की बेहतर उचित व्यवस्था की गई। प्रथम दिन श्री व्यास पीठ का पूजन करने हेतु उच्च शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रजनी तिवारी, महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरी जी महाराज, आरआर इंटर कॉलेज की प्रबंधिका कीर्ति सिंह, जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, बच्चा बाबा नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा आदि गणमान्य सम्मिलित रहे। प्रभु श्री राम की कथा को सुनने के लिए प्रथम दिन ही तमाम श्रद्धालु जन उमड़ पड़े। प्रभु श्री राम की इस चर्चा में परम श्रद्धेय श्री व्यास जी ने आज के प्रसंग में प्रथम दिवस, पर अपने वक्तव्य में कहा राम कथा जीवन जीने की कला सिखाती है, हम जीवन कैसे जिए यह सीखना है तो राम कथा पंडाल में आना पड़ेगा, और श्रीमद् भागवत कथा कैसे जिया जाए यह सिखाती है। राम नाम जागरण मंच ने राम कथाओं की श्रृंखला बनाई है पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जनपद के जिला मुख्यालयों पर यह राम नाम की चर्चा का संकल्प लिया । इसी के क्रम में जिला हरदोई में यह कथा का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस की राम कथा में सारा पंडाल राम मय हो गया। संगीतमई श्री राम कथा से पूरा पांडाल गूंज उठा । राम नाम की चर्चा करते हुए कथा समापन के आए हुए सभी श्रोताओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। इस दिव्य कथा की विशेष व्यवस्था में प्रथम दिवस श्री राम कथा में आए हुए सभी श्रोताओं के लिए अन्न क्षेत्र में भोजन की व्यवस्था वीरेंद्र बाजपेई सपरिवार की ओर से की गयी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

सोमवार, 23 जून 2025

विक्रम संवत्– 2082, आषाढ़ कृष्ण पक्ष– त्रयोदशी

## अमेरिकी हमले के बाद

अमेरिका ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला करने के बाद ये कहा है कि ईरान को अब शांति का रास्ता अपनाना चाहिए, अन्यथा उसपर इससे भी बड़े हमले हो सकते हैं। अमेरिका ईरान पर हमले के संकेत पिछले एक हफ्ते से दे रहा था। उसने इसके लिए दो हफ्ते के अंदर की डेडलाइन भी तय कर दी थी, लेकिन उसने इसके पहले ही ईरान पर हमला कर दिया। ईरान पर अमेरिकी हमले के फौरी तौर पर दो अर्थ हैं, पहला यह कि इससे अब ईरान सहम जाएगा और पश्चिम एशिया में अमेरिकी धाक बनी रहेगी। दूसरा अर्थ है कि अमेरिका ने बर्र के छत्ते में हाथ डाल दिया है, जो अंततः उसके पराभव का कारण बन सकता है। इन दो विपरीत परिस्थितियों के अलावा भी संभावनाएँ हैं, जो शेष विश्व की प्रतिक्रिया और वैश्विक नेतृत्व की समझदारी पर निर्भर करेंगी, इसमें चीन, रूस और यूरोपीय संघ की भूमिकाएँ भी हैं। ईरान की तीन नाभिकीय साइटों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर शांति स्थापित नहीं हुई, तो ईरान की दूसरी साइटों को भी अमेरिका निशाना बनाएगा। इसके बाद अमेरिकी सेना ने ईरान में तीन परमाणु स्थलों-फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने बयान जारी कर पुष्टि की कि ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर इस्लामिक ईरान के दुश्मनों द्वारा परमाणु अप्रसार संधि सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के विरुद्ध हिंसक हमला किया और वह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालयों में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। अमेरिकी और इजराइली हवाई हमलों से ईरान की परमाणु सुविधाओं को जो नुकसान पहुँचा है और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या हुई है, उसके कारण ईरान में शायद परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नहीं है। फिर भी वह उस दिशा में आगे बढ़ सकता है और ऐसा करने के लिए उसे बाहर से मदद भी मिल सकती है। फिलहाल सभी की निगाहें फोर्डो पर टिकी हैं। क्योंकि यह संभव है कि ईरान के पास गुप्त परमाणु स्थल, जिनका उद्देश्य हथियार बनाना हो, जिसके बारे में अमेरिका और इजराइल को पता न हो, हालांकि ऐसे स्थानों के बारे में कोई सार्वजनिक सबूत सामने नहीं आया है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान अमेरिकी हमले के मद्देनजर अपने परमाणु कार्यक्रम को गति देने के लिए अपने पास बचे हुए संसाधनों का उपयोग कर सकता है। यह भी जानना जरुरी है कि इस क्षेत्र में ईरान के सहयोगी, जैसे यमन में हूती, लेबनान में हिजबुल्ला और इराक के सशस्त्र समूह, लड़ाई में शामिल नहीं हुए हैं। अब यह कहा जा रहा है कि युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या भी कर दी जाए, तो ईरानी सेना की सबसे शक्तिशाली शाखा इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर देश पर नियंत्रण कर सकती है। वे पश्चिमी देशों के अनुकूल सरकार बना सकते हैं। संभावना यह भी है कि अयातुल्ला अली खामनेई की जगह कोई और ज्यादा चरमपंथी व्यक्ति देश का नेतृत्व करके लंबी लड़ाई का आधार तैयार करे। ऐसी लड़ाई के लिए भी बाहरी सहायता चाहिए। चीन और रूस उसके साथ हैं, पर वे लंबी कट्टरपंथी लड़ाई में साथ नहीं दे पाएँगे क्योंकि उनकी दिलचस्पी भी कारोबार और व्यापार में है। उधर यह भी सामने आया है कि यदि ईरानी सेना जल्दी से खुद को मजबूत नहीं करेगी, तो ईरान अराजकता या गृहयुद्ध में फँस सकता है।

### शुरू हो गया खेल !



कृष्णेन्द्र राय

धमकी और धमाका ।
शुरू हो गया खेल ।।
अपने अपने स्तर पर ।
रहे सब धकेल ।।
है बमबारी चरम ।
खतरा भी मंडराया ।।
बैठकों का दौर ।
डर का भी तो साया ।।
दूर दूर तक कोई ।
दिखतता नहीं उपाय ।।
हैं हम ही अब ताकतवर ।
खुल कर दिया बताय ।।
दोराहे पर दुनिया ।
सब कुछ रही निहार ।।
कब किधर और कैसे ?
हो जाए प्रहार ।।

### सूडोकु नवताल- 7469

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7468 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# कौन देश तय करेगा परमाणु शस्त्र कौन रखे ?



तनवीर जाफरी

**इस्राईल-ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया।**

इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टीवी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया।

इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वाताकार) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को 'शानदार' बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब जरा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। यह दावा खुफिया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी 'खुफिया जानकारी' को बहाना बनाकर अमेरिका ने 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' के नाम से इराक पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी गलत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगजाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी। इराक की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराकी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था।



बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है। वह अमेरिका जो कोरिया, ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा, लेबनान, सीरिया, लीबिया, अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान (1987) पनामा, इराक, कुवैत, सोमालिया,बोस्निया, सूडान, अफगानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का जिम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ? या फिर फिलिस्तीन की जमीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर कब्जा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर गजा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने, क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने, शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं? आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा जखीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस, चीन, फ्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल, उत्तर कोरिया, भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों जरूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इजराईल जो भूखे, निहत्थे बच्चों व बुजुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा, जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने कब्जे की जमीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फिलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की साजिश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आखिर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना जरूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहमो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें गजा, यमन व लेबनान बना सकें ?

निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेकुसूर महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इजराईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताकत का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें 'वाक ओवर' देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रजा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरजोर कोशिश में लगा है। इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदखल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्जी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इजराईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे ?

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# फिर लहराया देश का कूटनीतिक परचम



**भविष्य की आहट**

**डा. रवीन्द्र अरजरिया**

समूची दुनिया में जंग के हालात पैदा होते जा रहे हैं। कहीं सत्ता के लिए गृह युद्ध की परिस्थितियां हैं तो कहीं पडोसियों के साथ संघर्ष का माहौल है। कहीं वर्चस्व की लडाई हो रही है तो कहीं अहंकार का परचम फहरा रहा है। ऐसे में व्यक्तिगत जीवन को विलासता के हिडोले पर पहुंचाने के लिए विदेशों में जाकर नौकरियां करने से लेकर शिक्षा लेने वालों की भीड़ अब देश के लिए संकट बनती जा रही है। स्वयं के निर्णय पर परदेश जाने वाले जब वहां संकट में घिर जाते हैं तब उनके परिजनों से लेकर विपक्षी नेताओं तक का दबाव सरकार पर डाला जाने लगता है।

सुरक्षित वापसी का जिम्मा सरकार पर थोपा जाता है। इन प्रयासों में आने वाला खर्च भी टैक्सदाताओं की खून-पसीने की कमाई से चुकाया जाता है। विदेश नीति के तहत सरकार के कूटनैतिक प्रयास तेज किये जाते हैं। अतीत गवाह है कि रूस-यूक्रेन जंग में वहां से भारतीयों को निकालने में सरकार को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। उस दौरान नापाक धरती के वाशिन्दों तक ने भारतीय झंडे की आड़ में सुरक्षित वापिसी की थी। उसकी पुनरावृत्ति एक बार फिर हो रही है। इजरायल-ईरान युद्ध छिड़ गया। वहां पर फंसे लोगों को निकालने का एक बार फिर दबाव बनाया गया। सरकार ने 'आपरेशन सिंधु' के तहत कूटनैतिक प्रयासों से लेकर निजी संबंधों तक की दुहाई दी। परिणामस्वरूप केवल भारतीयों के लिए ही ईरान से एयर स्पेस खोला। वहां के भारतीय दूतावास के माध्यम से नागरिकों को पहले अर्मेनिया और फिर कतर के रास्ते स्वदेश लाया गया था किन्तु अब ईरान की महन एयर की चार्टेड प्लाइट्स का उपयोग किया जा रहा है। अभी तक तीन चरणों में लोगों की वतन वापिसी हुई है।

दहशत के माहौल से वापिस आने वालों ने देश में पहुंचते ही सरकार को सुख-सुविधाओं की सूची पकड़ा दी। घरों तक पहुंचने के लिए बसों से यात्रा नहीं करेंगे, हवाई यात्रायें उपलब्ध कराई जायें, आरामदायक विश्राम हेतु आवास दिया जाये, मनचाहा भोजन कराया जाये। जम्मू-कश्मीर स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर ईरान से सुरक्षित वापिस लाये गये छात्रों की चार दिन की यात्रा को थकाऊ बताया तथा उन्हें बसों के स्थान पर हवाई यात्रा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने तो सरकार पर वापिस आये लोगों के पुनर्वास तथा पढ़ाई का जुम्मा तक थोप दिया।

उल्लेखनीय है कि कश्मीर से हिन्दुओं को भगाने वाले कट्टरपंथी परिवारों के हजारों छात्र वर्तमान में तेहरान, शीराज और कुम जैसे शहरों की शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लिए हुए हैं। देश में सक्रिय अनेक आतंकवादी संगठन अपने युवा सदस्यों को पढ़ाई के नाम पर ईरान जैसे देशों में भेजकर प्रशिक्षण दिलवाते हैं। वहां पर अत्याधुनिक हथियारों को चलाने, घातक बम बनाने तथा साइबर उपकरणों की प्रयोगात्मक शिक्षा दी जाती है। एक्सपोजर विजिट के नाम पर अन्य कट्टरपंथी देशों की यात्रायें भी करायी जातीं हैं जहां आतंकी संगठनों के उनका सीधा सम्पर्क हो जाता है। एक ओर देश के अन्दर राष्ट्रद्रोहियों की गतिविधियां सुनियोजित षडयंत्र के तहत चल रहीं है वही दूसरी ओर वर्तमान परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति, कूटनीति और व्यवहारिक नीति दुनिया भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां इजरायल-हमास, इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन जैसे युद्ध लम्बे समय से चल रहे हैं वहीं भारत ने पाकिस्तान को चन्द घंटों में ही सबक सिखाकर अपना परचम फहरा दिया। दुनिया के चौधरी बनने का सपना सजोने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आइना दिखाया। उनकी मध्यस्थता वाली घोषणा को सिरे से नकारा। उनके आमंत्रण को पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं का हवाला देकर अपना इरादा जाहिर कर दिया। वैश्विक स्तर पर भारत की उभरती छवि से जहां अनेक विकसित राष्ट्रों के सीने पर सांप लोट रहे हैं वहीं उन राष्ट्रों के लिए काम करने वाले मीरजाफरों की जमातें आन्तरिक कलह के लिए देश के अन्दर धरातल तैयार करने में जुटीं हैं। वर्तमान में ईरान से लौटे कश्मीरी छात्रों व्दारा पैदा किया गया घटनाक्रम एक बानगी है जिसमें अहसान फरामोशों की जमात सुरक्षाकवच में आते ही अपना असली रंग दिखाने लगी है। विदेश प्रवास पर जाने के पहले क्या भारत सरकार से कोई अनुमति, स्वीकृति या अनुबंध किया था कि मुसीबत की घडी में सरकार उत्तरदायी होगी जिसके आधार पर दावेदारी निर्धारित की जा रही है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नयी आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# आपातकाल विस्मृत न हो



डॉ. आशीष वशिष्ठ

अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है। वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है। यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया। नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नजदीकी जेल में जबरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।

आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, "आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। खास कर, युवाओं को आजाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।" देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई। संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी। आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था। 24 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा- "जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है।" इमरजेंसी के विरोध में केंद्र की बीजेपी सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है।

असल में, 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का मकसद संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को परिचित कराना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। हमें अपने कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि न्यू इंडिया के सपने को साकार कर सकें।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेषः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृषः** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**मिथुनः** रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कर्कः** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंहः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कन्याः** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी

**तुलाः** वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा

**वृश्चिकः** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनुः** बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मकर** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुम्भः** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे।

**मीनः** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में लीलौर झील का होगा विकास

## पॉण्डव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन लीलौर झील को पुनर्जीवित करने को प्रशासन ने उठाया कदम



**बरेली, 22 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्त जनपदों में विलुप्त हो रही अथवा मृत-प्राय एक नदी तथा एक झील को पुनर्जीवित तथा उनका पुर्नोउद्वार करने का दायित्व सौंपा है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त नगर निगम, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी ऑवला, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, तहसीलदार ऑवला आदि के साथ प्राचीन कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र में स्थित लीलौर झील का स्थलीय निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित लोगों से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह लीलौर झील महाभारत कालीन है और यहीं पर पॉण्डवों के अग्रज युधिष्ठिर से यक्ष ने प्रश्न किये थे। पॉण्डव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाएँ हैं। गाँव वालों ने बताया कि भारी संख्या में प्रवासी पक्षी भी यहाँ पर आते हैं। यह महाभारत कालीन लीलौर झील लगभग 52 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है और इसको एक उत्कृष्ट पर्यटन के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए इस ऐतिहासिक/पौराणिक झील को एक महत्वपूर्ण



धार्मिक/अध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिलाधिकारी ऑवला, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, तहसीलदार ऑवला, नायब तहसीलदार सिरौली, ए०डी०ओ० पंचायत रामनगर, राजस्व निरीक्षक नवाबपुरा, क्षेत्रीय लेखपाल, प्रधान/सचिव ग्राम लीलौर सहसा, प्रधान/सचिव ग्राम लीलौर बुजुर्ग, सचिव ग्राम लीलौर चाहरम, वन क्षेत्राधिकारी ऑवला रेंज, एसडीओ नलकूप तृतीय ऑवला, जल जीवन मिशन के प्रतिनिधि की एक कमेटी का गठन किया गया है। उक्त कमेटी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में काम करेंगी एवं इस कमेटी की संयोजक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) होंगी।

## आईवीआरआई का 11वां दीक्षांत समारोह 30 को

**बरेली, 22 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय-पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर 30 जून को अपना ग्यारहवां दीक्षांत समारोह स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित करने जा रहा है। इस अवसर की मुख्य अतिथि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु होंगी, जिन्होंने समारोह में सम्मिलित होने हेतु अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इसके अलावा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिती भी समारोह की शोभा बड़ाएगी। समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस दीक्षांत समारोह में 576 छात्र एवं छात्राओं (बीवीएससी एंड एएच, एमवीएससी, पीएचडी को उपाधियाँ एवं पुरस्कार दिये जाएंगे। इस दीक्षांत समारोह में 24 छात्र एवं छात्राओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 40 प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान के मेधावी छात्रों और वैज्ञानिकों को भी दिये जाएंगे। यह दीक्षांत समारोह संस्थान के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है, जिसमें देश की सर्वोच्च पदाधिकारी की उपस्थिति संस्थान के शिक्षार्थियों, वैज्ञानिकों और समस्त परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होगी।

# मोहर्रम व कांवड़ में कोई भी नई परम्परा ना डाली जाए : डीएम

### मोहर्रम और श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से हुई बैठक



**बरेली, 22 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/पुलिस क्षेत्राधिकारी से उनके क्षेत्र की समस्याओं और आगामी त्योहारों के दृष्टिगत की गयी तैयारी की जानकारी ली गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मोहर्रम व कांवड़ में कोई भी नई परम्परा ना डाली जाए। जुलूस के आगे-पीछे व दाएं-बाएं पुलिस वालों को रहना अनिवार्य है, जिससे वह निर्धारित रुटों पर ही चले मार्ग से ना भटकें। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि मुस्लिम भाई ही ताजिया निकाले, कई बार मन्नत पूरी होने पर कुछ हिन्दु भाई भी ताजिया निकालते हैं, इसका भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ के मार्गों के गड्ढों/विद्युत के तार-पोल आदि को देख लिया जाए तथा विद्युत पोल पर 10-12 फीट तक प्लास्टिक शीट को लगवा दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस/कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखी जाए तथा नाथ परिक्रमा के दौरान प्रत्येक मंदिर पर नोडल अधिकारी तैनात किए जाएं।

फूल प्रूफ तैयारी रखें कि कोई ऐसी घटना ना घटने पाए, जिससे प्रशासन व पुलिस की छवि खराब हो। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया गया कि पिछले तीन वर्ष के विवादों को लिखित रुप से सभी थानों पर भेजा गया हैं, प्रत्येक विवाद स्थल पर जाकर आवश्यक कार्यवाही अवश्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मोहर्रम के जुलूस रात को निकलते हैं लेकिन आप लोगों द्वारा भ्रमण दिन के समय व गाड़ी से किए जाते हैं, जिससे रात की समस्याओं का अंदाजा नहीं लगता है, इसलिए रात में भी भ्रणम करें और पैदल भ्रमण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हर ताजिये पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और जो ताजिया तैयार की जाने के दौरान प्रतिदिन ताजियादारों के पास जाकर ऊंचाई आदि मानकों की जानकारी दें, ताजियों की ऊंचाई व्यक्ति या वाहन के साथ 12 फीट तक ही होनी चाहिए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, मुख्य चिकित्साधिकारी विश्राम सिंह, एसीएम, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अपर नगर आयुक्त, पुलिस अधीक्षक यातायात, पुलिस अधीक्षक शहर/देहात, समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार/पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुनः जेल जाने के भय से युवक ने फाँसी लगाकर खुदकुशी की

**फिरोजाबाद , 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना दक्षिण के नगला पचिया में शनिवार की रात एक युवक ने पुनः जेल जाने के भय से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है थाना दक्षिण के मोहल्ला नगला पचिया निवासी 32 वर्षीय शिवम पुत्र रामनरेश मूल रूप से मुक्तापुर थाना अकबरपुर जिला कानपुर देहात कर रहने वाला था। वह परिवार सहित नगला पचिया में किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था, करीब 1 वर्ष पूर्व उसकी भाभी ने रेप के आरोप में उसे जेल भिजवा दिया था, जिसकी वजह से वह गांव छोड़कर फिरोजाबाद रहने लगा , 17 तारीख को एक वारंट आया जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया ,और उसने शनिवार की रात्रि फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ,मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई ।

इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है, मृतक ने अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है।

# भागवत कथा के पांचवें दिन किया श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**जसपुरा/बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)।** गौरी कलां गांव में हो रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वक्ता पंडित अशोक बाजपेई ने भक्तों को श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन,मन,धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है।

पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी।श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर,गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए।गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं।

भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें।गोप बालकों ने जाकर यशोदा माता से शिकायत कर दीद्दह्ममां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदा माता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। अच्छा खोल मुख। माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया।श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा जी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश,दिशाएं, पहाड़,द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी,बहने वाली वायु,वैद्युत, अग्नि,चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल,कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है,उसमें जम्बूद्वीप है,उसमें भारतवर्ष है और उसमें यह ब्रज,ब्रज में नन्द बाबा का घर,घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े।

## गौ सेवा आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने रविवार को गौ आश्रय स्थल अकबरपुर कुतकपुर विकास खंड जसराना का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने निरीक्षण के दौरान गौवंशों की देखभाल, चारे-पानी की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था एवं गौ आश्रय स्थल गौशाला की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने गौवंशो की संख्या, भूसा, हरा-चारा, सीसीटीवी कैमरे, ईयर टैगिंग, लाइटिंग, पानी, शेड, गर्मी से बचाव आदि की जानकारी ली। नियमित पशुओं की जांच के निर्देश दिये। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि गौवंशों को उचित देखभाल एवं पोषण मिल सके। इसके उपरांत मक्खनपुर के कान्हा गौशला का औचक निरीक्षण करने गये।

# खुलेआम ट्रैक्टरों से हो रहा अवैध बालू की ढुलाई

**नरैनी/बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)।** केन नदी के किनारे मौजूद ग्रामों में खुलेआम ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध खनन और ढुलाई का कार्य किया जा रहा है।स्थानीय और सरहद से जुड़े इलाकों के बालू माफिया ट्रैक्टरों के जरिए बालू की भरकर निकालने का काम कर रहे है। पुलिस की मिली भगत से बालू का क्षेत्र में अवैध व्यापार फल फूल रहा है। करतल क्षेत्र के बिलहरका और गिरवा क्षेत्र में जरर के मजरा छनिहा पुरवा में अवैध रूप से खननबका कार्य हो रहा है।यह यूपी और मध्यप्रदेश के माफिया मिलकर करवा रहे है। स्थानीय लोगों के बताया कि दिन रात ट्रेक्टर धमाचौकड़ी मचाए हुए है।बता दे कि केन नदी सहित अन्य नदियों में लगातार बालू की निकासी कार्य जोरो पर किया जा रहा है। तमाम जगह रात के अंधेरे में नदियों से बालू की अवैध निकासी की जाती है। जरर गांव के छानिहा पुरवा मवई के नजदीक केन नदी किनारे दिन के उजाले में ट्रैक्टरों के जरिए बालू लोड कर निकलने का कार्य किया जा रहा है। इस जगह में जनपद सहित मध्य प्रदेश के माफिया भी बालू की लोडिंग और निकासी करवाते है।खनिज माफियाओं के द्वारा यह बताया जाता है कि वह स्थानीय पुलिस और चौकी में हफ्ता देकर बालू लोड करवाने का कार्य करते है। नदी किनारे स्पष्ट तौर पर ट्रेक्टर के पहियों के निसान दिखाई देते है।जो कि इस बात का गवाह है। इस समय खनिज माफिया जोरो पर अवैध खनन का कार्य लगातार करवा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, उपचार के दौरान मौत

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** रेलवे स्टेशन शिकोहाबाद पर एक यात्री चलती ट्रेन से गिर गया जिसे उपचार के लिए आर पीएफ घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक यात्री चलती ट्रेन से गिर गया। जिसके फल स्वरुप वह गंभीर रूप से घायल हो गया ,सूचना मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंची और उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई। जहा चिकित्सक ने भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया। परंतु कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई ,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम ग्रह में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की आयु लगभग 50 वर्ष बताई गई है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, पूर्व प्रधान की मौत

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नये बाईपास पर रविवार की प्रातः अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिसके फल स्वरुप उस पर सवार पूर्व प्रधान की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है थाना नारखी के गांव रतौली निवासी 35 वर्षीय सत्य प्रकाश पुत्र कुमार पाल पूर्व प्रधान था। वह शनिवार को अपनी बहन के घर मक्खनपुर गया था, रविवार की प्रात वह बाइक से गांव लौट रहा था, तभी मक्खनपुर क्षेत्र के नये बाईपास के समीप उसकी बाइक के सामने एक स्कूटी आ गई ,जिसके फल स्वरुप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई ,जिससे सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सत्य प्रकाश ने दम तोड़ दिया। पुलिस शव को लेकर जिला अस्पताल आई इधर सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गये, जिनमें कोहराम मच गया पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है मृतक ने अपने पीछे पत्नी तीन पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है।

### ट्रेन की चपेट में आया युवक,मौत

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना लाइन पार क्षेत्र के चंदवार गेट के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है थाना लाइन पार के चंदवार गेट के समीप एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है, इधर युवक के परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तो वह भी जिला अस्पताल पहुंच गये। उन्होंने उसकी पहचान 35 वर्षीय ललितेश पुत्र भगवान सिंह निवासी संत नगर थाना लाइन पार के रूप में की है, परिजनों में शव को देख कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### अबोध बालक से कुकर्म

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना एका क्षेत्र में युवक ने एक बालक के साथ कुकर्म किया युवक उसे पकड़ कर खेत में ले गया था पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है थाना क्षेत्र एका निवासी 6 वर्षीय बालक शनिवार को खेत पर जा रहा था। उसी दौरान एक युवक वहा पर आ गया। वह बालक के साथ बातचीत करने लगा। युवक बालक को जबरन एक खेत में ले गया। आरोप है,कि युवक ने बालक के साथ कुकर्म किया। बालक के चिल्लाने पर खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ कर वहा पहुंचे। लोगो को आता देख युवक धमकी देकर वहा से भाग गया। पता चलते ही बालक के परिजन भी वहा पहुंचे। बालक की हालत देख वह लोग घबड़ा गये।परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। बालक की मां ने अवनीश पुत्र रामपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अवनीश के खिलाफ 352,351,(2),5 एम तथा लैंगिक अपराधों में धारा 6 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बालक का डाक्टरी परीक्षण जिला अस्पताल में कराया है।

### महानगर अध्यक्ष ने की ग्रीन नेट लगवाने की मांग

**फिरोजाबाद, 22 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर चौराहों एवं ट्रैफिक सिग्नलों पर हरे शेड (ग्रीन नेट) लगाए जाने हेतु अनुरोध किया हैभारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष प्रशांत माहेश्वरी ने पड़ रही भीषण गर्मी के इस मौसम में नागरिकों को राहत देने हेतु आगरा एवं गाजियाबाद जैसे नगरों में नगर निगम द्वारा प्रमुख चौराहों व ट्रैफिक सिग्नलों पर लगाये गये हरे शेड (ग्रीन नेट) की तरह यह व्यवस्था फिरोजाबाद में करवाने की मांग की है, उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से जनता, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों व राहगीरों को तीव्र धूप से बचाने में प्रभावी सिद्ध होगी। फिरोजाबाद में भी ऐसी सुविधा नागरिक हित में आवश्यक है।अतः आपसे अनुरोध है कि गाजियाबाद व आगरा की तर्ज पर फिरोजाबाद नगर में भी प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगाए जाने की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करें।

### 25 लीटर शराब बरामद

**चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना सरधुवा उनि अजहर जमाल, आरक्षी प्रदीप कुमार ने अभियुक्त सुमेर सोनकर कल्लू सोनकर निवासी सरधुवा को पांच लीटर कच्ची शराब, थाना मऊ उनि अनूप कुमार शुक्ला, आरक्षी बृजेन्द्र राय ने अभियुक्त लसाई पुत्र भण्डारी निवासी मवईकला को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# एक सप्ताह में फुके चार ट्रांसफॉर्मर,उपभोक्ता परेशान

**बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)।** गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है लेकिन बिजली विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं देता है और जबकि मालूम है कि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक है इसके बाद भी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते एक सप्ताह में 4 ट्रांसरंफर को बदला जा चुका है जिसको लेकर गांव के उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।मामला खुराहंड पावर हाउस के मनीपुर फीडर के बड़ोखर बुजुर्ग का है जहां की आबादी लगभग 15 हजार से अधिक है और बांदा सतना राज्य मार्ग किनारे चौराहे पर दो ट्रांसफार्मर 100-100 केवी के रखे हुए है। लेकिन एक सफ्ताह से लगातार ट्रांसफार्मर आते हैं और वो भी जल जाते हैं लेकिन उपभोक्ता ऐसी गर्मी में परेशान है। वहीं गांव के उपभोक्ता शुभम शर्मा, राहुल, अंकित,रामचंद्र,राजेश,रमेश आदि का कहना है कि अगर बिजली आपूर्ति दो दिन के अंदर बहाल नहीं हुई तो हम लोग जिला अधिकारी जे रिभा के पास जाकर सभी लोग अपना अपना बिल दिखाकर अपना अपना कनेक्शन कटवाएंगे और जब बिजली बहाल हो जाएगी और बरसात और गर्मी के बाद ही हम लोग कनेक्शन लेंगे क्योंकि कही तार टूटते हैं तो कहीं ट्रांसफार्मर फूंक जाते हैं।

## जनचौपाल लगाकर योजनाओं को दी जानकारी

**चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)।** शहर के लक्ष्मणपुरी मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल मे किये गये कार्यो का जनचैपाल लगाकर जानकारी दी गयी। भाजपा जिला मंत्री प्रेमलाल बाल्मीकि ने केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, संकन्या समृद्धि योजना की जानकारी घर-घर जाकर पत्रक के माध्यम से बताया गया। जनचौपाल मे मुहल्लेवासियो ने बताया कि नाले की 18 पटिया टूटी है जिसमे बरसात के समय कोई भी अप्रिय घटनाा हो सकती है इसको जल्द से जल्द ठीक कराया जाये। इस मौके पर पवन कुमार बद्री, राहुल बरार, संजय, अनिल, मुन्ना पेंटर सहित अन्य रहे।

# रिद्धिमा में गायन कार्यक्रम 'स्वर अर्पण' में गायन, गुरुओं और विद्यार्थियों ने छेड़े तराने

**बरेली, 22 जून (तरूणमित्र)।** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम स्वर अर्पण का आयोजन हुआ। इसमें गायन गुरुओं और गायन के विद्यार्थियों ने अपने स्वरों से तराने छेड़े और गीतों की बारिश की। कार्यक्रम का आरंभ फिल्म प्रेमगीत के सुप्रसिद्ध गाने 'होठों से छू लो तुम' से गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नव कनौजिया, अद्विका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने किया। विद्यार्थी अर्णव ने 'केसरिया तेरा इश्क है पिया' को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया। विद्यार्थी स्वरित तिवारी ने 'ओ रंगरेज तेरी रंग दरिया में' को अपनी आवाज दी। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डा.रजनी अग्रवाल ने 'जब मेरी हकीकत जा जा कर' गीत को प्रस्तुत किया। अतिथि कलाकार इंदू परडल ने 'मैंने लाखों के बोल सहे' को अपने अंदाज में गाया। गुरु शालिनी पांडेय ने 'नियत ए शैख भर न जाए', गुरु प्रियंका ग्वाल ने 'नजरिया लग जाएगी', गुरु स्नेह आशीष दुबे ने राग मधुवंती की छाप ताल और तीन ताल में 'शिव आदि मदवत वलवत जोगी' को श्रोताओं के सामने रखा।

अंत में गुरु प्रियंका ग्वाल और शालिनी पांडेय ने 'भरे नैना' को अपने स्वर दिए। स्वर अर्पण में वादन गुरुओं उमेश मिश्रा (सारंगी), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), टुकमनी सेन (हारमोनियम), सूरज पांडेय (बांसुरी), सुमन बिस्वास (तबला व कजन), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (कीबोर्ड व ड्रम) और विशेष सिंह (गिटार) ने अपने वाद्ययंत्रों के साथ अच्छी संगत दी। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी, आशा मूर्ति जी, आदित्य मूर्ति जी, ऋचा मूर्ति जी, डा.एमएस बुटोला, डा. शरद जौहरी, डा. पीके परडल, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा. रीटा शर्मा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भुइयार समाज के उत्थान को बेहतर शिक्षा जरूरी : वर्मा

## भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने समाज के 250 मेधावी किए सम्मानित

**बिजनौर, 22 जून (तरूणमित्र)।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने11वे वार्षिक सम्मान समारोह में भुइयार समाज के 250 मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उपसचिव केंद्रीय मंत्रालय कपड़ा सचिन देव वर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान को बेहतर शिक्षा जरूरी है। उन्होंने समाज के मेधावियों से लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने पर जोर दिया। राजमिलन बैंकट हॉल में आयोजित मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप सचिव केंद्रीय मंत्रालय कपड़ा सचिन देव वर्मा ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा मुख्य साधन है। उन्होंने भुइयार समाज के मेधावियों से लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। ताकि आगे चल समाज के



साथ राष्ट्र का उत्थान भी किया जा सके। उन्होंने शिक्षा से जुड़े विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सोसायटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि संगठन पिछले 11 वर्ष से लगातार समाज के छात्र छात्राओं को सम्मानित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहा है। अब सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। हम सब मिलकर गांव-गांव में बच्चों की काउंसलिंग करेंगे तो निश्चित तौर पर सभी बच्चे बेहतर शिक्षा से जुड़ेंगे। शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का उत्थान होगा। संगठन के संरक्षक मानसिंह भुइयार ने कहा कि हम सब मिलकर अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं। समाज के नौनिहालों में छुपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सुश्री महिमा वचस ने कहा कि समाज के विकास के लिए बालिकाओं को अच्छी शिक्षा देना जरूरी है। उन्होंने समाज के सभी मेधावियों से मेहनत के साथ पढ़ाई करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह ने कहा कि गांव-गांव में जन जागृति अभियान चलाकर बालों को के साथ बालिकाओं को भी शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ा जाए। कोषाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने समिति का आय व्यय का ब्यौरा पेश किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ शुभम सिंह, दयाराम सिंह , डॉ आलोक सिंह, अक्षय राजसिंह, डॉ संजीव कुमार भुइयार , मानसिंह भुइयार, विनोद कुमार, समाजसेवी अमरपाल सिंह, इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह, इंजीनियर उत्तम कुमार प्रधानाचार्य नंदकिशोर, इंजीनियर पुष्पेंद्र कुमार ,दरोगा पुष्पेंद्र ,सिंहप्रधानाचार्य हेम सिंह आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री केशव शरण में कार्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने समाज के 250 में मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में 16 छात्र छात्राएं टॉपर रहे। हाई स्कूल में श्रेयांश देशवाल, जय श्री, कुमारी दिव्या सिंह, सूर्यांश रघुवंशी, आयुष कुमार, चहक, दीपक कुमार ,इशिका व नैना टॉपर की सूची में रहे।

# चौडगरा कस्बे में हुई बड़ी चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

- दस लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार की नगदी बरामद
- किरायेदार महिला ने सहयोगियों संग रैकी कर मकान मालकि के घर की थी चोरी

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में पांच दिन पूर्व एक घर में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दस लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार रूपए की नगदी बरामद की है। किरायेदार महिला ने अपने सहयोगियों के साथ रैकी करके घटना को अंजाम दिया था। किरायेदार महिला अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।



रविवार को पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि चैडगरा कस्बे में मुकदमा वादी की किरायेदार पूनम पाल पत्नी बबलू पाल निवासी डिडौलिया थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात व पड़ोसी गोलू लोहार पुत्र राम प्रसाद, नीरज उर्फ पत्तर प्रजापति पुत्र इन्द्रपाल निवासीगण चौडगरा, हिमांशु विश्वकर्मा पुत्र स्व0 दीनदयाल निवासी शुक्लानगर थाना औंग, सोनू निषाद पुत्र रामप्रताप निवासी रामपुर थाना औंग ने घटना को अंजाम दिया था।

अभियुक्ता पूनम पाल, हिमांशु व सोनू निषाद ने 17 जून को दिन में मुकदमा वादिनी के घर के आस-पास लगातार निगरानी की। तत्पश्चात अभियुक्त गोलू लोहार व नीरज उर्फ पत्तन प्रजापति ने घर के तालों को सब्बल से तोड़कर जेवरात व नकदी पार कर फरार हो गए थे। 21/22 जून को मुकदमे से संबंधित अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर दस लाख रूपए के आभूषण व पांच हजार रूपए की नगदी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता पूनम पाल अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एएसपी ने बताया कि सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है। वार्ता के दौरान बिंदकी सीओ प्रगति यादव भी मौजूद रहीं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अभिषेक यादव, चौकी प्रभारी चैडगरा उपदेश कुमार, उपनिरीक्षक सुमित तिवारी, हेड कांस्टेबल ध्यान सिंह, अजय कुमार, कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, वसीम, ललित लौर भी शामिल रहे।

## मृतक की हुई शिनाख्त

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच-2 में सड़क हादसे में 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत हो गयी थी। जिसे पुलिस ने माच्युर्री हाउस में रखा दिया था। मृतक के पास से मिले आई कार्ड के मुताबिक पुलिस ने परिजनो को सूचना कर दी। जिस पर घर वालों ने मृतक की शिनाख्त की है। बताते चलें कि बीस मई को सड़क हादसे में युवक की मौत हो गयी थी। जिस पर परिजनो ने उसकी शिनाख्त रमन झा पुत्र स्व0 राजू झा निवासी देंगगांव मनियारी चैक थाना मेजरगंज जिला सीतामडी बिहारी के रूप में करते हुए बताया कि वह ट्रक चालक था। जिसकी सडक हादसे में मौत हो गयी है।

# घोष पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर

- चोरी की बाइक बरामद कर घटना का किया खुलासा

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सुल्तानपुर घोष पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की बाइक बरामद कर चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0 103/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए आरामपुर बसही तिराहे के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त राहुल पुत्र राकेश 19 वर्ष निवासी ग्राम नेवादा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित मोटरसाइकिल अपाचे व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अपराध धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त राहुल को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेजबहादुर सिंह, उपनिरीक्षक शिवानन्द सिंह, कांस्टेबल दिलीप कुमार, अनिल कुमार, प्रभाकर शाक्य शामिल रहे।

# जिला कार्यालय का प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। शहर के स्टेट बैंक के समीप आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश गर्ग गुट के जिला कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कार्यालय का फीता काटा। प्रदेश युवा अध्यक्ष संजय पांडेय व प्रदेश महामंत्री कालीशंकर श्रीवास्तव भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।



प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि उद्घाटन का उद्देश्य आम व्यापारियों की समस्याओं सुनी जा सके। छोटे व्यापारी यहां आकर अपनी समस्याएं बता सकते हैं। जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण करवाया जा सके। किसी भी ट्रेड का व्यापारी हो उसकी समस्याओं का निदान करना हमारा दायित्व है। व्यापारी उत्पीड़न बंद होना चाहिए। नहीं तो अब सड़क पर उतरने का कार्य किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का बहिष्कार किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने कहा कि जिला कार्यालय में हर समय एक स्टाफ उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष स्क्रैप मोहम्मद शमी, प्रदेश अध्यक्ष महिला डॉ. माधुरी साहू, महिला जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संगठन मंत्री रवि तिवारी, महामंत्री अमित शरण बॉबी, अमित सोनी, युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, आफाक अली, अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता, निरंजन श्रीवास्तव, शुभम शुक्ला, दिनेश साहू, राधेश्याम गुप्ता, विष्णु दीक्षित, अभय गुप्ता, बबला सोनी, अमित सोनी, मोहम्मद इरशाद कादरी, अभिलाष गुप्ता, प्रशांत केसरवानी, नीरज सोनी समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## बाइक की भिड़ंत में युवती की मौत, दो घायल

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम चांदपुर औढेरा के समीप बाइकों की हुई भिड़ंत में एक युवती की मौत हो गयी, वहीं दो लोग घायल हो गये। जिन्हे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव निवासी गनेश पासवान की 18 वर्षीय पुत्री मुस्कान उर्फ खुशी अपने साथ रिया व अमन निवासी जनपद कौशाम्बी के साथ बाइक में बैठकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही यह लोग चांदपुर औढेरा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गयी। जिससे रिया मुस्कान व अमन घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल मुस्कान को धाता सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शिक्षक संघ ने विद्यालयों के मर्जर के विरोध में सौंपा ज्ञापन

- विधायक और एमएलसी से लगाई रोक की मांग

एटा, 21 जून (तरूणमित्र)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एटा, जो अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली से संबद्ध है, ने परिषदीय विद्यालयों के प्रस्तावित मर्जर (विलय) नीति का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी और विधान परिषद सदस्य आशीष यादव को दिया गया।



शिक्षक संघ का कहना है कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद कर उन्हें अन्य विद्यालयों में मर्ज करने की योजना गांवों के गरीब परिवारों के बच्चों के हित में नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के वे नौनिहाल, जो न प्राइवेट स्कूलों में पढ़ सकते हैं और न ही दूरस्थ विद्यालयों तक पहुंच सकते हैं, ऐसे स्कूलों पर ही निर्भर हैं। शिक्षकों का कहना है कि आधार कार्ड के अभाव में नामांकन नहीं हो पाता, जिससे स्कूलों की छात्र संख्या प्रभावित होती है। यदि आधार बनाने की सुविधा एक जगह उपलब्ध हो और संसाधनों का प्रबंध सही ढंग से हो तो नामांकन स्वतः बढ़ेगा। शिक्षकों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि मर्जर की इस नीति पर पुनर्विचार कर ग्रामीण बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए' संगठन की प्रमुख मांगें विद्यालयों का मर्जर रोका जाए। बच्चों की संख्या बढ़ाने को प्राथमिकता दी जाए। बच्चों के आधार कार्ड बनाने में सहयोग हेतु ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठित की जाए।

वर्दी, जूते-मोजे आदि की धनराशि सीधे प्रबंध समिति के खाते में भेजी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख शिक्षक नेता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार फौजी, जिला मंत्री वीरपाल सिंह जाटव, कोषाध्यक्ष प्रशांत पचौरी , संयुक्त मंत्री ओमबीर सिंह, संगठन मंत्री मुकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार राजपूत, ओंकार सिंह, मनोज कुमार यादव, ब्लॉक मंत्री पुष्पेंद्र कुमार, ज्ञानेन्द्र पाल सिंह, राजेश, ओमेंद्र, मनोज, वैभव, रूपेंद्र, पुष्पेंद्र, जितेंद्र, कर्मवीर सिंह, रणधीर सिंह, अनुराग, कैलाश, अतुल, प्रमोद, अरविंद, रमाशंकर, दिग्विजय सिंह, विकास, विपिन, उमेश, देवेश, महेन्द्र, मुकेश, प्रदीप, शैलेन्द्र, रवि सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस व विद्यार्थियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन

अमरोहा, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद अमरोहा में साइबर अपराधों की रोकथाम और डिजिटल सुरक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अमरोहा पुलिस द्वारा साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम-2025 (APCSIP-2025) का आयोजन 19 जून से वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, अमरोहा में किया जा रहा है। इस इंटर्नशिप में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए 500 से अधिक चयनित छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की पहचान, रोकथाम, रिपोर्टिंग, डिजिटल फॉरेंसिक, डेटा सुरक्षा, सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे ज्वलंत विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। साथ ही केस स्टडी, थानों का भ्रमण एवं साइबर जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को 'साइबर प्रहरी' के रूप में तैयार करना है।

इसी क्रम में आज दिनांक 22 जून 2025 को द आर्यन्स क्रिकेट अकादमी, अमरोहा में एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें अमरोहा पुलिस क्रिकेट टीम और इंटर्न्स-11 टीम (साइबर इंटर्नशिप के चयनित छात्रों की टीम) आमने-सामने रहीं। इस आयोजन में पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मैच के दौरान अमरोहा पुलिस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 178 रन बनाए। कप्तानी पारी खेलते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 49 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में इंटर्न्स-11 टीम ने सराहनीय खेल दिखाते हुए 20 ओवर में 145 रन बनाए। हालांकि टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी, लेकिन युवाओं ने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया।

मैच समापन के उपरांत विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल प्रदान किए गए और उनके उत्साह की सराहना की गई। इस आयोजन में छात्रों, पुलिस अधिकारियों, आम नागरिकों और विश्वविद्यालय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे युवाओं में साइबर सुरक्षा को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

## युवक ने जहर खाकर दी जान

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाखा में गांव के बाहर खेत में संदिग्ध अवस्था में 26 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार शाखा गांव निवासी गोलू यादव ने शनिवार की शाम गांव के बाहर खेत में जाकर जहर खा लिया और कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। शाम को जब गांव वाले जब शौचक्रिया के लिए जब खेत गये तो गोलू का शव देख उसके परिजनो को सूचना दिया। जिस पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। युवक के आत्महत्या किए जाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

# ई-केवाईसी में लापरवाही पर 3 राशन विक्रेता निलंबित

मुजफ्फरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)। उ0प्र0 शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाये जाने के उद्देश्य से पिछले लगभग 01 वर्ष से समस्त कार्डधारकों की राशनकार्ड में प्रचलित यूनिटों की राशन डीलरों के माध्यम से ई-केवाईसी कराये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी अन्तिम तिथि आगामी 30 जून 2025 है।

कतिपय राशन डीलरों द्वारा ई-पॉश मशीन के माध्यम से कार्डधारकों/यूनिटों की ई-केवाईसी कराये जाने में रूचि न दिखाये जाने व लापरवाही बरते जाने का मामला संज्ञान में आते ही विभागीय वेबसाईट के अनुसार जिन राशन डीलरों के अधिकतम कार्डधारकों/ यूनिटों की ई-केवाईसी अवशेष है, उनकी उचित दर दुकानों का औचक निरीक्षक आपूर्ति निरीक्षक, तहसील सदर द्वारा पिछलों दिनों किया गया। ग्राम सभा दतियाना विकास खण्ड सदर, ग्राम अलावलपुर विकास खण्ड चरथावल तथा ग्राम अमीरनगर विकास खण्ड बघरा की उचित दर दुकाने ई-केवाईसी में लापरवाही बरते जाने के कारण निलम्बित कर दी गयी तथा 04 राशन विक्रेताओं मौ0 शोएब ग्राम पंचायत चरथावल देहात विकास खण्ड चरथावल, श्री महीपाल ग्राम पंचायत दूधली विकास खण्ड चरथावल, पवन कुमार नगर चरथावल, सुरेशबीर ग्राम खिंदडिया, विकास खण्ड पुरकाजी द्वारा ई-केवाईसी करने में रूचि न लेने के कारण उनकी जमा प्रतिभूति दण्ड स्वरूप शासन के पक्ष में जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। उ0प्र0 शासन द्वारा चूंकि ई-केवाईसी कराये जाने की अन्तिम तिथि 30 जून अत्यधिक नजदीक है, ई-केवाईसी के कार्य की प्रतिदिन विकास खण्डवार समीक्षा की जा रही है। अतः आपूर्ति निरीक्षक, तहसील सदर द्वारा आज दिनांक 22.06.2025 को राशन विक्रेताओं की एक आवश्यक बैठक तहसील परिसर, तहसील सदर में आयोजित कराते हुए राशन विक्रेताओं को राशन कार्ड में प्रचलित समस्त यूनिटों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत करने के कड़े निर्देश दिये गये। 30 जून, 2025 तक जिन राशन कार्डधारकों के परिवार सदस्यों की ई-केवाईसी अवशेष रहेगी, उनकी यूनिट शासन के निर्देशानुसार राशन कार्ड से निरस्त की जा सकती है। आपूर्ति निरीक्षक, तहसील सदर द्वारा पिछले दिनों ग्राम-गाम जाकर खुली बैठकें आयोजित करते हुए राशन कार्डधारकों से अपने-अपने राशनकार्डो में प्रचलित समस्त यूनिटों की के-वाईसी माह जून, 2025 से पूर्व कराये जाने अपील की गयी।

# संदिग्ध हालात में तीन पशुओं की मौत

- मवेशियों का इलाज जारी, पालकों को बड़ा नुकसान

बिंदकी, फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। तहसील क्षेत्र की दो अलग-अलग घटनाओं में पशुपालकों को बड़ा नुकसान हुआ है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अजमेरी पुरवा रेवाड़ी गांव में शनिवार की शाम खेतों से लौटते समय शिवकुमार पासवान की पांच भैंसों की हालत बिगड़ गई। दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन का इलाज चल रहा है। पशुपालक ने बताया कि इस घटना से उन्हें 1.3 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ हैं। घटना की सूचना पर गोपालगंज से पशु चिकित्सक डॉ. मिलन और डॉ. अरुण यादव की टीम मौके पर पहुंची। पशुपालक ने बताया कि इस घटना से उन्हें 1.3 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। मृत पशुओं का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा, जिससे मौत का सही कारण पता चल सकेगा। दूसरी घटना बिंदकी नगर के मोहल्ला मीरखपुर में हुई। कल्लू की चक्की के पास लगे लोहे के बिजली के खंभे में करंट आने से रमेश राजपूत की एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग को सूचना दी, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई। नगर पालिका परिषद की टीम ने मृत गाय के शव को हटाया। मौके पर पुलिस के साथ बजरंग दल के हर्षित द्विवेदी, सभासद आनंद सोनकर, महेंद्र साहू और सभासद प्रतिनिधि राजू भी पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली का खंभा नाली में स्थित है, जिससे अक्सर करंट की समस्या होती है। जल्दी नहीं हटाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# ज्वलनशील पदार्थ डाल पड़ोसी ने लगाई आग, महिला की मौत

हापुड़, 22 जून (तरुण मित्र)। थाना देहात क्षेत्र के शिवनगर में रंजिश के चलते 7 दिन पूर्व दबंग पड़ोसियों द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डालकर एक पड़ोसी महिला को आग लगा दी जिससे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना हापुड़ देहात के मोहल्ला शिवनगर निवासी सलोनी पत्नी दीपू ने अस्पताल में दिए गए अपने बयानों में बताया कि यह लोग हमसे रंजिश रखते है इसी का बदला लेने के उद्देश्य से इन लोगों ने मेरे ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 7 दिन बाद सलोनी ने अपनी अंतिम सांस ली उसकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसका शव फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड़ पर



रखकर जाम लगा दिया जाम की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाने की कोशिश की गई परंतु परिजन नहीं माने परिजनों का कहना है जब तक सलोनी के हत्यारे को फांसी नहीं दी जाएगी जाम नहीं खोला जाएगा खबर भेजे जाने तक परिजनों द्वारा जाम लगाया हुआ है हालांकि पुलिस का कहना है कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया बाकी जो भी होगा उनकी धर पकड़ के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

सोनभद्र, 22 जून (तरूणमित्र)। रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के विजयगढ़ किले पर रविवार की सुबह मजार के समीप एक 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलते ही फौरी तौर पर मौके पर पुलिस फोर्स मौजूद एक युवक को गिरफ्तार कर जांच में जुट गयी। बताया जाता है कि विजयगढ़ किले पर एक 55 वर्षीय इब्राहीम के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं मौके पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ कर एक युवक को गिरफ्तार कर ली है। बताया जाता है कि मजार पर इब्राहिम के द्वारा झाड़ फूक करने कार्य किया जाता था लोगों में चर्चा हो रही थी कि कहीं झाड़ फुक का कार्य तो उसकी मौत का कारण नहीं बन गया। जबकि परिजनों ने हत्या किये जाने की आशंका जताई है।

# राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती मनाएगा वैश्य समाज

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक कृष्णा लाज में आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह जी का जीवन दानपुरुष के रूप में जाना जाता है। उन्होंने महाराणा प्रताप जी को अपनी पूरी संपत्ति राष्ट्रहित में समर्पित कर दिया था।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने कहा कि राष्टभक्त दानवीर भामाशाह जी की 478 वीं जयंती समारोह 28 जून को धूमधाम के साथ मनायी जायेगी। मुख्य आयोजन दिल्ली में प्यारेलाल भवन में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 सुमंत गुप्ता के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित परिषद के युवा इकाई के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित दिल्ली प्रदेश के वैश्य विधायक एवं मंत्री उपस्थित रहेंगे। जिला संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि समारोह में जनपद से काफी संख्या में दिल्ली जाकर वैश्य शक्ति का प्रदर्शन करेंगें। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रामस्वरूप गुप्त, संजीव गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्त, उमेश अग्रहरि, मनीष गुप्ता, आशीष अग्रहरि, सत्येंद्र गुप्ता, विनोद मोदनवाल, अमित गुप्ता, गुड्डू मोदनवाल, सतीश साहू, यश गुप्ता आदि रहे।

# फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

फतेहपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उदघाटन विद्या कोचिंग सेंटर के संचालक गुरमीत सिंह आनंद मौर्य व जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष रस्तोगी व फरहत अली सिद्दकी ने किया। शिविर में बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।



रक्तदान करने वालों में सईद, बकीर, शौकत, अब्बास, दीपक सिंह, आबिद, शौकत आब्दी, अश्विन दीक्षित, अनुपम पांडेय, हेमंत कुमार, चंद्र शेखर, शिवांशु शुक्ला, प्रभात सिंह, शोभित सिंह, आकाश कुमार, सुभाष चंद्र, सुयश, गुरमीत सिंह, निधि मिश्रा, शुभम कुमार, गौरव मिश्रा, राम कुमार शामिल रहे। शिविर प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रक्तकेंद्र के सहयोग से लगवाया गया। जिससे फतेहपुर से प्रयागराज रेफर मरीजों की मदद आसानी से की जा सके। शिविर में गुरमीत सिंह ने 44 वां रक्तदान किया। कहा कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान करना चाहिए।

एक रक्तदान से चार जिन्दगियां बचाई जा सकती हैं। रक्तदान शिविर में भोजन जन सेवा समिति के तीन रक्तदाताओं, व टी मैक्स से तीन रक्तदाताओं का सहयोग रहा। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से ज्ञानी सिमरजीत सिंह, प्रधान चरणजीत सिंह, सेकेट्री परमजीत सिंह, संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से अध्यक्ष गुरप्रीत कौर, उपाध्यक्ष रितेश दीक्षित, अंचल रस्तोगी, आकाश भदौरिया, मयंक भारद्वाज, हरविंदर कौर, जिला उद्योग व्यापार मंडल से राजकुमार मिश्रा, राजकमल, जिला अस्पताल रक्तकेंद्र से परामर्शदाता दीपाली वर्मा, प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रक्तकेंद्र विभाग से पीके पांडेय, वीके तिवारी, अनुराग सिंह, अनिल कुमार तिवारी, राजेश कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार, श्याम बिहारी, आशुतोष, भानु, अनुज कुमार, दुर्गेश कुमार उपस्थित रहे।

## जयंत चैधरी के स्वागत की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

सोनभद्र, 22 जून (तरूणमित्र)। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता तथा शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री चैधरी जयंत सिंह के सोनभद्र प्रथम आगमन पर उनके स्वागत की तैयारी में कार्यकर्ता जूट गये हैं। इस क्रम में रविवार को लोकदल के जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर उनके स्वागत की तैयारी का जायजा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकताओं व नागरिकों को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है। कहा कि पूर्वांचल के आखिरी जनपद सोनभद्र में जयंत चैधरी का आगमन यहां के किसानों कामगारों के लिए वरदान साबित होगा। बैठक में राम सेवक पटेल, विवेक चतुवेर्दी, विकास पाण्डेय, पवन शुक्ला, रोहित सिंह, विजय भारती, सुनील गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह, प्रशांत, विष्णु प्रताप सिंह, सूरज चैबे, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

भारतीय handicrafts हस्तशिल्प indian continuing tradition

प्रवेश निःशुल्क प्रवेश निःशुल्क

अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजनान्तर्गत

हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ

दिनांक– 23.06.2025 से 02.07.2025 तक (10 दिन)

समय– सुबह– 10 बजे से रात्री 8 बजे तक।

प्रदर्शनी स्थल– होटल शिवाय, खलीलाबाद, संत कबीर नगर उ0प्र0

बिक्री एवं प्रदर्शनी के प्रमुख आर्कषण– बांसी जनपद– सिद्धार्थनगर की इम्ब्राइडरी शिल्प के उत्कृष्ठ एवं आकर्षक सूट, साडी, हस्तनिर्मित वस्तुओं सहित जनपद– बस्ती, संतकबीर नगर एवं गोरखपुर के आकर्षक परिधान सहित अन्य गृहोपयोगी सजावटी वस्तुएं प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

प्रायोजक– कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।

आयोजक– कपिलवस्तु हैण्डीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लि0– बांसी, सिद्धार्थनगर उ0प्र0।

एक बार अवश्य पधारें।

# समय सीमा उपरान्त सभी वादों की डे-बाई-डे सुनवाई करें एसडीएमःडीएम

**बहराइच, 22 जून (तरूणमित्र)।** शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिया कि दायरे के सापेक्ष निस्तारण की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि दायरे से कम निस्तारण नहीं होना चाहिए। डीएम ने कहा कि जिन ग्रामों के अधिक वाद हों, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी ऐसे गांवों का नियमित रूप से भ्रमण कर वास्तविक स्थिति से अवगत हों। डीएम ने कहा कि ग्राम के भ्रमण के दौरान सम्बन्धित ग्राम से सम्बन्धित आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी जायजा लें जिलाधिकारी ने पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा 24, 116, 34 एवं 67 का कोई भी वाद 03 वर्ष से 05 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि का लम्बित न रहने पाये।

डीएम ने कहा कि धारा 34 के समय सीमा उपरान्त सभी वादों का निस्तारण माह जून में कर दिया जाय इसके अलावा धारा 80 का कोई भी वाद समय सीमा के उपरान्त लम्बित न रहने पाये। समस्त



उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा 24 व 116 के समय सीमा उपरान्त सभी वादों की दिन प्रतिदिन सुनवाई करते हुए।

निस्तारित कराएं इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी महसी आलोक प्रसाद, कैसरगंज के अखिलेश कुमार सिंह, बहराइच सदर की श्रीमती पूजा चौधरी, नानपारा के लालधर सिंह यादव, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के प्रकाश सिंह, एसडीएम न्यायिक नानपारा संजय कुमार, सम्बन्धित तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार तथा कलेक्ट्रेट के पटल सहायक मौजूद रहे।

## ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच, 22 जून (तरूणमित्र)।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क ओ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# आयुक्त देवीपाटन मंडल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिलकर किया संवाद

**श्रावस्ती, 21 जून, (तरूणमित्र)।** देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम-मोतीपुर कलां वि0ख0 सिरसिया के पंचायत भवन में स्वयं सहायता समूहों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने तमन्ना स्वयं सहायता समूह, मां गंगे स्वयं सहायता समूह, ज्योति स्वयं सहायता समूह के उत्पाद क्रमशः गुलाब जल उत्पादन, मूज की डलिया/ओडिया कला व गोन्द की बनाई जाने वाली चटाई को देखा गया, जो प्राकृतिक वस्तुओं से बनाई जा रही हैं। समूह द्वारा किये जा रहे कार्य की आयुक्त ने सराहना की। इसके अलावा अन्य 03 अन्य समूह के सदस्यों से भी वार्ता की उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लाक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि की समूह के कोषाध्यक्ष को प्रशिक्षित किया जाय, जिससे व समूह के आय-व्यय का ब्यौरा रख सकें तथा इसके बनाये जाने वाले उत्पादों की मार्केटिंग पर पूरा ध्यान दिया जाय।



कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। कई ग्रामीणों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने तथा कुछ महिलाओं द्वारा विधवा पेंशन दिलाये जाने की मांग की गई, जिस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया को निर्देशित किया कि पात्रता की जाँच कराकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, डीसी एन आर एल एम राजीव कुमार सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रही।

# तालाब बना जहर की झील, प्रशासन बेखबर

**बाराबंकी, 22 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत तिलोकपुर का पूर्वी टोला इन दिनों जलभराव और गंदगी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। मुख्य तालाब से बहता गंदा पानी टोले की गलियों और घरों के पास जमा हो जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।स्थानीय निवासी जय प्रकाश यादव (एडवोकेट) ने इस गंभीर समस्या को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत (संख्या 40017625036860) दर्ज कराई है और उसकी प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी सहित तमाम अधिकारियों को भेज दी गई है।शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि गांव में नालियों और जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। गंदे पानी में सांप और जहरीले कीड़े घूम रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। कई बार पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर तक गुहार लगाई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।ग्रामीणों की माँग है कि विशेष ग्राम सभा बुलाकर सफाई अभियान चलाया जाए और इस मामले को प्राथमिकता योजना में शामिल कर जल निकासी व कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था कराई जाए।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिकायतकर्ता जय प्रकाश यादव ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस पूरे मामले को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (ढक्छ) दाखिल करेंगे। उन्होंने साफ कहा है कि यदि इस उपेक्षा के कारण किसी ग्रामीण की जान जाती है, तो उसकी पूरी ज़िम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।यह मामला सिर्फ एक गांव की समस्या नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि ₹स्वच्छ भारत अभियान₹ और ₹जल जीवन मिशन₹ जैसी सरकारी योजनाएँ जमीनी स्तर पर कितनी नाकाम साबित हो रही हैं। सवाल यह है कि जब शिकायत सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँच गई है, तो क्या अब भी प्रशासन की नींद खुलेगी?

## मंडलायुक्त ने इंडो -नेपाल सुईयां बार्डर का किया निरीक्षण

**भिनगा/श्रावस्ती, 21 जून, (तरुण मित्र)।** 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा द्वारा अपने कार्यक्षेत्र की बाहरी सीमा चौकी सुइयां में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी समन्वय तथा विकासात्मक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु विचार-विमर्श करना रहा। इस बैठक में राजस्व विभाग, देवीपाटन मंडल जनपद गोंडा से पधारे मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील (आईएएस), पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया (आईपीएस), मुख्य विकास अधिकारी मो. शाहिद अहमद (आईएएस), कार्यवाहक कमांडेंट 62वीं वाहिनी ललेंद्र रत्नाकर तथा उप कमांडेंट निरूपेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीमा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक, सुरक्षा एवं विकासात्मक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थितियों का जायजा लिया तथा सुइयां चेक पोस्ट का भ्रमण भी किया।

# श्रवणधाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

**अम्बेडकरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून 2025 के अवसर पर श्रवणधाम के पवित्र स्थल पर धर्मराज निषाद विधायक कटेहरी एवं ब्लाक प्रमुख कटेहरी अनिल कुमार उर्फ मौसम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अम्बेडकरनगर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गयाविधायक कटेहरी के द्वारा योग का संकल्प उपस्थित जन समुदाय को शपथ के रूप में दिलाते हुए।

बताया गया कि हमें अपना जीवन भारतीय योग परंपरा से जोड़ते हुए अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए इससे न केवल हमारा स्वयं का स्वास्थ्य बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होता है। योगासन एसोसिएशन अम्बेडकरनगर के सचिव अनिल कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। जनपद से योगासन खेल में खिलाडियों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग कराने का कार्य एसोसिएशन कर रहा है। योग प्रशिक्षक रागिनी के द्वारा हर्षिता सिंह, श्वेता सिंह,अनामिका के साथ योग का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया, जिसमें स्थानीय आम जनमानस द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया।मौके पर मंडलअध्यक्ष श्रवण क्षेत्र लाल बहादुर पाल,शिवबाबा के पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी, भाजपा नेता महेंद्र गौण, मीडिया प्रभारी अतुल द्विवेदी मीडिया से विवेक पांडे, श्रवण क्षेत्र तमसा/गंगा आरती से जुड़े पंडित सुनील मिश्रा,अरूण कुमार सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, विश्वनाथ श्रवणधाम ग्राम पंचायत-चिउटीपारा प्रधान शकुन्तला देवी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)।** थाना को0 जलालपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थीनीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-235/25 धारा 69, 351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त राज बाबू उर्फ. राज पुत्र सुभाष चंद्र को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निदेर्शानुसार अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आज रविवार को थाना को0 जलालपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र देखभाल व तलाश वांछित अभियुक्त चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-235/25 धारा-69, 351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त राज बाबू उर्फ. राज पुत्र सुभाष चंद्र उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम मोइनुद्दीनपुर थाना सम्मनपुर जनपद अंबेडकरनगर को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के पट्टी चौराहे से आगे सुरहुरपुर रोड के पास से समय करीब 11.40 बजे गिरफ्तार किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी संतोष कुमार सिंह,,उ0नि0 गुलाम रसूल , हे0का0 रामकिशोर सिंह थाना जलालपुर जनपद-अम्बेडकर नगर शामिल रहे।

### जलभराव की समस्या से जूझ रहे मियां का पुरवा गांव के लोग

**त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 22 जून (तरूणमित्र)।** में त्रिवेदीगंज क्षेत्र के मकनपुर स्थित मियां का पुरवा जाने वाले संपर्क मार्ग पर भारी जलभराव हो गया है। पिछले साल जिला पंचायत विभाग द्वारा बनाई गई आरसीसी सड़क पर दो फीट तक पानी भर गया है। स्थानीय



व्यापारियों के अनुसार, सड़क निर्माण में नियमों की अनदेखी की गई थी। इसका नतीजा है कि बारिश के दौरान सड़क पर पानी जमा हो जाता है। बाइक सवारों की गाड़ियों के साइलेंसर में पानी भर जाने से वाहन बंद हो जा रहे हैं। कई लोग गंदे पानी में गिर भी रहे हैं।स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या की शिकायत की, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बरसात से पहले ही अधिकारियों को जलभराव रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी।

### शादी का झांसा देकर शोषण व जबरन गर्भपात कराने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिनगा/श्रावस्ती, 22 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में थाना स्थनीय पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 299/2925 धारा 69,91 इठर से सम्बन्धित अभियुक्त सद्दाम हुसैन उर्फ लड्डन पुत्र जिमीदार निवासी अम्बरनगर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गढ़ी चौराहे से परसिया जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। पिन्टू सा0 एकघरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती ने थाने पर एक तहरीर प्रस्तुत किया जिसमें सद्दाम उर्फ लड्डन द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने जिससे वादिनी के 05 गर्भवती हो जाने के उपरान्त उसकी शादी 02 माह पूर्व अन्य स्थान पर करा देने जहाँ जाने पर ससुराल पक्ष के लोगो द्वारा वादिनी के गर्भवती होने के कारण वापस सद्दाम उर्फ लड्न के पास भेज देने जहाँ पर अभियुक्त द्वारा वादिनी की तबियत खराब होने पर वादिनी को कोई ऐसी दवा खिला देने जिससे दिनांक 20.06.2025 को समय 18.00 बजे वादिनी का 07 माह का गर्भ मिस्केरज होने जिससे बच्चे की मृत्यु हो जाने के बारे में बताया गया इस पर थाना स्थानीय पुलिस पर मु0अ0सं0 299/2025 धारा 69/91 इठर कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया।

### न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से परिवादिनी को मिला न्याय

**बहराइच , 22 जून (तरूणमित्र)।** श्रीमती रत्ना पत्नी रमेश निवासी ग्राम गुलहरिया पो. हरिहरपुर थाना टेड़ियावा जिला हरदोई ने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. द्वारा क्लेम हेड आफिसर/लीगल मैनेजर, लखनऊ के विरुद्ध योजित परिवाद सं. 21/2021 में परिवादिनी का पुत्र जसयंत पुत्र रमेश के नाम वाहन सं. यूपी 30 ए.आर. 5368 मोटर साईकिल का बीमा कराया था, जिसमें उसने अपनी मां को नामनी बनाया था। बीमा अवधि में वाहन स्वामी का लखनऊ बहराइच मार्ग पर दुर्घटना में 16 अप्रैल 2019 को मृत्यु हो गयी। मृतक का पोस्टर्माटम भी हुआ ।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष सहित चार नामजद

**बीडीओ के साथ क्षेत्र पंचायत बैठक में गाली-गलौज, शासकीय अभिलेख कब्जे में लेने व फर्जी हस्ताक्षर का आरोप**

**आजमगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)।** जिले के हरैया विकास खंड में 16 जून को आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) रवि कुमार के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। बीडीओ ने रौनापार थाने में तहरीर देकर प्रमुख प्रतिनिधि सहित चार नामजद व्यक्तियों संतोष सिंह, मिस्टर सिंह, निशू सिंह, रामसिंगार यादव और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि इन लोगों ने बीडीओ के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की, मारपीट की कोशिश की और उन्हें बंधक बनाए रखा।बीडीओ ने बताया कि वह सुबह 10 बजे बैठक के लिए कार्यालय पहुंचे और लेखाकार शंभु प्रसाद को सदस्यों के हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया। इस दौरान सूचना मिली कि प्रमुख कक्ष में कुछ लोग उपस्थिति रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर कराने की कोशिश कर रहे हैं। बीडीओ ने केवल वास्तविक सदस्यों से हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद संतोष सिंह और अन्य लोग उनके कक्ष में घुस आए और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया।

आरोपियों ने शासकीय अभिलेख और उपस्थिति रजिस्टर कब्जे में ले लिया,। जिसमें फर्जी हस्ताक्षर होने की आशंका जताई गई है। बीडीओ ने तत्काल थानाध्यक्ष, 112 नंबर और जिला विकास अधिकारी को सूचना दी। सीओ सगड़ी शुभम तोदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

# एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बहराइच, 22 जून (तरूणमित्र)।** ' कालेपन से परेशान लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। डार्कनेश के कारण महिला या पुरुष की शादी में आने वाली रुकावटों से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकते हैं। सर से लेकर पैर तक गोरा होने का ट्रीटमेंट अब आपके बहराइच में उपलब्ध है। अब लखनऊ जाने की जरूरत नहीं है। दरअसल बहराइच में दैनिक भास्कर कार्यालय के पास ईवा स्किन, एण्ड हेयर एस्थेटिक लेजर क्लीनिक खुल गया है। जिसका शुभारंभ 22 जून को दैनिक भास्कर के ब्यूरो हेड, कुतुब अंसारी ने एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर किया है। जहां डॉ यासमीन द्वारा आधुनिक लेजर मशीनों से सफल इलाज किया जाता है ' जैसे सफेद दाग, बालों का गिरना, धीमी ग्रोथ, गंजापन, डिलीवरी के बाद पेट पर आने वाले स्क्रेच मार्क, पुरानी से पुरानी खुजली, दाद, एलर्जी, आंखों के काले



घेरे, गर्दन, कोहनी और घुटनों का कालापन, चेहरे के दाने, झाइयां, गड्ढे, धब्बे, तिल, चोट के निशान, सिकुड़न, चेहरे के रोये, हाइड्रा फेशियल, वैम्पायर फेशियल, कोरियन ग्लास फेशियल, वा शरीर पर बने टैटू से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकते हैं। साथ ही साथ अपने होंटो को मनचाहा लुक भी दे सकते हैं। पहले दिन निःशुल्क सेवा और निःशुल्क दवाइयां वितरण की गई हैं। क्लीनिक का समय प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार 2 बजे से शाम 6 बजे तक है '

## आयुक्त की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती, 22 जून, (तरुणमित्र)।** देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद व अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)अमरेन्द्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में तमाम विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक कार्यक्रम/आकांक्षात्मक ब्लाक कार्यक्रम जमुनहा एवं नीति आयोग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में आयुक्त ने कहा कि देश के विकास के लिए देश एवं प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन विभिन्न विभागों के माध्यम से किया जा रहा।

# डीएम की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बहराइच , 22 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के निकायों में टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से सी.सी.टी.वी. कैमरो की स्थापना, इण्टरलॉकिंग व सी.सी. रोड का निर्माण, एल.ई.डी., सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के लिए उपकरण, मोबाइल टॉयलेट एवं वाटर कूलर क्रय इत्यादि के प्रस्तावों के अनुमोदन/स्वीकृति हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन का पालन सुनिश्चित कराते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाय।

सी.सी. रोड व इण्टरलाकिंग निर्माण प्रस्तावों के अनुमोदन पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रस्तावों के साथ लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या का भी उल्लेख भी किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि सी.सी.टी.वी. कैमरों के संचालन के लिए विद्युत के साथ-साथ सोलर एनर्जी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये ताकि स्थापित कैमरे राउण्ड द क्लाक क्रियाशील रहें।

उन्होंने नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निकायों में जुलूस मार्गो तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर सी.सी.टी.वी. कैमरे अवश्य स्थापित किये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि स्थापित किये गये सी.सी.टी.वी. कैमरों की प्रभावी ढंग से मॉनीटरिंग भी की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि तकनीकी स्वीकृति का अधिशासी अधिकारी अपने स्तर से भी अवश्य परीक्षण कर लें। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि वर्षा ऋतु से पूर्व नाली नालों की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव भी कराया जाय।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद, अध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा डॉ. उमा शंकर वैश्य, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत

**कैसरगंज(थाना), 22 जून (तरूणमित्र)।** कैसरगंज कोतवाली अन्तर्गत नेशनल हाइवे पर अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के निकट एक प्राइवेट एसी बस ने एक बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी।जिसमें बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरवल की ओर से बाइक पर बैठ कर तीन युवक कैसरगंज की ओर आ रहे थे कि अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के निकट नेशनल हाइवे पल पीछे से एक प्राइवेट ए0सी0 बस ने टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार मोहम्मद नादिर पुत्र अब्दुल कादिर उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी चक सौगहना रुकनापुर खुर्द थाना फखरपुर की मौके पर मौत हो गई जबकि पीछे बैठे आसिफ पुत्र सरफुद्दीन निवासी कटरा जरवल व सुफियान पुत्र जियाउर्रहमान निवासी चक सौगहना थाना फखरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल दोनो युवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होने।

# त्रिलोकपुर के पूर्वी टोला में जबरदस्त जलभराव, जिम्मेदार मौन

**बाराबंकी, 22 जून (तरूणमित्र)।** विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत तिलोकपुर का पूर्वी टोला इन दिनों जलभराव और गंदगी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। मुख्य तालाब से बहता गंदा पानी टोले की गलियों और घरों के आस पास जमा हो जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।स्थानीय निवासी जय प्रकाश यादव (एडवोकेट) ने इस गंभीर समस्या को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत (संख्या 40017625036860) दर्ज कराई है और उसकी प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी सहित तमाम अधिकारियों को भेज दी गई है।शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि गांव में नालियों और जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। गंदे पानी में सांप और जहरीले कीड़े घूम रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। कई बार पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर तक गुहार लगाई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।ग्रामीणों की माँग है कि विशेष ग्राम सभा बुलाकर सफाई अभियान चलाया जाए और इस मामले को प्राथमिकता योजना में शामिल कर जल निकासी व कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था कराई जाए।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिकायतकर्ता जय प्रकाश यादव ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस पूरे मामले को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (ढक्छ) दाखिल करेंगे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**बाराबंकी, 22 जून (तरूणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुरूप सी एच सी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया । इस दौरान पी एच सी बदोसराय पर एसीएमओ डॉ डी के श्रीवास्तव ने पहुंचकर आरोग्य मेले की हकीकत परखी। और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा वार्ड ब्वाय त्रिभुवन सिंह एलटी शुभम अवस्थी एस एम धीरेन्द्र वर्मा एस एल ए रामतीरथ गौतम एन एम कौशल्या देवी की मौजूदगी में 48 मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया यहां का फुट फाल 200 रहा। इस दौरान एसीएमओ डॉ डी के श्रीवास्तव ने यहां पहुंच कर आरोग्य मेले की हकीकत परखी और साफ सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखे जाने के निर्देश दिए।इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 24 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ फुट फाल 80 रहा । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर संजय गुप्ता फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में 39 मरीज देखे गए। फुट फाल 100 रहा।इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम में बदलाव के कारण जुखाम बुखार जैसी बीमारियां अपने पांव पसार रही हैं इसलिए आप सभी लोग साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें उबला हुआ पानी पिए बार बार बुखार आने की बार-बार शिकायत होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं ।

# भारतीय पुलिस के इतिहास पर विशेष व्याख्यान प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**श्रावस्ती, 22 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन में ज्वॉइनिंग ट्रेनिंग कोर्स के अंतर्गत आरक्षियों हेतु इंडोर प्रशिक्षण कक्षाओं के प्रथम दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा भारतीय पुलिस का इतिहास उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान देते हुए प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत की गई।

पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में पुलिस संगठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संस्थागत विकास, स्वतंत्रता पूर्व व पश्चात उत्तर प्रदेश पुलिस की संरचना एवं भूमिका, तथा वर्तमान में पुलिसिंग की बदलती चुनौतियों एवं जन अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा न केवल कर्तव्य, अनुशासन और



जिम्मेदारी का प्रतीक है, बल्कि यह जनता के विश्वास और संवेदनशीलता पर आधारित सेवा भाव भी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण प्राप्त करने, कर्तव्यों के प्रति सजग रहने एवं मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील बने रहने हेतु प्रेरित किया। खळउ प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी दिनों में प्रशिक्षुओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें आरक्षियों के कर्तव्य एवं शक्तियाँ, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 का सामान्य परिचय, सम्पत्ति संबंधी नियम, भारतीय संविधान के अनुसार मूल कर्तव्य (अनुच्छेद 51 ए), आचरण की मर्यादाएँ, मानवाधिकारों की अवधारणा, लैंगिक संवेदनशीलता, महिला पुलिस की भूमिका, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, पुलिस आचरण में पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता का प्रभाव, तथा पुलिस कार्य में नैतिकता एवं जवाबदेही जैसे विषय सम्मिलित हैं। वर्तमान में कुल 129 प्रशिक्षु आरक्षी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं,

जिनमें से 105 पुरुष आरक्षी अंबेडकर नगर जनपद से तथा 24 महिला आरक्षी लखनऊ जनपद से हैं। प्रथम दिवस के इंडोर सत्र में प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रशिक्षण प्रभारी, एवं प्रशिक्षु आरक्षीगण उपस्थित रहे।

## सै0 चमन मेंहदी जैदी की प्रेरणा से कांग्रेस पार्टी का बढ़ा कारवां

**अम्बेडकरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्दढनिश्चयी व्यक्तित्व से प्रभावित होकर आज युवाओ ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया उक्त बातें ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कही।उन्होंने कहा राहुल गांधी का सत्यवादिता ओर द्दढनिश्चयी होना युवाओं को प्रभावित कर रहा है,लोग राहुल गांधी से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ₹छोटू₹,सै चमन मेंहदी जैदी, राजमणि वर्मा ने कहा हम सभी संगठन सृजन अभियान के तहत गांव गांव जा रहें वहां युवाओं में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है।कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र₹बबलू₹ ने बताया आज सै चमन मेंहदी की प्रेरणा से 5 युवाओ ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी के हमराह हों गये। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संदीप, मिर्जा अब्दुल बेग,अमन वर्मा,सौरभ यादव,कायम अब्बास है।वही युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने ग्राम सभा जैतपुर निःशुल्क खून जांच कैम्प का आयोजन किया।जिसमें प्रमुखता ब्लड शुगर ,हीमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉल, कैल्शियम, लिपिड प्रोफाइल बेसिक आदि जांचों का ब्लड सैंपल लिया गया।

# सेवाभाव के साथ उपचार ही शीर्ष प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## एमजीयूजी परिसर के हॉस्पिटल व गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सकों के साथ सीएम योगी ने की बैठक



**गोरखपुर, 22 जून (तरूणमित्र)।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) परिसर के हॉस्पिटल एवं गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सकों का आह्वान किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मरीज उपचार के बिना वापस न जाए। सेवाभाव के साथ उपचार ही शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। पैसा किसी के भी इलाज में बाधक नहीं बनना चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार रात एमजीयूजी परिसर के मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल और गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के करीब सवा सौ चिकित्सकों के साथ बैठक कर रहे थे। गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में हुई बैठक में सीएम योगी ने कहा कि भौगोलिक रूप से अलग-अलग होने के बावजूद दोनों चिकित्सालय एक यूनिट हैं। दोनों को मिलकर और समन्वय बनाते हुए उपचार करना है। उन्होंने बताया कि गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय की भांति बालापार स्थित एमजीयूजी परिसर के हॉस्पिटल में भी अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। अगले माह से सीटी स्कैन, एमआरआई की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि एमजीयूजी के मेडिकल कॉलेज/हॉस्पिटल के पास योग्य चिकित्सकों की फौज है। यहां मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की सेवा भी ऑनलाइन आईसीयू में उपलब्ध है। एम्स के रिटायर्ड चिकित्सक भी सेवा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा सामूहिक प्रयास से इमरजेंसी सेवा को निरंतर उत्कृष्ट बनाते रखने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने चिकित्सकों से उनका फीडबैक भी लिया और कहा कि हर मरीज को तत्काल फर्स्ट एड मिलना चाहिए। गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक बालापार के हॉस्पिटल में भी मरीजों को देखें। गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय में जगह न होने पर बालापार के हॉस्पिटल में भर्ती कर मरीज को सभी सुविधा दें। कोई भी मरीज उपचार बिना वापस न जाए। यह ध्यान रखें कि मरीजों की सेवा ही दोनों अस्पतालों के ध्येय है। पैसा किसी की दवा में बाधक न बने। मुख्यमंत्री के साथ हुई इस बैठक में एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु दीक्षित, डॉ. राजीव श्रीवास्तव, एमजीयूजी के मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. रोहित एलानी, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. मनोज गुप्त, डॉ. एपी त्रिपाठी, डॉ. घनश्याम सिंह, डॉ. समृद्धि, डॉ. सीवी मद्धेशिया, डॉ. केके शाही सहित करीब सवा सौ चिकित्सक मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

**संतकबीरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)।** कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित एवं महाराजगंज हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटिड महाराजगंज के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम (सी0डी0ए0पी0) का उद्घाटन स्थानीय सूरज मैरिज हाल के सभागार में फीता काटकर मुख्य अतिथि संगीता गुप्ता सभासद नगर पालिका परिषद महराजगंज के द्वारा दिनांक 20 जून को किया गया। उक्त अवसर पर विशिष्ट आतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार उपस्थित रहे। तदोपरांत उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर आयोजक कम्पनी के निदेशक मण्डल के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता गुप्ता सभासद नगर पालिका परिषद महराजगंज ने कहा कि इस प्रकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेकर हस्तशिल्पियाँ एक सफल हस्तशिल्पी बनकर अपना, समाज का एवं देश का विकास करें। साथ ही मुख्य अतिथि ने हस्तशिल्पियों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। आगे उन्होंने कहा कि सदियों से भारत की पहचान हस्तशिल्प के कारण अद्वितीय हुआ करती थी जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकासशील स्थिति में पहुच चुका है जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था एवं शिल्पियों के आर्थिक स्तर के उत्थान में काफी योगदान रहा है। इस प्रकार के शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम से हस्तशिल्पियों को स्वावलंबन के साथ साथ इस कला का पुर्ण रूप से वाणिज्यिक उपयोग कर सफल उद्यमी बन जीवन स्तर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उक्त के क्रम में आज दिनांक 21 जून को हस्तशिल्प सेवा केंद्र वाराणसी से आए श्री शेर सिंह सी.टी .ओ. ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उक्त अवसर पर शेर सिंह सी.टी .ओ. ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 20 चयनित हस्तशिल्पियों हेतु यह तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम एनएचडीपी के अधीन ए0एच0वी0बाई योजना के अंतर्गत जनपद महाराजगंज में संचालित है तथा यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है जो कि अनवरत दिनांक 22 जून तक चलेगा। इस अवसर पर मास्टर क्राफ्ट परसन/रिसोर्सपरसन के रूप में वाराणसी से दुर्गा प्रसाद एवं रमेश कुमार, रही एव नजमा खातून ने अपने अपने शिल्प का सजीव प्रदर्शन किया तथा विस्तारपूर्वक शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम की परिभाषा उसके लाभ तथा उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया।

# चोरी की 2 घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

**देवरिया, 22 जून (तरूणमित्र)।** जनपद की भलुअनी पुलिस ने चोरी की 2 घटनाओं का खुलासा किया करते हुए बाल अपचारी सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है तथा चोरी का 1 टूल्लू व 1 मोटर पंप बरामद किया है। भलुअनी पुलिस ने मु0अ0सं0-105/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 व मु0अ0सं0 109/2025 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त अंकित उर्फ लालू पुत्र स्व0 भागीरथी व एक बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर बढ़पुरवा गाँव के पास से गिरफ्तार करते हुए उनकी निशानदेही से उसी गाँव के सिवान में सरपत में छिपा कर रखे गए चोरी का विद्युत मोटर पम्प व एक टुल्लू पम्प बरामद किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने 12 जून को अज्ञात चोर द्वारा मकान के बाउण्ड्री के अन्दर घुसकर विद्युत मोटर चोरी करना व पोखरी पर लगे विद्युत मोटर चुरा लेने के सम्बन्ध में केस दर्ज कराया था। उक्त सूचना पर भलुअनी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त चोरी गये विद्युत मोटर पंप व टूल्लू पंप को बरामद कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

## आयुषी ने नीट परीक्षा में 17130 रैंक प्राप्त किया

**देवरिया, 22 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के विकास खंड बैतालपुर के ग्राम भालीचार के स्व. शम्भू नरायन सिंह उर्फ झल्लूर बाबू की पौत्री आयुषी सिंह ने नीट परीक्षा प्रथम प्रयास में ही अपने कैटगरी में आल इंडिया में 17130 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा पीएन एकाडमी देवरिया से टाप कर उत्तीर्ण किया है। इनके पिता श्री राम प्रताप सिंह वर्तमान में पशुपालन विभाग में क्लर्क के पद पर विकास भवन देवरिया पदस्थ हैं। इनकी माता रागिनी सिंह गृहिणी हैं। स्थानीय विधायक जय प्रकाश निषाद ने इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। पशुपालन विभाग के लोकेश सिंह, कृष्णकांत तिवारी, राजनारायन चतुर्वेदी, निशाकान्त तिवारी, पीयूष श्रीवास्तव, विवेक यादव व राकेश कुमार भारती आदि ने नीट परीक्षा में सफल होने पर खुशी जताई एवं भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में विशेष पहचान बनाकर समाज सेवा करने हेतु कहा।

## पगरा पड़री में सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

**राजापाकड़/कुशीनगर , 22 जून (तरूणमित्र)।** पगरा पड़री ग्राम पंचायत के बसंतपुर रामलगन राय गांव में सड़क पर किए गए अतिक्रमण को शनिवार को हटवा दिया गया। यह कार्रवाई राजस्व विभाग की टीम द्वारा तहसील दिवस व समाधान दिवस पर की गई शिकायत के आधार पर की गई।ग्रामीण रामनरेश ने उच्चाधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र देकर सड़क से कब्जा हटवाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 60, रकबा 0.470 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में सड़क के रूप में दर्ज है, जिस पर पिच मार्ग बना है। इसके बावजूद कुछ लोगों ने सड़क के किनारे झोपड़ी और पुआल रखकर अवैध कब्जा कर लिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी राजस्व निरीक्षक अश्वनी राय, वेदप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल रजनीश उपाध्याय, शैलेश मिश्र, विजयदेव सिंह, बबीता गौतम व प्रियंका त्रिपाठी की टीम गठित की। शनिवार को दोपहर बाद राजस्व टीम पटहेरवा पुलिस के सहयोग से मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकारियों आस मोहम्मद, ईसा व सबुजनी द्वारा सड़क पर डाली गई झोपड़ियां व पुआल आदि हटवाया।

# सुरेन्द्र ने मुख्यमंत्री के सामने उठाया भ्रष्टाचार, प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा



**बस्ती , 22 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र सोशल मीडिया के क्षेत्रीय सह संयोजक सुरेन्द्र चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोरखपुर में शिष्टाचार भेंट किया।सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि बस्ती जनपद से जुड़े कई अहम समस्याओं, स्थानीय प्रशासन की उदासीनता, अपराध की बढ़ती घटनाओं और बुनियादी सुविधाओं की घोर अनदेखी, मुण्डेरवा में जल निगम की बंद टंकी को शुरू कराने, जैसे अनेक मुद्दों को उन्होने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

उन्होने मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया कि किस प्रकार बस्ती जनपद में शासन की योजनाएं फाइलों और रिपोर्टों में तो जिंदा हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर न जनता को राहत मिल रही है और न प्रशासन से संतोषजनक प्रतिक्रिया। सुरेन्द्र ने बताया कि वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वे अति शीघ्र अधिकारियों से वार्ता कर जांच कराते हुये दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### करोड़ों की बंजर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, कड़ी कार्रवाई करे प्रशासन

**बस्ती , 22 जून (तरूणमित्र)।** मुंडेरवा नगर पंचायत की करोड़ो की सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। हल्लौर नगरा निवासी रामनानंद यादव ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तत्काल कार्यवाही की मांग किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रमेश चौधरी नामक व्यक्ति, जो पहले से ही खाता संख्या 10, गाटा संख्या 183 में अपने हिस्से का मालिक है। उसके द्वारा कथित रूप से इससे कहीं अधिक भूमि पर अवैध कामर्शियल दुकान एवं मकान बनवाया जा रहा है जिसका नक्शा संदिग्ध है।यह भूमि निवासी तिघरा, जगरनाथपुर, परगना महुली पश्चिम, जनपद बस्ती में स्थित है। सुशीला, पत्नी उजागिर इसकी स्वामी हैं। इसमे 5 बिस्वा इन्होने बैनामा ले रखा है और कब्जा इससे दोगुने रकबे पर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रमेश चौधरी और उनके परिवार के दबंग रवैये के चलते आसपास के लोग भयभीत हैं और विरोध करने से कतरा रहे हैं।आरोपी बेहद दबंग और जासलाज किस्म का व्यक्ति है। स्थानीय निवासियों की मांग है कि जिला प्रशासन तत्काल प्रभाव से राजस्व टीम भेजकर भूमि की पैमाइश कराए और जो भी हिस्सा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है उसे तत्काल खाली कराया जाए। यह कदम ना सिर्फ सरकारी संपत्ति की रक्षा करेगा, बल्कि भविष्य में नगर पंचायत मुंडेरवा की जरूरतों के लिए ।

### हरिओम योगा सेवा संस्था ने ग्यारहवां योग दिवस मनाया

**तमकुहीराज/कुशीनगर , 22 जून (तरूणमित्र)।**योगाचार्य निक्की मद्धेशिया द्वारा कसया में स्थित कुशीनगर वृद्धाश्रम के प्रांगण में योग करवाया गया। योगाभ्यास कर रहे लोगों को योग के बारे मे बताते हुए योगाचार्य निक्की मद्धेशिया ने कहा कि योगभारत की ऋषि परम्परा के अमूल्य उपहार है योग ने विश्व को मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक उन्नयन की राह दिखाई है। इस अवसर पर हम सब को मिलकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें।"पहला सुख निरोगी कायाः यह एक प्रसिद्ध कहावत है जो स्वास्थ्य के महत्व को दशार्ती है।इसका अर्थ है कि जीवन का सबसे पहला सुख निरोगी शरीर है।इसके बाद ही अन्य सुखों का आनंद लिया जा सकता है। आज के दौर में भागदौड़ भरी जिंदगी हैं,खानपान दुरूस्त नहीं हैं। योग करने से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्नचित्त रहेगा।इसलिए योग करना अति आवश्यक है।

### दुकान के अंदर से कूड़ा नहीं उठाने पर मनबढ़ो ने नगर निगम कर्मी का सिर फोड़ा

**गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज), 22 जून (तरूणमित्र)।** गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो में रविवार की दोपहर कूड़ा ढोने वाली गाड़ी के ड्राइवर और उसके साथी पर मनबढ़ो ने हॉकी से हमला कर दिया, जिसमें ड्राइवर का सिर फट गया। पिछले एक महीने से दुकान के अंदर का कूड़ा भी उठाने के लिए मनबढ़ दबाव बना रहे थे, मना करने पर ड्राइवर और साथी कर्मी पर हमला कर दिया । घायल ड्राइवर गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी है।जानकारी के मुताबिक,सिकंदर निषाद नगर निगम में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी का ड्राइवर है। रविवार को क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो चंडी माता मंदिर के पास के दुकान के बाहर साथी कर्मी संग कूड़ा उठाने गया था। आरोप है कि कुछ दुकानदार द्वारा पिछले एक माह से दुकान के अंदर का कूड़ा उठाने के दबाव बनाया जा रहा था। ड्राइवर व उसके साथी कर्मी राजकिशोर ने दुकान के अंदर का कूड़ा उठाना अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर मना किया तो आदर्श फर्नीचर के मालिक और उसके कुछ अज्ञात साथियों ने हॉकी से नगर निगम के कर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें ड्राइवर का सिर फट गया। घायल ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

### वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही 8 वारंटी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, 22 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर * संदीप कुमार मीना* द्वारा वारंटी (एनबीडब्लू ) अभियुक्तों के विरूद्ध दिनाँक 22.06.2025 की रात्रि को चलाए गये अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 08 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जायेगी । जिसका विवरण थानावार निम्नवत है-थाना बखिरा पुलिस द्वारा 04 वारण्टीगण नाम पता झ 01.मो0 आसिम पुत्र वली मो0 निवासी मलिक जोत थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर 02.रामजतन पुत्र आसरे निवासी लडुआ महुआ थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर 03.कृपाल निषाद पुत्र बलिराज निवासी बंजरिया थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर 04.दशरथ निषाद पुत्र राजाराम निवासी संतकबीरनगर ।

# श्री एकडेमी एंड ब्यूटी पार्लर महिलाओं का सवार रहा भविष्य- विधायक

**तमकुहीराज/कुशीनगर , 22 जून (तरूणमित्र)।**फाजिलनगर में संचालित श्री एकेडमी एंड ब्यूटी पार्लर महिलाओं के भविष्य को सवार रहा है।श्री एकेडमी में ट्रेनिंग प्राप्त कर रही महिलाएं अपने भविष्य को सवार कर सम्बलता प्राप्त कर रही हैं। उक्त बातें रविवार के दिन फाजिलनगर नगर पंचायत में श्री एकेडमी एंड ब्यूटी पार्लर द्वारा आयोजित प्रमाण पत्र एवं प्राइज वितरण कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहीं। विधायक ने कहा की श्री एकेडमी एंड ब्यूटी पार्लर की संचालिका शशि पांडे ने सरकार के रोजगार सृजन के कदम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं जो सराहनीय के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि मेहन्द्र उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं के भविष्य सवारने के लिए यह सुनहरा अवसर है,महिलाओं व बच्चीयों को चाहिए की आत्म स्वालम्बन बनने के लिए अधिक से अधिक श्री एकेडमी में ट्रेनिंग प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल करें। इस दौरान विधायक ने ट्रेनिंग प्राप्त जया साहनी, नर्गिस फिरदौस, नेहा जायसवाल को ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र भी दिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पाशुपति नाथ जायसवाल, महिला भाजपा नेत्री रानी शुक्ल,सभासद कमलेश वर्मा,आदि के साथ ट्रेनिंग प्राप्त कर रही शशि गुप्ता, अमिसून्यनेशा, गुडिया खातून,नीशू शर्मा, सुमित्रा कुशवाहा,पुजा गोड,सीमा गोड़ आदि मौजूद रहीं। श्री एकेडमी एंड ब्यूटी पार्लर के डायरेक्टर मुकेश पांडे ने एकेडमी पर आये सभी आगुंतकों के प्रति आभार प्रकट किया और बताया की श्री एकेडमी एंड ब्यूटी पार्लर श्री एजुकेशनल ट्रस्ट एंड बेलफेयर शोसाईटी द्वारा संचालित होता है। हमारा केंद्र फाजिलनगर छोटाब्रिज के दक्षिण द्वितीय तल पर है।

# पत्रकारों का सम्मान व कार्ड वितरण समारोह संपन्न, दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि



**उतरौला (बलरामपुर),22जून(तरुण मित्र)।** तहसील सभागार उतरौला में रविवार को उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की उतरौला इकाई द्वारा भव्य कार्ड वितरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिवंगत पत्रकारों–स्वर्गीय श्री विश्वनाथ त्रिपाठी, स्वर्गीय श्री फरीद आरजू, स्वर्गीय श्री अब्दुल करीम सिद्दीकी एवं स्वर्गीय श्री आमिर माविया को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पण के साथ हुआ। उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की।मुख्य अतिथि के रूप में जगपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार गुप्ता रहे। मंच पर जिला महामंत्री राजेश खुराना, जिला उपाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, तहसील संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष नूर मोहम्मद, तहसील महामंत्री गिरीश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार हरीश कुमार गुप्ता व सुशील कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का अंगवस्त्र, बैच व फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार इमरान अली शाह ने किया। इसके उपरांत वर्ष 2025-26 के नवीनीकृत पत्रकार परिचय पत्रों का वितरण मुख्य अतिथि जगपाल सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, ऱपत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता ही समाज को जागरूक व सशक्त बनाती है। ऐसे आयोजन पत्रकारों को नई ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करते हैं।ऱवरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ऱपत्रकारों का यह मंच न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का भी केंद्र है। हमें अपनी लेखनी से समाज के हर वर्ग की आवाज को बुलंद करना है।ऱवरिष्ठ पत्रकार हरीश कुमार गुप्ता ने कहा, ऱपत्रकारों को अपनी गरिमा, निष्ठा और सत्य के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखनी चाहिए। पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पीढ़ी को भी आगे लाने का प्रयास जरूरी है।ऱवरिष्ठ पत्रकार गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा, ऱपत्रकार समाज का दर्पण है, और यह दर्पण तभी प्रभावी बनता है जब वह स्पष्ट, सत्य और निर्भीक हो।ऱवरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ऱएसोसिएशन को स्थानीय समस्याओं पर गंभीरता से काम करना चाहिए और प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर आमजन की आवाज उठानी चाहिए।ऱविशिष्ट अतिथि आलोक कुमार गुप्ता ने कहा, ऱपत्रकार समाज के प्रहरी हैं, उन्हें सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी है। समाज में पारदर्शिता और उत्तरदायित्वबोध लाने में पत्रकारों की भूमिका अतुलनीय है ।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने स्टाफ नर्स पर लगाया लापरवाही का आरोप

**उतरौला(बलरामपुर)22 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनगंवा (तकिया) निवासी अहसान अली ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया बाजार में तैनात स्टाफ नर्स मंजू त्रिपाठी पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रसव के दौरान लापरवाही और बाहर से मंगाए गए इंजेक्शन व दवाओं के चलते उनकी नवजात संतान की मौत हो गई।पीड़ित अहसान अली के मुताबिक, उनकी पत्नी कुलसुम बानो (27) गर्भवती थीं और नौ माह का समय पूरा हो चुका था। 9 जून की रात करीब दो बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो परिजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया बाजार ले गए। वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स मंजू त्रिपाठी ने सरकारी संसाधनों का उपयोग न कर अस्पताल के पास स्थित एक निजी मेडिकल स्टोर से नौ इंजेक्शन और करीब 1200 रुपये की दवाएं मंगवाईं।परिजनों का आरोप है कि इंजेक्शन देने के बाद गर्भवती की तबीयत बिगड़ती गई और अंततः नवजात की मौत हो गई। वहीं, नॉर्मल डिलीवरी के दौरान अस्पताल में न तो पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराई गई और न ही किसी डॉक्टर को बुलाया गया।परिजनों का कहना है कि डिलीवरी से पहले कराए गए अल्ट्रासाउंड में बच्चा स्वस्थ था और पेट में हरकत कर रहा था। बावजूद इसके स्टाफ नर्स ने दावा किया कि बच्चा चार दिन पहले ही गर्भ में मर चुका था। आरोप यह भी है कि नर्स ने अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जबरन अपने पास रख ली और दस्तावेज तक नहीं दिए। यहां तक कि एक कागज पर अंगूठा भी लगवा लिया गया।एंबुलेंस की मांग करने पर 1000 रुपये मांगे गए, जिसके बाद परिजन निजी वाहन से प्रसूता और मृत नवजात को घर ले गए। इस पूरे मामले की जांच और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने शिकायत दी है।स्टाफ नर्स मंजू त्रिपाठी ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

## स्वच्छ बस्ती, सुंदर बस्ती अभियान चलाकर किया जागरूक

**बस्ती , 22 जून (तरूणमित्र)।** सामाजिक संस्था बस्ती विकास समिति एवं छात्र युवा दल द्वारा जनजागरूकता अभियान के तहत एक कदम स्वच्छता की ओर ऱस्वच्छ बस्ती, सूंदर बस्ती अभियानऱ चलाकर आज वार्ड नम्बर चार पाण्डेय बाजार में साफ सफाई कर लोगों को जागरूकता पर्चा देते हुए इधर उधर, सड़क पर कूड़ा करकट न फेकने का निवेदन किया गया।संस्थापक राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छ बस्ती सुंदर बस्ती अभियानऱ चलाने का मुख्य उद्देश्य बस्ती को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताकर जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।समिति उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने कहा कि हमारा कोशिश है कि बस्ती को पूरे प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर लाया जाये यह केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि स्वच्छता के प्रति एक नई पहल है।छात्र युवा दल जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि अभियान के तहत शहर के सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक स्थानों मे सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर को साफ-सुथरा व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हमें अपने आस-पास की सफाई पर खुद ही सफाई होगा।

# स्वस्थ हृदय तो स्वस्थ जीवन : डा पंकज

**गोंडा , 22 जून (तरूणमित्र)।** दिल का ख्याल रखना आपकी भी जिम्मेदारी है इसी भावना के साथ आज बग्गी रोड, धानेपुर गोंडा स्थित डॉ. रोज अली मेमोरियल हॉस्पिटल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव संस्थापक, जैनस इनीशिएटिव्य द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों को ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी जांच एवं निःशुल्क परामर्श की सुविधा प्रदान की गई।शिविर के मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा,ऐसे शिविरों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। हृदय रोग जैसे गंभीर विषय पर समय रहते ध्यान देना आवश्यक है। बदलती जीवन शैली असंतुलित खानपान और तनावपूर्ण दिनचर्या के चलते युवाओं में दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं इस विषय पर लोगों को जागरूकता का अभाव है डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में हृदय रोग केवल वृद्धावस्था की बीमारी नहीं रही, यह युवाओं में भी तेजी से फैल रहा है। इस कारण समय-समय पर जांच और जागरूकता अत्यंत जरूरी है।शिविर का उद्देश्य झ ग्रामीण व शहरी जनमानस को हृदय रोगों के प्रति जागरूक करना एवं प्राथमिक जांच की सुविधा सुलभ कराना। और लोगों को संदेशःदेना है कि स्वस्थ हृदय, स्वस्थ जीवन। समय रहते जांच कराएं और दिल का रखें विशेष ख्याल। रेड क्रॉस के मंडलीय प्रभारी कसिम सिद्दीकी ने कहा ऐसे आयोजन आगे की समस्या पर की जाती रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग हृदय रोगों के बचाव के प्रति जागरूक हो सके डॉ एहसान ने बताया युवाओं में हृदय रोग की बढ़ती समस्या को देखते हुए समय पर जांच एवं जागरूकता अत्यंत आवश्यक है ।

# अधेड़ की हत्या के एक आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (मेडिकल कॉलेज) , 22 जून (तरूणमित्र)।**गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो मे बृहस्पतिवार की दोपहर खेत में मूंगफली बुवाई के दौरान पट्टीदार आपस में भीड़ गए थे। मारपीट में घायल छोटेलाल (50 वर्ष) की शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन भटहट टिकरिया फोरलेन जाम कर दिया था। मामले में गुलरिहा पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाते हुए एक आरोपित सुरेश को गिरफ्तार कर ली। जिसे रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी। वही अन्य दो आरोपित मारपीट में घायल है जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, एक आरोपित फरार चल रहा है।जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला ढड़वनवा निवासी अरविंद प्रजापति का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर पट्टीदार निरहू,सुरेश,दिनेश व पिंटू गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट दिए। जिसमें उसके पिता छोटेलाल घायल हो गए। घायल का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा था। शनिवार की सुबह इलाज के दौरान छोटेलाल की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। गुलरिहा पुलिस ने चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज की थी। पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी व हत्या की धारा बढ़ाने की बात को लेकर भटहट-टिकरिया फोरलेन जाम कर दिया। पुलिस के आश्वाशन पर जाम खुलवाया जा सका। गुलरिहा पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ हत्या की धारा बढ़ाते हुए रविवार की सुबह एक आरोपित सुरेश प्रजापति को गिरफ्तार करते हुए आला कत्ल बरामद जेल भेज दी। आरोपित पक्ष के पिंटू व निरहू मारपीट में घायल है जिनका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। जबकि दिनेश फरार चल रहा है। वही दूसरे पक्ष के पिंटू का आरोप है कि बृहस्पतिवार को अपने खेत में मूंगफली बोने गए थे,पट्टीदार छोटेलाल,उसके दोनों बेटे अरविंद व राजेश समेत उमेश तथा गणेश जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे से मारपीट दिए।

# शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का हुआ आयोजन

## शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष अजीत ने किया संबोधित



**मोतीगंज (गोंडा) , 22 जून (तरूणमित्र)।** सेवानिवृत शिक्षक इकबाल हसन की अध्यक्षता में बेलसर के जयनारायण सदन पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने उपस्थित समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याएं जैसे पुरानी पेंशन बहाली, कैश लेस चिकित्सा सुविधा एवं समान कार्य के लिए समान वेतन की लड़ाई संगठन जारी रखेगा। उन्होंने आगे कहा कि आगामी 25 जून को प्रयागराज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेश सम्मेलन एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश स्तर की समस्याओं के साथ-साथ गोंडा जनपद की समस्याएं जैसे मंडल मुख्यालय पर उप शिक्षा निदेशक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक का पद सृजित करना तथा 1991 जनपद के पूर्व के आठ शिक्षकों का जिनका विनियमितिकरण अभी तक नहीं हो पाया है आदि समस्याओं को प्रदेश सम्मेलन में उठाया जाएगा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा से अपेक्षा किया कि आगामी जुलाई से प्रवेश के नाम पर छात्रों से किसी प्रकार की अवैध वसूली न हो तथा विद्यालयों में राजकीय प्रशासन की ही पुस्तक लगाई जाए जिससे छात्रों पर अतिरिक्त बोझ न आए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शिक्षक तेज प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन के बल पर ही हम सभी को अच्छी पेंशन और सम्मान मिल रहा है उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नवीन शिक्षकों से संगठन की मुख्य धारा से जुड़ने पर बल दिया। सेवानिवृत शिक्षक रामदास गुप्त ने कहा कि पूर्व में हम लोगों को नाम मात्र का वेतन मिलता था और शिक्षक बेचारा कहा जाता था आज संगठन के बदौलत हम शिक्षकों को सब कुछ मिला हुआ है। कार्यक्रम के दौरान समस्त शिक्षकों ने मुख्य अतिथि अजीत सिंह को जनपद स्तर पर शिक्षक हितों के लिए सदैव उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें पुष्प माला अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक राजबहादुर सिंह, तेज प्रताप सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, जय सिंह बहादुर सिंह, रामफेर गुप्त, रामनारायण वर्मा, कृष्ण कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मोहम्मद यूनुस, जय नारायण सिंह, मोहम्मद इसरार, मनोज कुमार गुप्ता, मो. हनीफ, आदित्य गुप्ता, प्रशांत दुबे, सिद्धांत सोनी डॉक्टर अब्दुल हमीद, राज किशोर सिंह कल्पना शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**देवरिया, 22 जून (तरूणमित्र)।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि कांग्रेस में हर जाति-वर्ग के समर्पित कार्यकताओं की बड़ी टोली है। संगठन सृजन अभियान के तहत हमारा फोकस जिला से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले लोगों को ज्यादा तरजीह देने की बात कही और बेदाग,संघर्षशील, समर्पित कैडर में से ही पदाधिकारियों को चुना जायेगा जो बेहतर परिणाम आगे दे सकें। कहा कि बूथ से जिला स्तर तक पार्टी संरचना को पुनर्जीवित करने के लिए शुरू किया गया अभियान पारदर्शी, समावेशी और विचारधारा आधारित कांग्रेस पार्टी में संगठन से जुड़े सामाजिक और जन-स्वीकार्यता के आधार पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जायेगा।इसी क्रम में आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर जन सूचना अधिकार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव नौशाद खान एपी का देवरिया प्रथम आगमन पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश महासचिव ने कहा कि कांग्रेस ने आज एक कार्यकर्ता को सम्मान देकर कार्यकताओं के मनोबल को ऊंचा करने का काम किया है।

# विद्यालय की हकीकत जानने पहुंचा कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल



नरैनी/बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)। नरैनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पुंगरी में लंबे समय से कागज में चल रहे महावीर संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हकीकत को जांच पड़ताल करने पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीक्षित के निर्देश पर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूरज बाजपेई एडवोकेट एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी महेश प्रसाद ने रविवार को पहुंचकर जानी हकीकत।

ग्रामीणों से की वार्ता।उत्तर प्रदेश के योगी सरकार के संस्कृति और सनातन सुरक्षा के दावे की पोल खोल रहा है नरैनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पुंगरी मैं प्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थल में महावीर संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिसमें कई वर्षों से ताला लटका हुआ है विद्यालय के कमरों में मंदिर के भंडारे के लिए खाना बनाने का कार्य हो रहा है कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेता सूरज बाजपेई एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी महेश प्रसाद ने रविवार को स्थित विद्यालय में पहुंचकर मंदिर के महंत हुआ मौजूद ग्रामीण के लोगों से हकीकत जानी उक्त विद्यालय में लंबे समय से ताला लटका हुआ है ग्रामीण लोगों ने बताया कि कई वर्षों से विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा ना तो कोई छात्र आ रहा और ना ही शिक्षक जिससे यह स्पष्ट हो गया की कागज पर ही संस्कृति को बढ़ाने का और बढ़ाने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है मंदिर के महंत ने भी बताया कि कई वर्षों से यहां कोई छात्र और पठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा कांग्रेस नेता श्री वाजपेई सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से यह सरकार देश और प्रदेश में सनातन और संस्कृति की रक्षा के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है संस्कृत को बचाने वाला यह संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिस तरह से कई वर्षों से ताला लटका है और जनता की गाढ़ी कमाई को डकार जा रहा है कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश की सरकार पर सवाल खड़ा कर रहा है।

श्री वाजपेई उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को कागज पर चल रहे विद्यालय की हकीकत को अवगत कराने की बात कही एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी ने कहा कि जिस प्रकार से केवल यह सरकार भाषण में संस्कृत को बचा रही ह।

# रविवार को भी बारिश रही जारी, मौसम के तेवर भी पड़े ढीले

## सुनहरी मेढकों की उपस्थिति ने बढ़ाई अच्छी बारिश की आस



झांसी, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद में मानसूनी बारिश के बीच ग्राम रक्सा में सुबह गोल्डन और पीले रंग के मेंढक नजर आए। माना जाता है कि इन मेढकों का इस तरह दिखाई देना अच्छी बारिश के संकेत हैं। इन्हें इंडियन बुलफ्रॉग कहा जाता है जो आकार में सामान्य से थोड़े बड़े होते हैं। ये नर मेंढक अधिकतर समय अपने बिल या फिर पानी के नीचे रहते हैं। अच्छी बारिश में ही ये मेंढक बाहर निकलते हैं। मानसून के समय ही यह सतह पर आते हैं।

इस मेंढक का यह स्वभाव रहता है कि मादा मेंढक को आकर्षित करने के लिए यह अपना रंग बदलते हैं। आकर्षण और मेटिंग के बाद इनका रंग सामान्य हो जाता है। इस बीच जनपद में बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा। भरारी स्थित मौसम केन्द्र प्रभारी डॉ. आदित्य सिंह ने बताया कि ललितपुर के रास्ते आए मानसून की बारिश जारी है। बारिश के साथ ही वज्रपात होने और तेज हवा भी चलने की संभावना है। झांसी में मानसून के एक्टिव होने के बाद लगातार अच्छी बारिश हो रही है। रविवार को भी सवा घंटे तक झमाझम बारिश हुई।

# श्रीजगन्नाथ रथ यात्राः नगर बनेगा जगन्नाथ धाम, यात्रा की तैयारियां पूर्ण

## जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव समिति की बैठक में सौंपी गयीं जिम्मेदारियां



ललितपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक आवश्यक बैठक श्रीजगदीश मंदिर धर्मशाला में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता श्रीजगन्नाथ रथयात्रा समिति के अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने की। इस वर्ष रथयात्रा में इस्कॉन मंदिर वृंदावन के देशी और विदेशी भक्तों का संकीर्तन मंडल, अशोक डोंगरा सांस्कृतिक दल हरियाणा और पंजाब का श्री राधा कृष्ण के भक्ति नृत्य, भगवान शंकर के नृत्य, उज्जैन महाकाल परिवार के ढोल तांसे एवं भीषण गर्जना करने वालीं बंदूकें, बुन्देली छटा का प्रदर्शित करतीं मध्यप्रदेश के ढपला रमतूला, कल्यानपुरा का सैरा नृत्य, दिल दिल घोड़ी, ढपला रमतूला, जनपद की अनेक प्रभातफेरी मंडली, नागिन बैंड, श्री रामराजा व्यायामशाला आदि अपना प्रदर्शन करेंगे। यात्रा के अवसर पर पूरे नगर को सजाने की व्यवस्था रथ यात्रा पर भारी पुष्पवर्षा, यात्रा के समापन पर वैदिक विद्वत परिषद द्वारा भव्य एवं दिव्य आरती की जाएगी।

सारी व्यवस्थाओं को अलग अलग टीमें बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान प्रदीप चौबे, मुन्नालाल, बृजेश चतुर्वेदी, उदित रावत, अजय जैन, गोविन्द व्यास, अभय, पवन शास्त्री, बासुदेव पटवा, विजय गोपाल हुण्डैत, अजय पटैरिया, सत्येन्द्र राजा, सुधांशु शेखर हुण्डैत, धर्मेन्द्र रावत, टिंकल हुण्डैत, पंकज हुण्डैत, रामगोपाल नामदेव, रामेश्वर मालवीय, नवल सोनी, अनुज शर्मा, लल्लन हुण्डैत, अरविन्द चतुर्वेदी, मनोज हुण्डैत, विभाकांत हुण्डैत, प्रवीण हुण्डैत आदि मौजूद रहे। सुधांशु शेखर हुण्डैत ने आभार व्यक्त किया।

# करंट लगने से युवक की मौत

बबेरू/बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)। मर्का गांव में बिल्डिंग का कार्य करते समय 21 वर्षीय युवक की करेंट लगने से मौत हो गई, जैसे ही परिजनों ने देखा सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरो द्वारा परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का गांव के रहने वाला राजकरण पुत्र बच्छराज 21 वर्ष यह रविवार की सुबह बिल्डिंग का कार्य कर रहा था। तभी करेंट की चपेट पर आ गया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो राजकरण को गंभीर हालत देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

# उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

## मजदूरों के लिए बोनस की परिकल्पना बीएमएस की उपज : पांडे



झांसी, 22 जून (तरूणमित्र)। रेलवे वर्कशॉप के ऑडीटोरियम में उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारतीय रेल मजदूर संघ के पूर्व महामंत्री मंगेश देशपांडे ने कहा कि सबसे पहले बोनस की परिकल्पना भारतीय मजदूर संघ ने ही की थी। 1974 की रेल हड़ताल में भी असल संघर्ष भारतीय मजदूर संघ ने ही किया था। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता ने विकसित भारत के लिए पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा, प्राकृतिक कृषि, स्वस्थ भारत की संकल्पना और दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के स्वप्नों की बात कही। 2047 का विकसित भारत कृषि ग्राम, गौ संवर्धन, और शुद्ध हवा पानी पर आधारित अर्थव्यवस्था का होगा। विभाग प्रमुख चन्द्र कांत चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों मान्यता प्राप्त संगठनों में 90 वर्ष के वयोवृद्ध नेताओं के कारण युवा नेतृत्व पिछड़ रहा है, भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री ने कर्मचारियों की पेंशन पर अपनी मांग रखने का अवसर दिया था किन्तु थके नेतृत्व ने अवसर खो दिया।

8 वें वेतन आयोग में कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए भारतीय मजदूर संघ संघर्ष करने को तैयार है। महामंत्री रूपम पाण्डे ने कर्मचारियों के लिए यूएमआरकेएस के प्रयासों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रयागराज के कार्यकताओं ने मुख्यालय में 40 प्रतिशत मत दिला कर प्रथम स्थान पर रखा। इस मौके पर संगठन मंत्री ए के शुक्ला और दयानिधि मिश्रा ने सभी अतिथियों और रेल कर्मचारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए आगे आने की अपील की कार्यक्रम में बंशी बदन झा, सोनी दुबे, अनिल शर्मा, अश्विनी गोस्वामी, आरती तमोरी, दीपिका तिवारी, सतीश जोशी, आमिर खान, कुलदीप नायक, मंडल संगठक भानु प्रताप सिंह चंदेल, डी के श्रीवास्तव, अजीत कुमार, सुशील चौधरी, दीपक सोलंकी, हरकिशन राजपूत, संजीव साहू, सतेन्द्र जोशी, के के पवन शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुनसान घर में युवक की हत्या

बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)। चिल्ला थाना क्षेत्र के डिंघवट गांव निवासी धर्मेंद्र निषाद पुत्र कल्लू निषाद उम्र 22 वर्ष कि आज रात्रि सोते समय हत्या कर दी गई।

मृतक धर्मेंद्र निषाद का परिवार बांदा में रहता है घटना के समय धर्मेंद्र अपने घर में अकेला था धर्मेंद्र की मां गायत्री घटना के समय घर से बाहर दूसरे गांव दवाई खाने गई थी मृतक धर्मेंद्र दो भाइयों में सबसे बड़ा एवं भूमिहीन है ज्यादातर मजदूरी का काम करता है रिश्ते में चाचा का लड़का लगने वाले शैलेंद्र निषाद ने बताया की धर्मेंद्र की किसी से भी बुराई भलाई नहीं थी छोटा भाई महेंद्र निषाद कर्नाटक में मजदूरी का काम करता है मृतक शैलेंद्र भी गांव घर में जहां कहीं काम लग जाता था मजदूरी करता था एवं अविवाहित था।मृतक धर्मेंद्र के पिता कल्लू की 10 वर्ष पहले बीमारी टी वी के चलते मौत हो चुकी थी घर में मां गायत्री तथा मृतक धर्मेंद्र ही रहते थे। शनिवार के दिन मृतक की मां गायत्री पैरालाइज की दवा खाने के लिए पलटू पुरवा गांव गई हुई थी। क्योंकि पैरालाइज की दवा रविवार के दिन ही खिलाई जाती थी। इसलिए वह एक दिन पहले ही दवा खाने गई थी।

इस घटना को सबसे पहले पड़ोस के ही राजेश निषाद ने देखा जिनके द्वारा गांव को इस घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी।सूचना पाते ही चिल्ला थाना प्रभारी संदीप तिवारी अपने स्टॉप के साथ मौके पर पहुंच कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है वहीं चिल्ला थाना फोर्स के साथ साथ तिन्दवारी थाना फोर्स पैलानी थाना फोर्स जसपुरा थाना फोर्स जांच में जुटी हुई हैं।

# उप्र में सत्ताधारी विधायक गुंडे, प्रदेश में गुंडों की सरकार : राय

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बबीना विधायक के जरिये योगी पर जमकर निशाना साधा





झांसी, 22 जून (तरूणमित्र)। उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अपने जनपद दौरे पर उप्र की योगी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा राज में एक तरफ फर्जी एनकाउंटर की बाढ़ आई हुई है तो वहीं दूसरी तरफ सत्ताधारी पार्टी के विधायक खुद कानून हाथ में लेकर आम नागरिकों से मारपीट कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं से राज्य में कानून-व्यवस्था की सच्चाई खुद बयां हो रही है। आम लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है।

अजय राय ने वंदे भारत ट्रेन में यात्री के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बबीना विधायक को गुंडा करार देते हुए योगी सरकार को गुंडों की सरकार की उपाधि दी। बता दें कि दो दिन पहले बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा और उनके समर्थकों पर वंदे भारत में सीट बदलने को लेकर हुए विवाद पर यात्री को पीटने का आरोप लगा था। इस मामले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी बबीना विधायक पर निशाना साधा। अजय राय ने रविवार को झाँसी में कांग्रेस कार्यकताओं से मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने बनाई। इससे पहले कांग्रेसियों ने उनके स्वागत में बुलडोजर से फूल बरसाए। कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि जब बीजेपी विधायक झांसी में जमीनें हड़पने और खनन जैसी घटनाओं में भी संलग्न है।

अब जनता पूछ रही है कि विधायक के घर पर कब योगी का बुलडोजर चलेगा। उन्होंने कहा कि ये सरकार गुंडों की सरकार है। उन्होंने कहा कि झांसी की जनता को अगर ऐसे लोगों और ऐसे लोगों की सरकार से छुटकारा पाना है, तो हमारे नेता राहुल गांधी के हाथ मजबूत करिए। इस अवसर पर उनकी साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, मुकेश अग्रवाल, राहुल रिछारिया, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाध्यक्ष देशराज आदि सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यक्रम उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो निरीक्षक व आठ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दो निरीक्षक व आठ उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस महकमे के सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी सूची के अनुसार निरीक्षक विनोद मिश्रा को थाना प्रभारी महरौनी से थाना प्रभारी पाली, निरीक्षक राजा दिनेश सिंह को थाना प्रभारी बार से थाना प्रभारी महरौनी भेजा गया है। इसके अलावा उ.नि. अजमेर सिंह को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष बार, उ.नि. कुलदीप राणा को चौकी इंचार्ज बांसी से चौकी इंजार्ज कैलगुआं, उ.नि. संजीव धामा को थाना कोतवाली से चौकी इंचार्ज चिकलौआ, उ.नि. महाराज सिंह को थाना बानपुर से चौकी इंचार्ज अमझरा घाटी, उ.नि. अभिषेक पवार को थाना तालबेहट से चौकी इंचार्ज बांसी, उ.नि. दिनेश कुमार त्रिपाठी को चौकी इंचार्ज चिकलौआ से थाना मड़ावरा, उ.नि. संतकिशोर शुक्ला को चौकी इंचार्ज कैलगुआ से थाना मड़ावरा एवं उ.नि. मूलचन्द्र को पुलिस लाइन से थाना जखौरा भेजा गया है।

### प्रोजेक्ट नई किरण में दो परिवार हुये एकजुट

ललितपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट के दौरान दो परिवारों के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर समझौता कराया गया, जबकि सात मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान प्रोजेक्ट सदस्यों ने कहा कि इस कार्य से बिखरे हुये परिवारों को जोड़कर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रौशनी आयेगी। यह प्रोजेक्ट बिखरे परिवारों को एकसूत्र में बांधने का एक प्रयास है। इस दौरान प्रोजेक्ट सदस्य अजय बरया, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, आरक्षी नीलम, आरक्षी आराधना आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने लगायी चौपाल

चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)। सरकारी प्राइमरी स्कूलों को सरकार के बंद करने की नीति पर काम करने के खिलाफ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ने गाँव-गाँव सरकारी स्कूल बचाओ चैपाल का आयोजन शुरू किया है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के नि. चेयरमैन राजनारायण यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पहाडी ब्लॉक के ओरा गाँव में चैपाल आयोजित कर सरकार के इस निर्णय का विरोध किया। स्थानीय लोगों ने भी सरकार के इस निर्णय का जोरदार विरोध किया। इसे जन विरोधी करार देते हुए कांग्रेस के इस अभियान को समर्थन देने की बात कही। कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने पूरे देश में प्राइमरी स्कूलों की स्थापना की। इन्हीं स्कूलों में पढ़ लिखकर देश विदेश में लाखों लोगों ने देश का नाम रोशन किया। सरकार उन स्कूलों को बंद या विलय कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के शिक्षा के मूल अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। कांग्रेस इसका डटकर विरोध करेगी और उप्र सरकार को इस निर्णय को वापस लेने के लिए बाध्य करेगी। कार्यक्रम में सुरेंद्र यादव, प्रमोद यादव, शिवनरेश राजपूत, चुनकी देबी यादव, माया राजपूत आदि मौजूद रहे।

### एएसपी ने पुलिस टीम संग किया गश्त



चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली ने कोतवाली कर्वी क्षेत्र के धनुष चैराहा, बस स्टैण्ड, पाण्डेय कालोनी, धतुरहा चैराहा आदि स्थानों पर पैदल गस्त किया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### विश्व योग दिवस पर न्यायाधीश ने किया योग

चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद न्यायाधीश आवास परिसर में न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा एक धरती एक स्वास्थ के विचार के साथ मनाया गया। राकेश कुमार त्रिपाठी जनपद न्यायाधीश ने कहा कि योग अपने आप व्यापक शब्द है। योग हमारे शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। योग अपने आप इतना प्रभावशाली है कि यदि किसी व्यक्ति को रोग होता है तो योग में उसका निदान संभव है। विशिष्ट प्रकार की योग क्रियाएं करने से व्यक्ति अपने आपको भीतर से शुद्ध कर सकता है। आज की भागदौड़ की जिन्दगी में थोड़ा समय स्वयं एवं योग के लिए अवश्य निकालें, जिससे स्वस्थ्य भारत का निर्माण हो सके। वर्णिका शुक्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक स्तर पर जन-जन को जोड़ने वाला पर्व बन गया है, यह भारत के उस संदेश को सशक्त करता है जिसमें श्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना निहित है।

# बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति रोकथाम को रेलवे स्टेशन पर चला अभियान



ललितपुर, 22 जून (तरूणमित्र)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी रोकथाम अभियान के अंतर्गत जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर ने बाल श्रम को सामाजिक अभिशाप बताते हुए इससे बचने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महिला मुख्य आरक्षी सीता देवी, कांस्टेबल कल्पना बाजपेयी तथा जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विशेष रेकी व सुरागकशी की। इस दौरान बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान किसी भी किशोर को श्रमिक रूप में कार्य करते नहीं पाया गया। पुलिस टीम ने दुकानों, जनरल स्टोर्स, व व्यापारियों को बाल श्रम निषेध अधिनियम की जानकारी दी और चेताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को कार्य पर रखना दंडनीय अपराध है। इस संबंध में उन्हें कड़ी हिदायत दी गई।

# ट्रांसपोर्ट नगर में बारिश से भरा पानी, गंदगी का अंबार

चित्रकूट, 22 जून (तरूणमित्र)। रूक रूक कर हो रही लगातार बारिश से कई मुहल्लो मे जलभराव की स्थिति हो गयी है आवागमन मे राहगीरो को तकलीफो का सामना करना पड रहा है। पिछले एक माह से ट्रांसपोर्ट नगर प्रयागराज रोड से कोई सफाई की व्यवस्था नही है। सफाई कर्मचारी भी कभी कभार आते है ऐसे मे गंदगी का अंबार है। नाली गंदगी से भरी पडी है। दुर्गंध आ रही है पडोसियो का जीना हराम है। भारतीय जनता मजदूर टेज्ड यूनियन के प्रदेष महामंत्री चन्द्रमोहन द्विवेदी ने अधिषाषी अधिकारी नगर पालिका को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है। उन्होने यह भी कहा है कि साफ सफाई न होने से बारिष जनित रोगो के फैलने की आषंका है।

# ग्राम चहितारा में जरूरतमंदों को किया गया वृहद कपड़ा वितरण

बांदा, 22 जून (तरूणमित्र)। प्रत्येक रविवार की तरह भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान कारेलाल प्रजापति ग्राम चहितारा ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा की उपस्थित में,समाजसेवी मूलचंद्र पाल ग्राम चहितारा के सहयोग से शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दिए गए कपड़े, किताबें,जूते चप्पल,पर्स आदि का वितरण ग्राम चहितारा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को बालविवाह, नशामुक्ति,जल संरक्षण, योग तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और महिला सोशल मीडिया प्रभारी ऋचा रैकवार के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वर्दी में रील बनाने को न बनें सिंघम, चलेगा कार्यवाही का डंडा : एसएसपी

## उप्र पुलिस में भर्ती नए सिपाहियों को चेतावनी

## सोशल मीडिया का सोच समझकर करें इस्तेमाल

झांसी, 22 जून (तरूणमित्र)। उप्र पुलिस में साठ हजार से ज्यादा कांस्टेबलों की भर्ती हुई है। ट्रेनिंग के दौरान सिपाही खुद को सिंघम की तरह दिखने का रील बना रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला शासन तक पहुंचा तो नए निर्देश जारी हुए हैं। ट्रेनिंग ले रहे सिपाहियों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने नवनियुक्त आरक्षियों को सोशल मीडिया नीति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह आधिकारिक और व्यक्तिगत पोस्ट का अंतर समझें, पुलिसकर्मियों को यह बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी साझा करने से पहले उच्च अधिकारियों की अनुमति लेना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का व्यक्तिगत इस्तेमाल नहीं करना है। वर्दी में वीडियो या रील्स नहीं बना सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, जिसका उपयोग



यदि सोच-समझकर किया जाए तो यह जनसंपर्क और जनविश्वास बढ़ाने में सहायक हो सकता है, लेकिन अनदेखी या दुरुपयोग से विभाग की छवि को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

अनुशासन और पेशेवर आचरण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### युवाओं के सिर चढ़ बोल रहा रील का नशा

#### रील बनाने के लिए कई फीट ऊंची बिल्डिंग की दीवार पर चढ़ा युवक

**झाँसी**। इलाईट चौराहा स्थित नगर निगम के सामने बने एक होटल की ऊँची दीवार पर खड़े युवक ने रील बनाने के लिए जान की भी परवाह नहीं की और मोबाइल से वीडियो शूट करता रहा। कुछ राहगीरों ने जब यह खतरनाक नजारा देखा तो इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के इमारत की दीवार पर खड़ा होकर अपने मोबाइल से रील बना रहा है। जरा सी चूक उसकी जान ले सकती थी। लोगों का कहना है कि इस तरह के स्टंट से ना केवल युवक अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने और युवाओं को जागरूक करने की मांग की है। वहीं, नवाबाद थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है। युवक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**27 नए रिक्रूटों पर पाए मुकदमा दर्ज**

प्रदेश में 60 हजार से अधिक रिक्रूटों की भर्ती की गई है। इनमें झांसी के करीब 1500 से अधिक नए रिक्रूट शामिल हैं। इन रिक्रूटों के सत्यापन की जांच करवाई गई तो झांसी के 27 रिक्रूटों पर विभिन्न दफाओं के तहत मुकदमा दर्ज होना पाया गया। इस आधार पर इन आरक्षियों की ज्वाइनिंग पर रोक लगाई गई हैं। इनमें महिला भी शामिल है जिनके खिलाफ एनसीआर दर्ज है। इसके अलावा किसी के खिलाफ छेड़छाड़ तो किसी के खिलाफ मारपीट के मुकदमा पंजीकृत है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# बगैर लाइसेंस व हेलमेट सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे नाबालिग

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद में बीते माह चलायें गये यातायात नियमों के बाद भी जिलें में यातायात नियम के पालन को लेकर लोग संजीता दिखाई नही दे रहे है। हैलमेट लगाकर बाईक चलानें में जैसे युवाओं को शर्म आती है। वह बगैर हैलमेट के अपनी जान जोखिम में डालते हुए रेसर बाईकें सड़कों पर दौड़ातें नजर आ रहे है। आलम यह है कि यहां पर अगर देखा जायें तों 14 से 16 वर्ष के नावालिग रेसर बाईकें चलाते देखें जा सकते है। जिसमें अधिकतर बच्चें प्रभावशाली परिवार के होते है। जिन पर पुलिस कार्यवाही की हिम्मत नही जुटा पाती है। जिसके कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नही रहा था। नावालिग बालक तथा बालिकाओं द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।



**साईकिल सें कोचिंग या विद्यालय नही जाते छात्र:** उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। शहर के किसी भी नामी स्कूली कोंचिंग सेन्टर का अगर नाजारा देखा जायें तों दशवी ग्यारहवी तथा बारहवीं में पढनें वाले नावालिग छात्र छात्रायें पावर बाईक व स्कूटी सें सडकों पर दौडतें नजर आ जायेगे। बेटे, बेटियों की जिद पूरी करनें के लिए माता पिता उनके हाथ में अनचाहे हादसें का सामान थमा देते हे। पछतावा तब होता है जब कोई छात्र हादसें का शिकार हो जाता है। फिर जिन्दगी भर अपनी गलती पर रोने के अलावा उनके पास कोई उपाय नही रह जाता है। यातायात पुलिस नियम तोडनें वालो को शबक सिखाने का चालान करती है लेकिन नावालिग हाथों में दौडती वही हाई स्पीड बाईक देखनें में पुलिस कर्मियों की नजरे कमजोर है। छात्रों पर पुलिस कों रहमदिली भी बढ़तें हादसों की मुख्य वजह है।

**स्टंट करते हुए बाईक चलातें है युवा:** उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। विद्यालय व कोंचिंग जाते समय छात्र अपनी शान दिखानें के लिए स्टंट करते हुए बाईकें दौड़तें देखे जा सकते है। पुलिस द्वारा ऐसे छात्रों पर कार्यवाही के लिए कुछ दिनों तक चैकिंग अभियान तो चलाया जाता है लेकिन इसके बाद पुलिस का ध्यान वहां से हट जाता है। कोंचिंग छूटनें के बाद तेज रेसर बाईके चलाते हुए बाईक सवारों के कारण आम राहगीरों को निकालना मुश्किल हो जाता है।

**मोटर वाहन के है यह अधिनियम:** उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। मोटरयान अधिनियम एमबी एक्ट 1988 वाहन चालक के नियमों के अनुसार 16 वर्ष से कम उम्र का कोई व्यक्ति वाहन नही चला सकता। 16 वर्ष पूर्ण कर चुके नावालिग को सिर्फ 50 सीसी इंजन क्षमता वाली बिना गेयर बाईक चलानें का लाइसेंस जारी किया जाता है। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व्यक्ति को ही इससे अधिक क्षमता वाले इंजन की गाड़ी चलानें का लाइसेंस जारी किया जाता है। यह मोटर वाहन अधिनियम के नियम बताये जाते है।

# एसपी ने कोतवाली का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। शनिवार की रात एसपी ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में खड़े कंडम वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा साफ, सफाई और अन्य आवश्यक निर्देश दिए।



एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शनिवार की रात कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर में जलभराव की समस्या पर विशेष ध्यान दिया। कहा कि बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या से न केवल परिसर की उपयोगिता प्रभावित होती है, बल्कि इससे संक्रमण और मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की संभावना हो, वहां जल निकासी की उचित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कोतवाली परिसर में वर्षों से जब्त या खराब हालत में खड़े वाहन न केवल जगह घेर रहे हैं, बल्कि उनके कारण परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन कंडम वाहनों की सूची तैयार कर नीलामी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। कोतवाली परिसर में झाड़ियों, घास और गंदगी के ढेर देखकर एसपी ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि ऐसे हालात पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि झाड़ियों की सफाई, कूड़े के निस्तारण और पूरे परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित व्यवस्था लागू की जाए। कहा कि जहां साफ सफाई होती है वहां कार्य करने में भी अच्छा लगता है। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय में रजिस्टरों का रख रखाव भी देख और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चैकी प्रभारी जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमन्त्री अभ्युदय योजना के तहत एक दिवसीय परीक्षा का आयोजन 27 को

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमन्त्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत यू०पी०एस०सी०/यू०पी०पी०सी०एस०, एन०डी०ए०/सी०डी०एस०, नीट/आई०आई०टी०, एस०एस०सी०, रेलवे० बैंकिंग, व अन्य एक दिवसीय परीक्षा का आवेदन कर चुके प्रतियोगियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय इण्टर कालेज उरई में यू०पी०एस०सी०/ यू०पी०पी०सी०एस०, व नीट/आई०आई०टी०, एन०डीए०/सी०डी०एस० कोर्स की कक्षाओं हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 27.06.2025 समय प्रातः 11:00 से 01:00 बजे तक एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज उरई में एक दिवसीय परीक्षा (एस०एस०सी/बैंकिंग) कोर्स की कक्षाओं हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 27.06.2025 समय प्रातः 11:00 से 01:00 बजे तक आयोजन किया जायेगा। सभी आवेदित छात्र दिनांक 23.06.2025 तक सुबह 10:00 से सायं 3:00 बजे तक अपना प्रवेश पत्र दयानन्द वैदिक कॉलेज (अभ्युदय कक्ष-बगिया परिसर बी०एड० डिपार्टमेंट) उरई जालौन से प्राप्त कर लें। अतः सभी प्रतियोगियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर अपने आधार कार्ड एवं प्रवेश पत्र सहित निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय प्रातः 10:00 पर अनिवार्य रूप उपस्थिति होना सुनिश्चित करें।

### एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण को चयन के लियें साक्षात्कार आज

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि जनपद के समस्त ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत जनपद जालौन के लियें ट्रेड मटर प्रसंस्करण में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कियें जाने हेतु आवेदन कियें गयें है। उनका प्रशिक्षण हेतु चयन के लियें साक्षात्कार दिनांक 23.06.2025 को कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जालौन स्थान उरई में पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित किया गया है। अतः समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु दिनांक 23.06.2025 को निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित हों-बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०/एस०टी०/ओ०बी०सी वर्ग के लिये), आवेदनकर्ता साक्षात्कार के समय इस बात का लिखित शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करेगा कि आवेदक ने विगत 02 वर्षों में भारत तथा प्रदेश सरकार की अन्य किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ नहीं लिया है।

### पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने पकड़वाया ओवर लोडेड बालू का ट्रक

कोंच, 22 जून (तरूणमित्र)। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने कैलिया रोड पर परिवहन करते हुए बालू का ओवर लोडेड ट्रक पुलिस से पकड़वाया है।

मामले के मुताबिक शनिवार की रात पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री किसी कार्यक्रम में शामिल होने कैलिया रोड से गुजर रहे थे। गाड़ी के ठीक आगे बालू से भरा ओवर लोडेड ट्रक नंबर यूपी 93 सीटी 9654 ने जब बार बार हॉर्न देने पर भी पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की गाड़ी को साइड नहीं दिया तो उन्होंने इसकी जानकारी एसडीएम को दी। एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम पचीपुरी के समीप से उक्त ट्रक पकड़ लिया। ट्रक में लोड बालू की मात्रा एवं ट्रक के प्रपत्रों की जांच की जा रही है। ट्रक के पीछे नंबर प्लेट भी नहीं है। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक जिला झांसी के मोंठ क्षेत्र का है।

### मोहल्ले वासियों के साथ की अभ्रदता

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहे व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी छोटू उर्फ बृजेश मोहल्ले के लोगों के साथ अभ्रदता व मारपीट कर रहा था। समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### खोए मोबाइल पाकर लोगों के खिले चेहरे

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। कोतवाली पुलिस लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत के खोए हुए सात मोबाइल उनके स्वामियों को लौटाए। मोबाइल पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई और पुलिस की सराहना की।

कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि आपरेशन मुस्कान के तहत कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद कुमार सचान द्वार सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ट्रैस करके सात अदद गुमशुदा मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 1,35,000 है, उन्हें बरामद करने में सफलता पाई है। बरामद किए गए इन मोबाइल फोन को उनके स्वामी अंजली देवी काशीनाथ, राजेश कुशवाहा फर्दनवीस, राहुल भास्कर खंडेराव, सतीश प्रताप ग्राम तीतरा खलीलपुर थाना कोंच, संगीता देवी नया पटेल उरई, रामनरेश तिवारी ग्राम उरगांव, सत्यप्रकाश ग्राम गायर को बुंलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण को चयन आज

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि जनपद के समस्त ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद जालौन में पारम्परिक कारीगरों के लियें ट्रेडवार बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री, एंव हलवाई ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्राप्त कियें जाने हेतु योजनान्तर्गत आवेदन किया है। उनका प्रशिक्षण हेतु चयन के लियें साक्षात्कार दिनांक 23.06.2025 को कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जालौन स्थान उरई में पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित किया गया है।

अतः समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु दिनांक 23.06.2025 को निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित हों-बैंक पास की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एस०सी०/ एस०टी०/ओ०बी०सी वर्ग के लिये), परम्पारिक कारीगर का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पालिका अथवा नगर पंचायत के सम्बन्धित वार्ड सदस्य से निर्गत किया होना चाहियें। आवेदन कर्ता साक्षात्कार के समय इस बात का लिखित शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर प्रस्तुत करेगा कि आवेदक ने पूर्व में या उसके पति/पत्नी ने योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट का लाभ नहीं लिया है।

# शिक्षक नियुक्ति में फर्जीवाड़े की डीएम से शिकायत

कोंच/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। शिक्षक नियुक्ति को लेकर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है जिसमें कुटरचित अभिलेखों के द्वारा नियुक्ति पायी गयी है और जब इसकी शिकायत सक्षम अधिकारियों से की गयी तो उन्होंने भी निजी स्वार्थ के चलते जांच में रुचि न दिखाते हुए गोल मोल जांच आख्या लगा दी। जिससे कूट रचना करने वाले व्यक्ति के हौंसले बुलंद हैं।

मामला ग्राम हरदोई गूजर निवासी राज किशोर रिछारिया पुत्र स्व. हरीमोहन रिछारिया से जुड़ा हुआ है जिनकी नियुक्ति मृतक आश्रित पर होना दिखाई गयी है। जबकि मृतक आश्रित का लाभ राज किशोर को हरीमोहन रिछारिया की मृत्यु के 20 वर्ष बाद पहुंचाया गया है और यह लाभ कुटरचित

**● जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे सक्षम अधिकारी**

दस्तावेजों के आधार पर पहुंचाया गया है क्योंकि स्व. हरीमोहन रिछारिया पुत्र ठाकुरदास विकास खण्ड कोंच के ग्राम भदेवरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्त थे ऐसा उनके परिवारीजनों का कहना है जबकि यह सच नहीं वह प्राथमिक विद्यालय में किसी भी पद पर तैनात ही नहीं रहे यह विभाग का कहना है और उनकी मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी शांति देवी द्वारा मृतक आश्रित नौकरी के लिए दावा प्रार्थना पत्र विभाग को नहीं दिया गया और 20 वर्ष बाद नियुक्ति की शासन द्वारा सहमति भी नहीं ली गयी। जिन प्रपत्रों पर नियुक्ति की गयी है वह प्रपत्र विभाग में भी उपलब्ध नहीं हैं इतना ही नहीं नियुक्ति के समय राज किशोर के बड़े भाई प्रेम किशोर रिछारिया आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विभाग में सेवारत थे फिर भी किन कारणों के चलते राज किशोर को मृतक आश्रित का लाभ दिया गया। ऐसे कई प्रकरण नियुक्ति में गम्भीर संदेह उत्पन्न करते है। जिनकी जांच के लिए मोहल्ला गोखले नगर निवासी अरविंद कुमार पुत्र रमेश चन्द्र ने बीते दिन जिलाधिकारी को शपथ पत्र सहित शिकायत देते हुए निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि नौकरी के समय जो मृत्यु प्रमाणपत्र विभाग द्वारा दशार्या जा रहा है। वह मृत्यु प्रमाणपत्र स्व. हरीमोहन रिछारिया का नहीं है और इस नियुक्ति में खास बात यह है कि जो व्यक्ति मृतक हुआ है और जो मृतक आश्रित का दावा करके नौकरी कर रहा है। उसे यह भी पता नहीं है कि वह किस पद पर तैनात था वहीं राज किशोरध्बेसिक शिक्षा बिभाग का प्रामाणिक कथन है कि स्व. हरीमोहन रिछारिया प्राथमिक विद्यालय भदेवरा में प्रधानाध्यापक पर नियुक्त थे इसके उपरांत पुनः सूचना का अधिकार से मांगी गई। सूचना में उक्त लोगों ने स्व. हरीमोहन रिछारिया के सम्बन्ध में लिखा कि पत्राचार रजिस्ट्रर के अनुसाए हरीमोहन रिछारिया प्राथमिक विद्यालय भदेवरा में नियुक्त ही नही रहे अब देखना है कि जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच हेतु किसे निर्देशित किया जाता है या फिर जांच की कमान स्वयं संभालने के लिए तैयार है।

# समस्याओं के निस्तारण को डीएम को सौंपा पत्र

कोंच/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। बार एशोसिएशन अध्यक्ष राम शरण सिंह कुशवाहा ने प्रभारी अधिकारी को एक चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि एसडीएम न्यायालय में वाद दायर होने के बाद 2/3 माह बाद ऑन लाइन किया जाता है। जब तक पूर्व वादों का निस्तारण नहीं होता तब तक नए वादों का दायरा न होने से किसानों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वहीं एसडीएम न्यायालय में आदेशों का ई परवाना खतौनी में फीड न होने के कारण सैकड़ों वाद निस्तारित होने के बाद भी अमल दरामद खतौनी में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। वहीं उप निबन्धन कार्यालय से ऑन लाइन बैनामा भेजे जाते हैं किन्तु तहसील न्यायालयों में ऑन लाइन दर्ज नहीं किये जा रहे हैं। जिससे नाम परिवर्तन में चार पांच माह का वक्त लगता है और जनता को परेशानी हो रही है। वहीं अंश निर्धारण में लेखपालों द्वारा सही अंश निर्धारित नहीं किये जाते हैं। जिसके कारण पत्रावलियां ऑन लाइन निरस्त कर दी जातीं है। बार संघ अध्यक्ष ने प्रभारी अधिकारी से उक्त समस्याओं का निराकरण किये जाने की मांग की है।

### जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। जिसमें समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील परिहार के नेतृत्व में दिनेश प्रताप, वरूण, गौरीश आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि जोशियाना तालाब पर कुछ लोगों ने अवैघ रूप से अतिक्रमण कर लिया है। जिससे तालाब की सुंदरता प्रभावित हो रही है। बताया कि सात दिसंबर 2024 को शिकायती पत्र के माध्यम से दिनेश प्रताप सिंह के पिता की संदिग्ध मृत्यु के उपरांत कूटरचित कागजों के आधार पर नगर पालिका द्वारा मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। जिसकी जांच तत्कालीन तहसीलदार द्वारा की गई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस बाबत कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मामलों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# सर्प के काटने से किशोरी की मौत

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा में सर्प के काटने से किशोरी की मौत हो गयी। सूचना पाकर नायब तहसीलदार व राजस्व कर्मचारी सहित पुलिस टीम ने मौके घटना का निरीक्षण किया।

बता दे कि आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी रागिनी 17 वर्ष पुत्री अमर सिंह पाल को घर में जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्री की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग घबरा गए और जानकारी होते ही उन्होंने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। वही मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला व राजस्व कर्मचारी ग्राम अकबरपुर इटौरा पहुंचे और मौके का जायजा लिया। ग्रामीणों और पारिवारिक जनों ने नायब तहसीलदार को किशोरी की मौत सर्प दंश से होना बताया गया है। वही पुलिस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सहकारिता विभाग ने चलाया वसूली अभियान, बकायेदारों की बढ़ी बेचैनी

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। सहकारिता विभाग द्वारा वसूली अभियान चलाया जा रहा है। दो लाख से ज्यादा का बकाया जमा न करने पर बकायेदार को पकड़कर जेल भेज दिया गया। सहकारिता विभाग की इस कार्यवाही से बकायेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। सहकारिता विभाग के वसूली अभियान में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता जालौन विजय प्रकाश वर्मा एवं सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी जालौन डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटड उरई भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वसूली अभियान चलाया जा रहा है। सहाव सहकारी समिति के दो लाख से बड़े बकायेदार राम बाबू सहाव ने सहाव सहकारी समिति से 2014 में एक लाख 93 हजार का ऋण लिया था। दो लाख से ऊपर हुए ऋण का नोटिस व समय सीमा देने के बाद भी जमा नहीं किया गया था। ऋण जमा न करने पर दो लाख से बड़े बकायेदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सहकारिता विभाग की इस

# ताजियादार पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही निकालेंगे ताजिया : एसडीएम

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में ताजिया कमेटी, कर्बला कमेटी, मेला कमटी के सदस्यों के साथ एसडीएम की अध्यक्षता और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में ताजियादारों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखे। समशाद खां, इमरान अहमद, नसीम खान आदि ने बताया कि कुछ स्थानों पर ताजिया मार्ग पर अतिक्रमण हो गया है, जिससे जुलूस निकालने में कठिनाई हो सकती है। इसके अलावा कुछ मार्गों पर सड़क की हालत खराब है, उसे सही कराया जाए। कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे झूल रहे हैं, जो खतरे का कारण बन सकते हैं। उन्हें ऊंचा किया जाए। एसडीएम विनय मौर्य व सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने उपस्थित ताजियादारों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पर्व के दौरान हरसंभव सहयोग करेगा। कहा कि पर्व के दौरान कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी, और सभी ताजियादार पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही ताजिया निकालेंगे। डीजे निर्धारित मानक पर ही बजाए जाएं। जानकारी दी गई कि नगर में कुल 23 ताजियादार ताजिया निकालेंगे। छह स्थानों से अलम उठाए जाएंगे। इसके अलावा 16 छड़ें निकाली जाएंगी। बैठक में यह भी बताया गया कि यदि 26 जून को मोहर्रम का चांद दिखाई देता है, तो तीन जुलाई को रात में अलम निकलेंगे, चार जुलाई को दिन में छड़ें निकाली जाएंगी, पांच जुलाई की रात में ताजिया जुलूस निकलेगा।

### भतीजे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। दो दिन पूर्व औरैया मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भतीजे की तहरीर पर आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी पवन कुमार द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उनके 62 वर्षीय चाचा सेवानिवृत्त शिक्षक शंभूदयाल द्विवेदी पुत्र रामेश्वर दयाल अपनी बाइक से 20 जून को गांव से हदरूख जा रहे थे। मड़ोरी श्रमदान के पास वह बाइक खड़ी करके वह बाइक के पास ही सड़क किनारे लघुशंका करने लगे। इसी दौरान जालौन से औरैया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार सड़क खंदक में जाकर पलट गयी।

# पहली ही बारिश में शहर व गांव की व्यवस्था प्रभावित

महोबा, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद महोबा में रविवार को मानसून की पहली बारिश ने शहर और गांव की व्यवस्था को प्रभावित किया है। दोपहर तक तेज हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई। तीन घंटे से अधिक समय तक हुई बारिश ने जिला अस्पताल और स्वास्थ्यकर्मियों के आवासीय परिसर में जलभराव की स्थिति बना दी।

डॉक्टरों और स्टाफ को आवास से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों का कहना है कि इस समस्या को पहले भी बताया गया था, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। शहर के शुक्रवारी बाजार, काजीपुरा, रोडवेज बस स्टैंड और परमानंद इलाके जलभराव से प्रभावित हैं। जल निकासी न होने से



सड़कें नालियों में बदल गईं। वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वालों को भी दिक्कतें आईं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति खराब है। सदर तहसील के अंतर्गत गांव में कच्चे रास्तों पर पानी भर गया है। कई ग्रामीणों के मकानों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से गांव में जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। नालियों की नियमित सफाई न होने से बरसात का पानी घरों तक पहुंच जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत कार्य और स्थायी समाधान की मांग की है। प्रशासन की ओर से मानसून की पूर्व तैयारी न होने के कारण हर साल जलभराव की समस्या दोहराई जाती है। यदि समय रहते नालियों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था चुस्त की जाती, तो हालात इतने नहीं बिगड़ते। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि बारिश के इस मौसम में जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में विशेष टीमों को लगाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और बीमारियों के खतरे को भी रोका जा सके। महोबा में मानसून का आगमन जहां मौसम को सुहावना बना रहा है, वहीं जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यह स्थिति नगर निकायों और प्रशासन की लापरवाही का भी परिणाम है, जो हर साल सामने आती है।

# त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं : सीओ

उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

सदर सीओ अर्चना सिंह की अध्यक्षता व कोतवाल अरुण कुमार राय की मौजूदगी में रविवार दोपहर हुई इस बैठक में ताजियादार मौलवी और धर्मगुरुओं समेत प्रमुख नागरिक शामिल हुए। इस दौरान सीओ ने कहा सभी से त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। वही कोतवाली प्रभारी ने कहा कि अगर किसी मोहल्ले में रास्ते को लेकर कोई समस्या है तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान समय पर किया जाएगा। उन्होंने माहौल बिगाड़ने वालों को भी कड़ी हिदायत दी है कि किसी ने भी अराजकता फैलाकर माहौल को गन्दा करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कोतवाली प्रभारी ने कहां की त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात किया जाएगा। इतना ही नहीं बल्कि सिपाहियों के साथ कुछ महिला कांस्टेबलों की भी सिविल ड्रेस में तैनाती की जाएगी जो आम जनता के बीच रहकर हर आने जाने वाली लोगों पर अपनी नजर बनाए रखेंगे। उन्होंने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया।

# शांति और सौहार्द से मनाएं त्योहारः एसडीएम

कोंच/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। आगामी दिनों में होने वाले प्रमुख मुस्लिम पर्व मोहर्रम को लेकर रविवार को कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें खासतौर पर ताजियेदारों को बुला कर बात की गई। एसडीएम ने कहा, कोई नई परंपरा बिल्कुल भी न डालें, त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। सीओ ने कहा, प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करें ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो।

एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता और सीओ परमेश्वर प्रसाद की मौजूदगी में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में ताजियेदारों ने बताया कि कस्बे में 23 ताजिये निकाले जाएंगे, इसके अलावा



मन्नत के छोटे-छोटे ताजिये भी लोग चढ़ाते हैं। भेंड़ गांव में भी पांच ताजिये निकाले जाएंगे। भेंड़ के ताजियेदारों ने ताजिया रूट पर रास्ता खराब होने की बात कही। चांद की पहली तारीख से लेकर दसवीं तक के प्रोग्राम के बारे में मुस्लिम बंधुओं ने विस्तार से बताया। बताया गया कि यदि 26 जून को चांद दिखा तो 1 जुलाई को ईदगाह पर केवड़ा कटने का मेला, 3 जुलाई को अलम, 4 को चैकी (मेंहदी), 5 को रात साढ़े 9 बजे चंदकुआ से ताजिया की शुरूआत होगी। 6 जुलाई को दोपहर 2 बजे से मेला फिर शुरू होगा जो रात 1 बजे समाप्त होगा। अधिकारियों ने बिजली विभाग और नगरपालिका को निर्देश दिए कि ताजिया रूट पर जहां जहां भी कमियां नजर आएं

**● प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर करें काम : सीओ**
**● मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने ताजियेदारों को दिए निर्देश**

उन्हें 28 जून को होने वाले रूट निरीक्षण से पहले दुरुस्त कर लें। कोतवाल विजय कुमार पांडे ने ताजियेदारों से हर ताजिये से पांच-पांच जिम्मेदार लोगों के नाम और मोबाइल नंबर तथा ताजिये की ऊंचाई उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान सेनेटरी इंस्पेक्टर हरिशंकर निरंजन, बिजली विभाग हिमांशु पटेल, तकिया कलंदर शाह के सज्जादानशीन मियां आरिफ अली शाह, मुन्ना मकरानी, मुस्तकीन, बंटी मंसूरी, सफीक, नौशाद, रसीद, बटी आदि रहे।

# बिजली विभाग ने 12 घंटे में खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाकर बिजली आपूर्ति की बहाल

जालौन/उरई, 22 जून (तरूणमित्र)। रविवार की सुबह चुर्खी रोड पर चंदा छाया गेस्ट हाउस के सामने रखा 250 केवी का ट्रांसफार्मर ओवरलोडिगं के चलते खराब हो गया। ट्रांसफार्मर जलने के कारण आसपास के घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग ने 12 घंटे में खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी है।

चुर्खी रोड पर राधे कालोनी मोड़ पर 250 केवी का ट्रांसफार्मर रखा था। रविवार की सुबह ओवरलोडिगं के चलते ट्रांसफार्मर खराब हो गया। गर्मी के मौसम में अचानक ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण मोहल्ला जोशियाना, फर्दनवीस व चुखीर्बाल के करीब 100 घरो व आसपास की दुकानों की बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आसपास के बिजली के उपकरणों की बिक्री व मरम्मत का कार्य प्रभावित हो गया। रविवार की सुबह करीब पांच बजे खराब हुए ट्रांसफार्मर को दोपहर बाद बदलने का काम शुरू हुआ। बीच बीच में बारिश ने व्यवधान डाला। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया के नेतृत्व में राजेंद्र, उपेंद्र, लालजी बाथम, सोंटी सोनी की टीम ने ट्रांसफार्मर को शाम तक बदल दिया। ट्रांसफार्मर बदलने के बाद उसे 3 घंटे तक गर्म किया गया। ट्रांसफार्मर गर्म होने के बाद आपूर्ति बहाल हो पाई। लगभग 12 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों के घरों में लगे इंवर्टर भी जबाव दे गए थे। जिससे लोगों को परेशानी हुई। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि अचानक रविवार की सुबह को ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जो बदल दिया गया है।

# लापरवाही से फिर हुआ मथुरा में हादसा, दो की मौत

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। लापरवाही के चलते हुए एक और हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। इस बार हादसा वृंदावन में हुआ है। बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई कर्मी सीवर लाइन की सफाई करने के लिए उतर गये। जहरीली गैस के संपर्क में आने से दोनों की मौत हो गई। मजदूरों की मौत के बाद लोगों ने हंगामा काट दिया।



मजदूरों की मौत और लोगों के हंगामा करने की सूचना पर नगर आयुक्त मौके पर पहुंचे। उन्होंने उचित कार्यवाही और मुआवजे का आश्वान दिया। शनिवार की शाम वृंदावन में सीवर टैंक की सफाई करने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से दो सफाई कर्मियों की दर्दनाक मृत्यु होने की खबर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी विक्की वाल्मीकि ने दोनों मृतकों की शिनाख्त की है। मृतकों के नाम नरेंद्र पुत्र रामपाल निवासी खुशीपुरा थाना जैंत 40 वर्ष तथा छोटेलाल पुत्र रोशन लाल निवासी मेहरारा थाना सहपऊ हाथरस 32 वर्ष बताए जाते है। बताया जाता है केशव धाम चौकी के पास पेट्रोल पंप के निकट केडी गेस्ट हाउस वाली गली में सीवर टैंक में दोनों सफाई करने के लिए उतरे थे। वहां चैंबर खोलते ही दोनों जहरीली गैस की चपेट में आ गए तत्काल दोनों को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

उधर अनाधिकृत रूप से चल रहे केडी गेस्ट हाउस के संचालकों के खिलाफ मुकदमा कोतवाली में पंजीकृत कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त जग प्रवेश मौके पर पहुंच गए और करीब 2 घंटे वहां उन्होंने जांच पड़ताल की तथा मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। बताया जाता है कि गेस्ट हाउस संचालकों ने प्राइवेट ठेकेदार के माध्यम से यह दोनों युवक साफ सफाई के लिए बुलाए थे जिनके पास किसी भी प्रकार के कोई सुरक्षा उपकरण भी नहीं थे। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को यथोचित मुआवजा देने के साथ साथ नगर निगम को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति सीवर की सफाई करने से पहले उनसे अनुमति अवश्य प्राप्त करें।

## पुलिस ने एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपद मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतरौली पुलिस ने एक शातिर चोर पंकज पुत्र यदुवीर निवासी ढकुरा थाना गोधा जनपद अलीगढ़ को चोरी की एक साईकिल व एक चाकू के साथ रामघाट रोड से थाना बरला की तरफ जाने वाले रास्ते पर बाग से गिरफ्तार किया।

## आरटीआई से जवाब मांगने पर प्रधान ने धमकाया

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। तहसील छाता के गांव अकबरपुर के प्रधान से आरटीआई द्वारा जवाब मांगने पर प्रधान के पक्ष द्वारा जान से मार देने की धमकी देने का आरोप मामला बताया गया है। पीड़ित अकबरपुर निवासी पवन कुमार ने बताया है कि उन्होंने अकबरपुर के प्रधान से उनके कार्यकाल के संबंध में विकास संबंधी जानकारी आरटीआई के माध्यम से जानने के लिए आरटीआई कार्रवाई की थी। जिस पर प्रधान पक्ष के लोगों ने उक्त पीड़ित पवन कुमार को जान से मारने की धमकी दी और आरटीआई ना मांगने को भी कहा इस बात को लेकर पीड़ित ने छाता पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष शर्मा के कार्यालय में एक लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र देकर प्रधान पक्ष की लोगों द्वारा जान से मार देने की धमकी और हमला करने की कार्रवाई की शिकायत की।

## श्री1008 अजीतनाथ जिनालय में भगवान बाहुबली वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

मैनपुरी, 22 जून (तरूणमित्र)। कटरा स्थित श्री1008 अजीतनाथ जिनालय में भगवान बाहुबली की जीर्णोद्धार वेदी प्रतिष्ठा एवं यागमंडल विधान का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर मालती जैन की स्मृति में कुलदीप जैन कुरावली के संयोजन में संपन्न हुआ। विधानाचार्य पंडित कमल कुमार जैन शास्त्री के निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक शरद जैन शिकोहाबाद, सौरभ जैन बॉबी, डॉक्टर देवेश, राजीव जैन, अभिषेक जैन व अमित कागजी सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। वृहद शांतिधारा कुलदीप जैन ने की।

इंद्राणी छवि, कविता, आशा, वीना जैन एवं अष्टकुमारियों प्रतीक्षा, समीक्षा, दीक्षा, स्वेच्छा जैन ने वेदी शुद्धि की जबकि मंगल कलश स्थापना तृप्ति जैन (एटा), स्वाती जैन (शिकोहाबाद), ज्योति जैन (मैनपुरी), व नीलम जैन (कुरावली) ने की।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन अनंतकांत जैन ने किया। विधान के दौरान भक्तिमय भजनों पर महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति भाव व्यक्त किया।

विधानाचार्य ने यागमंडल विधान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह आत्मा की शुद्धि और जीवन में कल्याणकारी परिवर्तन लाने वाला सर्वोत्तम विधान है। अपराह्न तीन बजे भगवान बाहुबली की प्रतिमा को वेदी पर विराजमान कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खाली हाथ : देश की आखिरी रेल बस हुई बंद, प्रोजेक्ट भी रद्द

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। देश में आखिरी रेल बस मथुरा वृंदावन के मध्य मार्च 2023 में बंद हो गई थी। मथुरा वृंदावन के बीच रेल बस का संचालन तकरीबन 1998 में शुरू हुआ था। यह रेल बस पहले मथुरा छावनी से चलती थी। इसके बाद 2003 में यह रेल बस मथुरा जंक्शन से चलने लगी. बीच में इस रूट पर दो रेल बस चल रही थीं। नए प्रोजेक्ट के तहत रेल बसे के इस छोटे ट्रेक को उखाड़ दिया गया था। इसके बाद प्रोजेक्ट भी रद हो गया।




भविष्य में इस ट्रेक पर क्या होगा, इसका किसी को कुछ पता नहीं है। वृंदावन की जनता इससे नाराज है। वृंदावन में कॉरिडोर और न्यास को लेकर एक ओर जहां विरोध प्रदर्शन जारी है वहीं दूसरी तरफ वृंदावन वासी रेल लाइन बहाली की मांग कर रहे हैं। रविवार को वृंदावन वासियों ने रंगनाथ मंदिर के सिंह द्वार से नगर निगम चौराहे तक पैदल मार्च निकाला, हाथों में तख्तियां और बैनर लिए लोग हेमा मालिनी वापस जाओ, वृंदावन की धरोहर बचाओ के नारे लगाते हुए चल रहे थे। वही प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डेढ़ सदी पुरानी मथुरा वृंदावन रेल लाइन सिर्फ परिवहन का साधन नहीं, बल्कि ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर थी। रेल मंत्रालय ने मथुरा वृंदावन रेल लाइन को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में बदलने की 402 करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना को स्थायी रूप से बंद कर दिया और इस फैसले का ठीकरा स्थानीय लोग सांसद हेमा मालिनी के सिर फोड़ रहे हैं। रेलवे लाइन का निर्माण जयपुर के राजा माधो सिंह ने राधा माधव मंदिर के लिए तैयार करवाया था जिस पर पत्थर ढोए गए और बाद में यात्री ट्रेन चलीं।

राधा रानी मेल के नाम से मशहूर इस ट्रेन ने लाखों श्रद्धालुओं को ठाकुरजी के दर्शन कराए। लेकिन अब, यह ऐतिहासिक लाइन इतिहास के पन्नों में सिमट गई। प्रदर्शनकारी संजीव बाबा ने तंज कसते हुए कहा कुछ रसूखदारों के भवनों की खातिर रेलवे की जमीन बचाई गई और हमारी धरोहर को घाटे का सौदा बता कर कुर्बान कर दिया गया।

वृंदावनवासियों का गुस्सा सांसद हेमा मालिनी पर इसलिए फूट रहा था क्योंकि इस प्रोजेक्ट को शुरू कराने में उनकी अहम भूमिका थी। 2023 में 403 करोड़ की लागत से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 50 प्रतिशत तक पूरा हो चुका था। रेलवे ने पुराने ट्रैक हटाए, स्टेशन तोड़े, और नए ट्रैक के लिए मिट्टी डाली। लेकिन जब कुछ प्रभावशाली लोगों के भवनों पर बुलडोजर की छाया पड़ी, तो विरोध शुरू हुआ।

सांसद ने पहले इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी, फिर जनविरोध देखकर इसे रुकवाने में भूमिका निभाई। अब लोग पूछ रहे हैं, धरोहर की बात करने वाली सांसद आखिर किसके दबाव में अपना निर्णय बदल रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

मैनपुरी, 22 जून (तरूणमित्र)। तहसील घिरोर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अटा हरेना के राकेश व गणेश कुमार ने ग्राम सचिवों द्वारा परिवार रजिस्टर में छेड़छाड़ की शिकायत की, जिस पर डीएम ने बीडीओ घिरोर को जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।



❑ फरियादियों की 66 में से 8 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

उन्होंने कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल में कोई असुविधा न हो और योजनाओं का लाभ पात्रों को सरलता से मिले। विद्युत विभाग से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने बिलिंग सुधारने, नए कनेक्शन में सरलता और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। अवैध कब्जों पर डीएम ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के आदेश दिए। समाधान दिवस पर 66 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का तत्काल निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के बाद डीएम व एसपी ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## यमुना एक्सप्रेस–वे पर हादसा में चार पुलिसकर्मी घायल

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। यमुना एक्सप्रेस वे पर रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में चार पुलिसकर्मी घायल हो गये। घायलों एक्सप्रेस वे के त्वरित कार्यवाही दल ने अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जेसीबी की मदद से हटाकर यातायात को सुचारू किया। हादसे में घायल हुए चारों पुंलिसकर्मी मुजफ्फरनगर के थाना बुढ़ाना में तैनात थे। इनमें से तीन आगरा जनपद और एक मथुरा जनपद का रहने वाला है। चारों वैगनआर कार से छुट्टी पर अपने अपने घर जा रहे थे। नौहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 74 के समीप वैगनआर कार पलट गई। नौहझील थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया कि डिवाइडर से टकराकर वैनग आर कार पलट गई जिसमें सवार सत्यपाल, राहुल, सुरेंद्र निवासी आगरा व गौरव निवासी मथुरा घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हैं। दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी को बाजना कट चौकी पर खड़ा कर दिया हैं। यातायात सचारु कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## हाईवे पर आमने-सामने से टकराई दो कार

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। शनिवार की देर रात दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर केडी डेंटल मेडिकल कॉलेज पुल के पास दो कारों के बीच हुई जोरदार में कार सवार कई लोग घायल हो गए। शनिवार रात करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। कुछ लोग लखनऊ से वृंदावन दर्शन के लिए स्कॉर्पियो से आ रहे थे। वहीं होडल से गोवर्धन जा रही एक कार स्कॉर्पियो से टकरा गई। आमने आमने की जोरदार टक्कर में दोनों गाडियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस ने यातायात को सुचारू करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार से 220 लीटर पैट्रोलियम पदार्थ बरामद

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। थाना रिफाइनरी पुलिस ने 220 लीटर पैट्रोलियम पदार्थ के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा 20 जून को ग्राम बरारी बैरियर के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रवि पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम बेरी थाना फरह को गिरफ्तार किया गया। अवैध पेट्रोलियम पदार्थ को एक कार के अंदर से बरामद किया गया। एक गाडी ट्राईबर (रिनाल्ट) संख्या यूपी 85 सीजे 9577 के अंदर छह कट्टी लगभग 220 लीटर पैट्रोलियम पदार्थ, एक कोनिकल नपना (टीन) क्षमता 20 लीटर के है।

## शराब की लत से परेशान युवक ने की आत्महत्या

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। रोहिना सिंहपुर गॉव में एक 32 वर्षीय युवक ने फॉसी लगाकर आत्म हत्या कर ली, मृतक विक्की का शव रविवार को उसके घर में फंदे से लटका मिला। घर से आ रही दुर्गंध के कारण ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। विक्की शराब का आदी था, इसी कारण एक महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद से वह मानसिक तनाव में था। विक्की शुक्रवार रात से लापता था, पुलिस का अनुमान है कि शव करीब 36 घंटे से घर में लटका हुआ था। थानाध्यक्ष डीके सिसोदिया के नेतृत्व में टीम ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों के अनुसार विक्की पहले भी कई बार नशे में पत्नी से दुर्व्यवहार कर चुका था।

# गीतकार सागर को मिलेगा डॉ0 बी .आर . अंबेडकर इंटरनेशनल अवार्ड

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। शहर के युवा गीतकार नवनीत सागर को उनकी साहित्यिक और सांस्कृतिक सेवाओं के लिए डॉ0 बी.आर. अंबेडकर इंटरनेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान वर्ल्ड चैरिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। सम्मान समारोह आगामी 25 जून को हैदराबाद के डॉ0 ए एस राव नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर से समाजसेवा, कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

गीतकार नवनीत सागर को यह सम्मान उनके द्वारा गीत लेखन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। नवनीत सागर ने युवा पीढ़ी के बीच सामाजिक चेतना, मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को लेकर कई प्रेरणादायक गीत लिखे हैं, जो श्रोताओं को न केवल भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सोच भी जगाते हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि गीतकार नवनीत सागर जैसे युवाओं को सम्मानित करना समाज में रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस सम्मान को लेकर गीतकार नवनीत सागर ने खुशी जताते हुए कहा, यह अवार्ड मेरे लिए बहुत ही गौरव का विषय है।

यह मुझे और बेहतर लेखन के लिए प्रेरित करेगा। मैं चाहता हूं कि मेरी रचनाएं समाज में एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ें और लोगों को जागरूक बनाएं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकअप की टक्कर, दो घायल

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। नेशनल हाईवे 91 पर रविवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ, थाना अकराबाद क्षेत्र के कानपुर-दिल्ली मार्ग पर सरिया से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रही महिंद्रा पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गया और सरिया सड़क पर बिखर गई। हादसे में पिकअप में सवार दो लोग घायल हुए, उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति स्थिर है।

अकराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया, क्रेन की मदद से पलटे वाहन व बिखरे सरिया को हटाया गया। हादसे के कारण हाईवे पर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

## नशीला पदार्थ सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अवैध नशीले पदार्थ की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रोरावर पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त शादाब पुत्र अजाद निवासी कैलाश गली मोमीन मस्जिद थाना देहली गेट जनपद अलीगढ हाल किरायेदार चाँद का मकान बारह बीघा थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ को 700 ग्राम नशीला पदार्थ के साथ अधबनी बाउण्ड्री बाबा के टाल के बराबर बारह बीघा थाना रोरावर अलीगढ़ से गिरफ्तार किया व शाहरूख पुत्र रफीक निवासी बारह बीघा ग्राम रोरावर थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ को एक किलो 150 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ सीएल रोड भोला शंकर के बाजराखेत के सामने बिजली के खम्भे के पास से गिरफ्तार किया।

# निर्माणाधीन जयपुर बरेली हाईवे पर हादसे में महिला मजूदर की मौत

मथुरा, 22 जून (तरूणमित्र)। निर्माणाधीन जयपुर बरेली हाईवे पर काम कर रही महिला मजदूर की मौत हादसे में मौत हो गई। वह अपने पति के साथ हाइवे निर्माण में लगी कंपनी में काम कर रही थी। महिला की करीब डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। पति अपने पूरे परिवार के साथ राया स्थिति कंपनी के कैंप में ही रह रहा था। घटना शाम को करीब चार बजे हुई। महिला को ट्रैक्टर ने काम करने के दौरान टक्कर मार दी। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, घटना की जानकारी पर पहुंची इलाका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक महिला के पति राजू के मुताबिक वह पीएनसी कंपनी में काम करते हैं। तीन महीने पहले ही मथुरा

❑ पति के साथ प्राइवेट कंपनी में काम कर रही थी महिला

आए थे। इससे पहले वे हाथरस में काम कर रहे थे। वर्तमान में वे राया क्षेत्र के सीएनसी कैंपस में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। परिवार में उनके साथ पत्नी मां पिता और बहन भी थी। राजू ने बताया कि उनके करीब डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। थाना राया के प्रभारी अजय कौशल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि नवनिर्मित हाईवे पर कार्य कर रही महिला को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर की तलाश की जा रही है मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी के सामान सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। विगत 20 जून 2025 को भगवान दास निवासी ग्राम जारौठी थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ के द्वारा थाना पर बीएनएस पंजीकृत कराया था जिसमे वादी के द्वारा अपनी दुकान लक्ष्मी एग्रीकल्चर से 20 जून 2025 की रात मे अज्ञात चोर के द्वारा वादी की दुकान के सामने से टैक्टर की ट्राली को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे उक्त अभियोग पंजीकृत कराया था।



जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अतरौली के कुशल मार्गदर्शन में थाना हरदुआगंज पुलिस ने बीएनएस में वांछित तीन शातिर अभियुक्त चमन पुत्र मुन्शी खाँ निवासी जीवनगढ़ थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़, बदलु पुत्र शब्बीर निवासी किले का नगला थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ व आमिर पुत्र रशीद निवासी नई सीमापुरी एफ 363 थाना नई सीमापुरी नई दिल्ली हाल निवासी जीवनगढ़ की पुलिया हाजी नवाब पुत्र मुन्शी का मकान को कस्बा हरदुआगंज रामघाट रोड से चोरी की गयी ट्रैक्टर की ट्राली एवं थाना क्षेत्र अतरौली से चोरी की गयी ट्रैक्टर की ट्राली एवं ट्रॉली चुराने में इस्तेमाल ट्रैक्टर मैसी 241 रंग लाल के साथ बरौठा नहर पक्की सड़क से गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि 24 मई 2025 की रात को तुलसी चकोरी प्लाट थाना क्षेत्र अतरौली अलीगढ से एक ट्रैक्टर की ट्राली को चोरी किया था इसके सम्बन्ध मे थाना अतरौली से जानकारी करने पर पाया कि उक्त ट्राली चोरी के सम्बन्ध मे थाना अतरौली पर बीएनएस पंजीकृत है। विस्तृत जानकारी करने पर पाया कि अभियुक्त टैक्टर मैसी 241 रंग लाल के माध्यम से ट्रैक्टर का कोई सामान दिखाई देता है तो मौका लगने पर देर सबेर हम लोग इसी ट्रैक्टर से जोडकर उक्त सामान को ले जाकर कबाड़ी के यहाँ बेच देते है। हम लोग इस ट्रैक्टर एवं जो ट्राली लगी है, वह अतरौली से चोरी की गयी है एवं कस्बा हरदुआगंज से चोरी की गयी ट्राली को हमने काटकर स्क्रैप बना लिया है, जो अब इसी अतरौली वाली ट्राली में कबाड़ के रूप में भरा हुआ है।

# मिशन शक्ति अभियान अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

अलीगढ़, 22 जून (तरूणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु 'शक्ति दीदी' के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों, कस्बों व मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड, बाजार, गॉव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि शपथकर्ता ने डी. एल. बनवाया था जिसका डी. एल. नम्बर UP90 2019000533 है। जिसमें मेरा नाम अकील अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में पूरा नाम अकील अहमद अंकित है। यह कि अकील अहमद व अकील दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं मुझे अकील अहमद के नाम से जाना व पहचाना जाये।

अकील अहमद पुत्र श्री खलील अहमद निवासी-मोहल्ला खाईपार शहर व जिला-बांदा

## पेज 1 का शेष...

### अब अलग विवेचना सेल...

जांच योजना- 2023 लागू की थी। इसके तहत प्रदेश में सड़क हादसे में तीन या तीन से अधिक मौत होने पर जांच समिति बनाई जाएगी। अब जरूरत महसूस हुई कि एक ऐसा सेल बनाया जाए जो लगातार ऐसे मामलों की वृहद मानीटरिंग करें। एडीजी ट्रैफिक के.सत्यनारायण ने कहा कि विवेचना सेल के बनने से हादसों की वजह पता करने में काफी मदद मिलेगी। सड़क हादसों में 50 प्रतिशत कमी लाने के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### इरानी परमाणु ठिकानों...

उल्लंघन किया है। इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे और संयुक्त राष्ट्र के हर सदस्य को इस बेहद खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। अब्बास अरागची ने लिखा कि ईरान के पास अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की सुरक्षा के सभी विकल्प हैं। अपने खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई से भड़के ईरान ने कुछ घंटे के भीतर इजराइल पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमला करते हुए तेल अवीव और हाइफा सहित करीब 10 ठिकानों को निशाना बनाया। दी टाइम्स आफ इजराइल के अनुसार ईरान के हमले में कम-से-कम 86 लोग घायल हुए हैं। ईरान के हवाई हमलों के दौरान इजराइल में चेतावनी सायरन बजने लगे और लोगों में अफरातफरी फैल गई। ईरान की ओर से हमला तेज किए जाने के बाद इजरायली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजरायल के एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया। इजरायल की प्रमुख एयरलाइंस, एल अल इजरायल एयरलाइंस और अर्किया एयरलाइंस ने अगले नोटिस तक सभी बचाव और नियमित उड़ानों को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लाइन लॉन्च कर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल के कई शहरों पर जबर्दस्त अटैक किया। अब इस सैन्य टकराव में पिछली रात अमेरिका के शामिल होने के बाद क्षेत्र की स्थिति लगातार बिगड़ रही है जिसपर संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी चिंता जताई है।

### जनता की समस्या का...

कमी आड़े नहीं आने देगी। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रविवार सुबह की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। इस दौरान उनकी नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को पास बुला लिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा, उनके साथ हंसी-ठिठोली की और खूब दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

### भाजपा से महिलाएं बना...

अब रद्दी टैबलेट दे रहे हैं। आने वाले समय में महिलाओं की सुरक्षा के लिए हम लोग 1090 को और सशक्त करके मजबूत बनाने का काम करेंगे। पंचायती राज में आरक्षण लागू करने का काम हम समाजवादी और नेताजी का था। हमें उम्मीद है जब 2027 में सरकार समाजवादियों की बन जाएगी तब महिला आरक्षण लागू होगा और बड़े पैमाने पर संगठन की महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनी तो पुलिस विभाग में महिलाओं की भर्ती के लिए हम ढांचागत बदलाव करेंगे। अखिलेश ने एक बार फिर ईवीएम मशीन से चुनाव कराने को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि आपका वोट बैलेट से ही डलना चाहिए, वही पुराना तरीका कि हमें पता हो, कहां वोट डाल रहे हैं। मशीन का बटन दबाने से गुस्सा नहीं निकलता। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) बेचना चाहे तो बेच सकती है, हम खरीदना चाहते हैं। एलडीए वीसी को पार्टी की ओर से चिट्ठी भेजने के अखिलेश यादव ने संगठन पदाधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पूर्व अखिलेश यादव ने महिला सभा की बैठक करते हुए 2027 की तैयारी को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वोटर लिस्ट से लेकर महिलाओं के मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान डिंपल यादव, जूही सिंह के साथ महिला सभा की पदाधिकारी एवं कार्यकताएं मौजूद रहीं।

### बिहार, राजस्थान समेत...

साथ हल्की से मध्यम बारिश, कुछ स्थानों पर भारी बारिश और 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई। छत्तीसगढ़ में भी मानसून की सक्रियता देखी जा रही है, हालांकि अगले तीन दिनों तक मानसून की रफ्तार धीमी रहने की संभावना है। रविवार को सरगुजा सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ के 10 जिलों और दक्षिण छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में बिजली गिरने और मेघगर्जन का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं यूपी में पश्चिमी और तराई हिस्सों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिम के 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। तराई और पश्चिम के 20 जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में सर्वाधिक 132 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। उत्तर प्रदेश में मानसूनी बारिश का दायरा पूरब और तराई होते हुए अब पश्चिम तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग में सोमवार के लिए प्रदेश के पश्चिमी और तराई हिस्सों के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा जैसे 10 जिलों के लिए अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 20 अन्य जिलों के लिए गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी हिस्सों में रविवार और सोमवार को थोड़ा थमने के बाद, मंगलवार से समूचे प्रदेश में बारिश फिर से जोर पकड़ेगी।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# लखनऊ बना 'जीरो वेस्ट सिटी' होगा रोजाना 2000 टन कूड़े का निस्तारण

## नगर विकास मंत्री 700 मीट्रिक टन क्षमता वाली नई यूनिट का किया शुभारम्भ

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** राजधानी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शहर को अब आधिकारिक रूप से जीरो वेस्ट सिटी घोषित कर दिया गया है। इस घोषणा के पीछे नगर निगम लखनऊ की वर्षों की मेहनत, वैज्ञानिक सोच और सतत विकास की योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। शिवरी स्थित प्रोसेसिंग प्लांट में नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने 700 मीट्रिक टन क्षमता वाली नई फ्रेश वेस्ट यूनिट का उदघाटन किया।



इस नए प्लांट के जुड़ने से अब नगर निगम को प्रतिदिन उत्पन्न हो रहे 2000 मीट्रिक टन से अधिक कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने की क्षमता मिल गई है। यह नई यूनिट आधुनिक स्वदेशी तकनीक से लैस है, जो न सिर्फ कचरे को रिसाइक्लिंग व प्रोसेसिंग के जरिए पर्यावरण अनुकूल उत्पादों में परिवर्तित करती है, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नया स्तर भी प्रदान करती है। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम व स्वच्छता विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बोले कि नव-स्थापित यूनिट की तकनीकी विशेषताओं की बात करें तो यह मशीन प्रति दिन 700 मीट्रिक टन कचरे को प्रोसेस कर सकती है।

इससे पहले शहर में दो प्रोसेसिंग यूनिट थीं जो मिलकर लगभग 1300 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण करती थीं। नई यूनिट के जुड़ने से अब कुल क्षमता 2000 मीट्रिक टन से अधिक हो गई है। इसका अर्थ है कि अब लखनऊ में प्रतिदिन घरों, बाजारों और व्यावसायिक स्थलों से निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे का शत-प्रतिशत निस्तारण होगा।

इससे न केवल लैंडफिल साइटों पर दबाव कम होगा, बल्कि पर्यावरणीय प्रदूषण में भी भारी गिरावट आएगगी, पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**गीला-सूखा कचरा अलग करने में शहरवासी अहमः नगर आयुक्त**

नगर आयुक्त ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शहरवासियों का सहयोग भी सराहनीय रहा है। लोगों ने अपने घरों से कचरे का पृथक्करण किया, गीले और सूखे कचरे को अलग करके नगर निगम की टीम को सौंपा। इस व्यवहारिक बदलाव ने निस्तारण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया। नगर निगम लखनऊ अब इसी मॉडल को शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपनाने की दिशा में अग्रसर है। योजना है कि प्रत्येक वार्ड में कचरा प्रबंधन और निस्तारण की स्थानीय इकाइयां स्थापित की जाए जिससे ट्रांसपोर्टेशन लागत कम हो और प्रोसेसिंग ज्यादा प्रभावी हो। इसके अलावा, नगर निगम द्वारा स्कूलों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

**क्या है जीरो वेस्ट सिटी...!**

जीरो वेस्ट सिटी वह नगर होता है जहां उत्पन्न कचरे का शून्य प्रतिशत लैंडफिल में डाला जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि शहर में उत्पन्न समस्त कचरे को या तो रिसाइकल किया जाता है, या पुनः उपयोग में लाया जाता है, या ऊर्जा उत्पादन में इस्तेमाल किया जाता है। लखनऊ देश का ऐसा पहला महानगर बन गया है जिसे यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

## प्रदेश में धार्मिक धरोहरों का हो रहा पुनर्जागरण-जयवीर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसके तहत करीब 06 करोड़ 46 लाख रुपए की धनराशि से बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर जनपद के कई प्रमुख स्थलों के पर्यटन विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। इससे न केवल सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण होगा बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के माध्यम से बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर और बिजनौर में अल्पज्ञात एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास कार्य संपन्न किया जाएगा।



आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले रोड सेफ्टी अधिवेशन के तहत परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को आमंत्रित करने पहुंचे उप्र परिवहन विभाग संभागीय निरीक्षक प्राविधिक सेवा संघ के प्रमुख पदाधिकारी आरआई प्रशांत कुमार, विष्णु कुमार, अजीत सिंह, हरिओम, बलवंत यादव व अन्य। छायाः तरूणमित्र

# सऊदी से लौटे यात्री से लूट, सप्ताह भर बाद मुकदमा

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** आलमबाग बस स्टैंड पर एक टैक्सी ड्राइवर ने सऊदी अरब से लौटे यात्री को लूट लिया। पीड़ित आलमगीर अहमद 12 जून को सुबह 7:40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा था। उसने आलमबाग बस स्टैंड जाने के लिए वढ 32 दठ 9775 नंबर की टैक्सी बुक की। बस स्टैंड पहुंचने पर जब आलमगीर अपना सामान उतार रहा था, तब टैक्सी ड्राइवर ने उनका एक छोटा बैग छीन लिया। इस बैग में 11,500 रुपए नकद, पासपोर्ट, आधार कार्ड, सऊदी अरब का ड्राइविंग लाइसेंस और दो मोबाइल फोन थे। पीड़ित ने टैक्सी का पीछा किया, लेकिन ड्राइवर फरार होने में सफल रहा। आलमगीर ने तुरंत आलमबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई।

कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद्र सरोज के अनुसार, एक सप्ताह की जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बस स्टैंड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी टैक्सी चालक की तलाश कर रही है। पीड़ित मूल रूप से आजमगढ़ जिले के सालारपुर थाना मुबारकपुर का रहने वाला है।




जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ चैप्टर के इंस्टॉलेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा को मोमेंटो देते पदाधिकारी। छायाः तरूणमित्र

# राह चलते लोगों को लूटने वाले निकले ऑटो चालक

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** राजधानी की थाना निगोहां व सर्विलांस सेल जोन दक्षिणी पुलिस टीम लूट के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक लूटी पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है। अभी इसमें एक अभियुक्त फरार है।

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि 16/17 जून की रात्रि को संदीप कुमार पुत्र राम लखन निवासी ग्राम मीरकनगर थाना निगोहां द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वे अपनी पल्सर बाइक से जा रहे थे, जिसे तीन स्कूटी सवार व्यक्तियों द्वारा लूट लिया गया है। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज करने के बाद तीन टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा टेक्निकल एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर आने जाने वाले रास्तों पर लगे करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के वीडियो फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसके क्रम में दो शातिर अभियुक्त अभिषेक साहू पुत्र विजय शंकर साहू निवासी ग्राम सिर्स थाना निगोहां, सूरज रावत पुत्र रामचन्द्र रावत निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना निगोहां को नहरिया के पास मीरकनगर जाने वाले रास्ते के पास से हिरासत में लिया गया तथा अन्य एक अभियुक्त अभय उर्फ अभिनंदन उर्फ मार्को फरार है। अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो कि पिछले दिनों ग्राम करनपुर में ब्यासी बाबा के मंदिर के पास से हमने एक पल्सर बाइक लूटी थी, यह वही बाइक है। हम लोग ऑटो चालक है तथा रात में सुनसान रास्तों पर लूट पाट करते है। हमको लूट के लिए अन्य बाइक की आवश्यकता थी। इसलिये 16/17 जून की रात को मैं व मेरे साथी सूरज




- **बाइक लूट का खुलासा करने के लिए गठित की गई थी तीन टीमें**
- **दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल से आरोपी पकड़ में आये**

# नुक्कड़ नाटक के जरिये नशे के खिलाफ चली मुहिम




- **नींबू पार्क और चटोरी गली में गूंजा नशा विरोधी संदेश**
- **नशे के दुष्प्रभावों पर एएनटीएफ का जन जन जागरण अभियान तेज**
- **डीजीपी के निर्देश पर जनता को किया गया नशा मुक्त भारत के लिए जागरूक**

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस महानिदेशक यूपी राजीव कृष्ण द्वारा नशे के विरूद्ध राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने के लिए दिये गये निर्देश के क्रम में एएनटीएफ मुख्यालय द्वारा नशे के विरूद्ध जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया नुक्कड़ नाटक का आयोजन। भारत सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 12-26 जून के मध्य नशा मुक्ति जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक यूपी द्वारा नशे के विरूद्ध एक राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के क्रम में आज पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ के कुशल निर्देशन में एएनटीएफ मुख्यालय व लखनऊ यूनिट द्वारा जनता में नशे के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश से संभव सेवा समिति द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जो इमामबाड़ा नीबू पार्क के पास एवं चटोरी गली निकट 1090 चौराहे के पास सम्पन्न हुआ। एएनटीएफ के कर्मियों द्वारा सीधे जनता को हैण्डबिल के माध्यम से भी नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किया गया। पुलिस महानिदेशक यूपी द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम जिससे जनता को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जा सके, नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली फ्लाईट में तकनीकी खराबी

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ी 146 में रविवार सुबह तकनीकी खराबी आ गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। यह फ्लाइट सुबह 7:10 बजे चंडीगढ़ से रवाना होकर 8:30 बजे लखनऊ पहुंचनी थी। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, सभी यात्रियों की बोर्डिंग हो चुकी थी। विमान उड़ान के लिए तैयार था। पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। उन्होंने तुरंत एटीसी को सूचित किया। इसके बाद विमान को टेकऑफ की अनुमति नहीं दी गई। यात्रियों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारा गया। एयरलाइंस ने यात्रियों को दो विकल्प दिए, जो यात्री टिकट रिफंड चाहते थे, उन्हें पैसे वापस कर दिए गए। जो यात्री यात्रा करना चाहते थे, उन्हें दूसरी फ्लाइट में भेजा गया। फिलहाल इस उड़ान को रद्द कर दिया गया है। इंजीनियरों की टीम विमान की तकनीकी खराबी को ठीक करने में जुटी है।

## बाईक से आये तीन बदमाश, मोबाईल छीनकर फरार

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। घटना 3 जून 2025 की रात करीब 9 बजे की है। अमूल डेयरी पावर हाउस के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने युवक से नथिंग कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित की पहचान संदीप मिश्र के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के बीकापुर तहसील के हैदरगंज थाना क्षेत्र के भैरोपुर टिकरा के रहने वाले हैं। संदीप ने घटना की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। फिलहाल बदमाशों की पहचान नहीं हो पाई है।

## निजी स्कूल के बाउंसर ने गाड़ी पर ईंट से किया हमला

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** कृष्णानगर के हरीओम नगर में एक निजी स्कूल के बाउंसर द्वारा युवक की गाड़ी पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। रविवार शाम करीब 6 बजे की यह घटना है। पीड़ित तन्मय मिश्र अपनी गाड़ी से जा रहे थे। इस दौरान स्कूल में तैनात बाउंसर ने उनकी गाड़ी पर ईंट फेंक दी। जब तन्मय ने इसका विरोध किया, तो बाउंसर उन्हें धमकाने लगा। तन्मय ने स्कूल प्रबंधक मुकेश पटेल से इस घटना की शिकायत की। लेकिन प्रबंधक ने भी उनके साथ अभद्रता की। न सिर्फ यह, बल्कि उन्हें स्कूल से भी भगा दिया। पीड़ित ने कृष्णा नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधक और बाउंसर ने मिलकर साजिश के तहत यह कार्रवाई की। इंस्पेक्टर पी के सिंह के अनुसार, पीड़ित की शिकायत पर स्कूल प्रबंधक और बाउंसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## ग्राम्य विकास संस्थान में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन संस्थान के महानिदेशक एल० वेंकटेश्वर लू के संरक्षण एवं अपर निदेशक सुबोध दीक्षित के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर योग गुरु वेग राज सिंह द्वारा संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अपर निदेशक सुबोध दीक्षित ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह मनुष्य को दीघार्यु भी बनाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का संदेश देती है। अपर निदेशक ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन विधा का वैश्विक उत्सव है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। 2014 में योग दिवस की शुरूआत के बाद से विश्व भर में इसके लाभों की व्यापक स्वीकृति मिली है। उन्होंने योग को मनोभौतिक अनुशासन का ऐसा अद्भुत उपाय बताया, जो व्यक्ति की मानसिक कुंठाओं को समाप्त करने में सहायक है।

## मंत्री डॉ. बालियान के साथ किया वृक्षारोपण

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार नेविधानसभा क्षेत्र के ग्राम तुगलकपुर में स्थित काउ सेंचुरी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान भी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अनिल कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वृक्षारोपण के माध्यम से हम भावी पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण दे सकते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से न केवल पर्यावरण सुधरता है, बल्कि सामाजिक सहभागिता भी बढ़ती है।

# तीन सौ शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** शिक्षक जागरूक हों तो बच्चे की परेशानियों को भांप सकते हैं और कौशल को भी पहचान सकते हैं। स्कूलों में सैकड़ों बच्चों के बीच यह पहचान पाना मुश्किल है कि कौन सा बच्चा समय के साथ चल रहा है और कौन पिछड़ रहा है।

सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अपने स्कूलों में पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए लेक्साइल प्रोग्राम की शुरूआत की है। इसके जरिए बच्चों में पढ़ने की क्षमता में किसी तरह की कमी की पहचान की जाती है और उसमें सुधार के लिए कदम उठाए जाते हैं। शिक्षकों को जैपुरिया एनुअल ट्रेनिंग के दौरान बताया गया कि कैसे लेक्साइल प्रोग्राम में बच्चों का आकलन किया जा सकता है। करीब 300 शिक्षकों को इस प्रोग्राम के अलावा नई तकनीक को लेकर भी प्रशिक्षित किया गया। लेक्साइल प्रोग्राम वो तरीका है, जिसमें बच्चों को रीडिंग के जरिए उनकी स्थिति और समझ को परखा जाता है। कोई बच्चा क्लास में पिछड़ रहा हो तो शिक्षक को भनक लग जाएगी और फिर उस बच्चे पर ज्यादा ध्यान दिया जा सकेगा।

अगले दो सालों में प्रोग्राम को आठवीं तक के बच्चों तक ले जाने की तैयारी है। पिछले तीन सालों से चल रहे शिक्षकों के सालाना प्रशिक्षण का ये चौथा साल है। इसमें शिक्षकों के लिए विषय केंद्रित सत्र के साथ-साथ में पीओएसएच (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट) और पीओसीएसओ (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फॉर्म सेक्सुअल ऑफसेंस एक्ट) जैसे विषयों पर भी सेशन रखा गया।

इस मौके पर मौजूद आईआरएस अधिकारी राघव गुप्ता ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षा की दिशा में यह एक अहम कदम है। ग्रुप के आईटी निदेशक हरीश संदुजा ने कहा कि भविष्य के निर्माण के लिए शिक्षकों में ज्ञान-विज्ञान और बदलावों को पहुंचाने की कोशिश के परिणाम हमारे स्कूलों में भी दिख रहे हैं। शिखा बनर्जी ने कहा कि यह पहल शिक्षक, शिक्षण, नेटवर्किंग और पेशेवर विकास के लिए एक मंच बन गई है। तरुण चावला ने कहा कि शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने में ट्रेनिंग एक अहम कड़ी है।

## जस्ट डायल में नौकरी के नाम पर तीन लाख ठगे

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** कृष्णा नगर इलाके में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला से 3 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति अश्वनी कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी आशीष ध्यानी ने जस्ट डायल कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसने पीड़िता को बताया कि उसका ऑफिस गुड़गांव में है। पीड़िता ने अपने गहने बेचकर जनसेवा केंद्र के माध्यम से आरोपी के खाते में पैसे जमा कराए। आरोपी ने कुछ रकम क्यूआर कोड के जरिए प्रिया गुप्ता, अंकुर शर्मा और सतेंद्र सिंह के खातों में भी जमा करवाई। विश्वास जीतने के लिए आशीष ध्यानी ने 19 मई और 2 जून को लखनऊ के कृष्णनगर स्थित स्काई हिल्टन होटल में पीड़िता से मुलाकात भी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी आशीष ध्यानी तेलीबाग के कुम्हार मंडी का रहने वाला है। पीड़ित परिवार तुलसी बिहार जलालपुर राजाजीपुरम में रहता है।

# आजादी के बाद शिक्षा का स्वरूप अभी तक नहीं बदला



**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अवध प्रांत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, देश की शिक्षा अपनी संस्कृति,प्रकृति एवं प्रगति के अनुरूप बने विषय पर एक विमर्श का आयोजन लखनऊ के विपुलखंड गोमती नगर स्थित आर के मित्तल सभागार में किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद् एवं एस आर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान और अध्यक्षता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह संयोजक संजय स्वामी थे।

न्यास अवध प्रांत के संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता के बाद अपेक्षा थी कि देश की शिक्षा का स्वरुप भारतीय दृष्टिकोण से अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप होगा परन्तु ऐसा नहीं हुआ।

हमारा यह प्रयास मात्र छोटी मोती गलतियों के सुधार तक सीमित नहीं है बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश की भाषा, धर्म, संस्कृति, महापुरुषों, परम्पराओं आदि को अपमानित करने का जो षड्यंत्र चलाया जा रहा है उनको बेनकाब करके रोकने हेतु सफल एवं सार्थक प्रयास है। मुख्य अतिथि बोले कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने बहुत कम समय में देश की शिक्षा में आधारभूत परिवर्तन के सफल प्रयास किये हैं परन्तु, अभी बहुत कुछ करना शेष है। संजय स्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्य के अंतर्गत हमने देश भर में 400 से अधिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, परिचर्चाओं आदि को आयोजित करके सुझाव दिए गए अब शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं जो फलित होते हुए दिख रहे हैं।

# मोहर्रम को लेकर लखनऊ पुलिस हाई अलर्ट पर, शहर भर में बैठकें

## डीजीपी की कड़ी निगरानी और सख्त प्लानिंग तैयार

**लखनऊ, 22 जून (तरूणमित्र)।** मोहर्रम को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। प्रशासन की कोशिश है कि यह पर्व पूरी शांति, भाईचारे और सुरक्षा के माहौल में संपन्न हो। इसे लेकर शहर के अलग-अलग थानों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस लगातार बैठकों और निरीक्षणों का दौर चला रही है।

लखनऊ के थाना सआदतगंज, चौक, ठाकुरगंज, तालकटोरा, बाजारखाला, अमीनाबाद, कैसरबाग और गुडंबा समेत कई मुस्लिम बहुल और संवेदनशील इलाकों में पीस कमेटी की बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों में एसपी, डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी और धार्मिक-सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। बैठकों में आपसी संवाद और सहयोग के जरिए त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई है। पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि किसी भी तरह की अफवाह या तनाव की स्थिति में तुरंत पुलिस को जानकारी दें। मोहर्रम के जुलूसों के रास्तों पर ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पूरे रूट पर हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। हाई रिस्क क्षेत्रों में पीएसी, रैपिड एक्शन फोर्स, डायल 112 की क्विक रिस्पॉन्स टीम, और स्थानीय पुलिस बल को तैनात किया जाएगा।




अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए एक स्पेशल सोशल मीडिया मॉनिटरिंग यूनिट बनाई गई है। कोई भी भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट और धारा 151/107/116 के तहत कार्रवाई होगी। पुराने लखनऊ के इलाकों झ चौक, नक्खास, अमीनाबाद, हुसैनाबाद, रकाबगंज, ठाकुरगंज, बिल्लौचपुरा, और राजाजीनगर में मोहर्रम के दिन ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा। हर शाम मुस्लिम बहुल इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है ताकि जनता में सुरक्षा का भरोसा बना रहे।

पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि धर्म या समुदाय देखकर नहीं, बल्कि कानून के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई भी व्यक्ति – चाहे वह किसी भी धर्म से हो – सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करे, अफवाह फैलाए या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे, तो उस पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। डीसीपी सेंट्रल जोन और एसपी ट्रांसगोमती ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों ने जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाते हुए कहा है कि हर छोटी-बड़ी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इंटेलिजेंस विंग को भी सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी से पहले ही निपटा जा सके। पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मोहर्रम को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अफवाह को लेकर सतर्क रहें और ऐसी किसी भी जानकारी को तुरंत 112 या स्थानीय थाने पर साझा करें। पुलिस प्रशासन हर वक्त आपकी सेवा में तैयार है।